हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 26 सितंबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 134

www.koylanchalsamvad.com

मूल्य : 2 रुपए

YouTube Subscribe Koylanchal samvad news

राहुल बोले- जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड के लिए सड़क पर उतरेंगे:राज्य... | सरकारी बही खातों में पिछले 6 सालों में घटी बेरोजगारी... | पर्यावरण को स्वस्थ बनाकर ही मनुष्य-स्वास्थ्य संभव

## संक्षिप्त खबरें

### अब स्पैम कॉल्स पर लगेगा ब्रेक! एयरटेल ने लॉन्च किया एआई आधारित डिटेक्शन सिस्टम

**स्पैम** कॉल्स से परेशान स्मार्टफोन यूजर्स के लिए अच्छी खबर। भारती एयरटेल ने फर्जी कॉल्स और मैसेज पर रोक लगाने के लिए अपने नेटवर्क में एआई आधारित तकनीक लागू करने की योजना बनाई है। यह सुविधा रियल-टाइम में यूजर्स को संदिग्ध कॉल्स और एसएमएस की जानकारी देगी, और बिना किसी सर्विस रिक्वेस्ट या ऐप डाउनलोड के ऑटोमेटिकली एक्टिवेट हो जाएगी। कंपनी के सीईओ गोपाल विट्टल ने बुधवार को बताया कि यह नई तकनीक 26 सितंबर की आधी रात से शुरू होगी, जो उपयोगकर्ताओं को संभावित स्पैम कॉल्स और मैसेज के बारे में सचेत करेगी। विट्टल ने बताया, हमने कुछ महत्वपूर्ण संकेतकों के आधार पर फर्जी गतिविधियों में शामिल गिरोहों की पहचान की है। हमने एक एआई-सक्षम 'स्पैम डिटेक्शन' सिस्टम विकसित किया है, जो सिर्फ दो मिलीसेकंड में कॉल का विश्लेषण करता है और यूजर्स को डायलर पर तुरंत अलर्ट भेजता है।

### एशिया पावर इंडेक्स में जापान को पछाड़कर भारत तीसरे पायदान पर

आस्ट्रेलिया की एक विचारक संस्था द्वारा जारी वार्षिक 'एशिया पावर इंडेक्स' में जापान को पछाड़कर भारत तीसरे स्थान पर है। कोविड-19 के बाद मजबूत आर्थिक वृद्धि के कारण भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया है। सिडनी स्थित 'लोवी इंस्टीट्यूट' ने अपने 'एशिया पावर इंडेक्स' में 81.7 स्कोर के साथ अमेरिका को शीर्ष पर रखा है, उसके बाद 72.7 स्कोर के साथ चीन दूसरे, 39.1 स्कोर के साथ भारत तीसरे, 38.9 स्कोर के साथ जापान चौथे, 31.9 स्कोर के साथ ऑस्ट्रेलिया पांचवें और 31.1 स्कोर के साथ रूस छठे स्थान पर है। वार्षिक एशिया पावर इंडेक्स एशिया में राष्ट्रों की सापेक्ष शक्ति का आकलन करने के लिए संसाधनों और प्रभाव को मापता है। यह एक विश्लेषणात्मक साधन है जो 27 देशों और क्षेत्रों को उनके पास उपलब्ध संसाधनों और उन संसाधनों के इस्तेमाल के आधार पर रैंक करता है। इसका दायरा पश्चिम में पाकिस्तान, उत्तर में रूस और प्रशांत क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अमेरिका तक फैला हुआ है। 'एशिया पावर इंडेक्स' ने भारत के उत्थान के लिए आर्थिक विकास, भविष्य की क्षमताएं और कूटनीतिक प्रभाव को प्रमुख कारक बताया है। विचारक संस्था का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक पहचान मिली है।

### केंद्रीय मंत्री ने की घोषणा, यूपी में जल्द लगेगा सेमीकंडक्टर प्लांट

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने घोषणा की है कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग फैक्ट्री स्थापित की जाएगी। राज्य ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। यह जानकारी उन्होंने इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) के शिखर सम्मेलन में दी। केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के शीर्ष राज्यों में से एक होगा,



जो सेमीकंडक्टर उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इसे भारत का ग्रोथ इंजन माना जाएगा। मंत्री ने उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर संयंत्र पर जल्द काम शुरू किया जाएगा और यह राज्य उन गिन-चुने स्थानों में शामिल होगा, जहां सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां स्थापित होंगी। भारत और अमेरिका ने हाल ही में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है, जिससे भारत में इस उद्योग का विकास होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के साथ चिप निर्माण के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जो टेक्नोलॉजी के विकास और उसके उपयोग पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर भारत को डिजिटल इंडिया बनाने के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए काफी अहम है। सरकार की योजना है कि टेक्नोलॉजी का फायदा दूर-दराज के गांवों तक पहुंचे, जिससे डिजिटल डिवाइड कम हो सके। सेमीकंडक्टर विकास के लिए सहयोग और साझेदारी महत्वपूर्ण है और भारत-अमेरिका संबंध का दूरगामी प्रभाव दिखाई देगा।

# सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, मांगा 1 लाख 36 हजार करोड़, कहा- हक के लिए कुर्बानी मंजूर

**रांची** : झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी को सीएम ने सोशल मीडिया X पर जारी किया है, जिसमें लिखा है-'राज्य का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए दे दीजिए। यह हमारा हक है।' चिट्ठी में यह भी लिखा है कि 'झारखंडियों का हक मांगों तो जेल में डाल देते हैं, पर हम अपने हक के लिए हर कुर्बानी देने के लिए तैयार है।'



### हेमंत सोरेन बोले- हम स्पेशल स्टेटस नहीं मांग रहे

हेमंत सोरेन ने ट्वीट कहा कि हम भाजपा के सहयोगी राज्यों की तरह स्पेशल स्टेटस नहीं मांग रहे, न ही हम कुछ राज्यों की तरह केंद्रीय बजट का बड़ा हिस्सा मांग रहे हैं. हमें बस हमारा हक दे दीजिए, यही मांग है. हम अपने बकाये के 1 लाख 36 हजार करोड़ से झारखंड को विकास के नए पथ पर ले जाएंगे. ऐसा विकास जो हमारे पर्यावरण, आदिवासी/मूलवासी एवं हर एक झारखंडी समुदायों के हितों की रक्षा करें. हम शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करेंगे, ताकि हमारे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके. हम अपनी भाषा और संस्कृति को और बेहतर संरक्षण करेंगे, ताकि हमारी पहचान बनी रहे. हम हमारे युवाओं को रोजगार के नए आयाम उपलब्ध करायेंगे और उसके आभाव में उन्हें उचित भत्ता देंगे.

### केंद्र सरकार जल्द फैसला करें

हेमंत ने पीएम मोदी से आग्रह किया है कि हमारे हक और पैसों पर केंद्र सरकार जल्द फैसला करें और झारखंड के विकास में बाधा न बने, बल्कि सहयोगी बने। हम अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे, चाहे इसके लिए कितनी भी कठिनाइयों का सामना करना पड़े। झारखंड की धरती पर जन्मे हर व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह अपने राज्य के हितों की रक्षा करे और हम एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएंगे।

### क्या लिखा है अपने पत्र में

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में पीएम मोदी को कहा "जैसे कि आपको ज्ञात हो, झारखंड का रेवेन्य मुख्य रूप से यहां के खनिज संसधानों पर निर्भर है". मैंने पहले आपको इस बारे पत्र के माध्यम से जानकारी दे दी थी कि इन संसाधनों का मुख्य बकाया साल 2022 तक 1 लाख 36 हजार करोड़ है. इसमें 29 सौ करोड़ रुपये का रॉयल्टी सिर्फ कोयला का है. उन्होंने इसके लिए हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये आदेश का भी हवाला दिया है.

**आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के चौथे फेज का भोगनाडीह में समापन**

## सीएम हेमंत सोरेन की अपील- चुनाव में पैसा-कौड़ी, हड़िया-दारू लेकर आए तो पकड़कर पुलिस को सौंपे

**रांची/साहिबगंज:** भगवान बिरसा मुंडा की धरती उलीहातू से शुरु आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के चौथे फेज का आज शहीद सिद्धो-कान्हो की जन्मस्थली भोगनाडीह में समापन हो गया. खराब मौसम के कारण रांची स्थित अपने आवास से वर्चुअल प्लेटफॉर्म से जुड़कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित किया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 311.84 करोड़ की 264 योजनाओं का शिलान्यास और ऑनलाइन उद्घाटन किया. सीएम हेमंत ने कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और भाजपा पर जमकर निशाना साधा.



मुख्यमंत्री आवास | भोगनाडीह, बरहेट

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इन दिनों डेमोग्राफी की खूब बात हो रही है. लेकिन सच यह है कि झारखंड की डेमोग्राफी में कोई बदलाव नहीं हुआ है. भारत सरकार का आंकड़ा निकाल लें. बंगाल का आंकड़ा देख लें. अलग अलग जिलों का आंकड़ा निकाल लें. फिर भी ये घुसपैठियों की बात करेंगे. हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई की बात होगी. मंदिर-मस्जिद में प्रतिबंधित पदार्द फेंककर तनाव फैलाने की कोशिश होगी. ऐसा करने वालों को पकड़कर पुलिस को सौंपना है. अगर नहीं लड़ेंगे तो ये व्यापारी हमें अंग्रेजो की तरह यहां-वहां फेंक देंगे. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इनलोगों ने अभी झारखंड के कुछ नेताओं को खरीदकर अपने पाले में कर लिया है. इनको अमन चैन पसंद नहीं है. चुनाव होने जा रहा है. इसलिए ये लोग पैसा कौड़ी, हड़िया दारू लेकर घुसेंगे. ऐसे लोग दिखेंगे जिनको आपने कभी झारखंड में नहीं देखा है. सीएम ने कहा कि आरएसएस के लोग चूहा की तरह अंदर अंदर घुसकर समाज को तोड़ेंगे. ऐसे समय में सावधान रहने की जरुरत है.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि ये झारखंड के लोगों को, यहां की सरकार को कोस रहे हैं. लेकिन असम में गए आदिवासी भाईयों की कोई मदद नहीं की . उन्हें आदिवासी का दर्जा नहीं दिया. उनको भूखों मरने के लिए मजबूर किया. उनसे भी सवाल करेंगे कि क्यों हक-अधिकार नहीं दिया जा रहा है. आदिवासी धर्म कोड क्यों नहीं दिया जा रहा है. सीएम हेमंत ने कहा कि झारखंड में लंबे समय तक डबल इंजन की सरकार रही. फिर भी महिला समूह को 600 करोड़ दिया. हमारी सरकार ने सिर्फ चार साल में महिला समूहों के बीच 10 हजार करोड़ बांटा है. कहीं दौड़, लिखित परीक्षाएं हो रही हैं. हजारों नियुक्तियां पाइपलाइन में हैं. आचार संहिता लगने के बाद काम करने में पाबंदी होगी. उन्होंने संथाली भाषा में सर्वजन पेंशन योजना, मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना का जिक्र करते हुए लोगों से संवाद किया.

## पूर्व सीएम चंपाई ने अपने कारकेट के सभी वाहनों को वापस किए

**रांची:** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने अपने कारकेट में शामिल सभी वाहनों को वापस कर दिया है. जानकारी के अनुसार, सरकार ने पूर्व सीएम चंपाई सोरेन से तीन गाड़ियां मांगी थी. इस पर चंपाई सोरेन ने नाराजगी जताते हुए कारकेट की सभी गाड़ियां वापस कर दी. बताते चलें कि चंपाई सोरेन को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है. चंपाई सोरेन ने कहा कि मेरे साथ सरकार इतना उत्पीड़न कर रही है तो राज्य की जनता के साथ सरकार का व्यवहार कैसा होगा, आप समझ सकते हैं.



### चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार पर बोला हमला, कहा-जिस योजना के लिए छाती ठोक रहे हैं उसे मैंने लाया

**सरायकेला** : आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा निकाल रही है. इसी क्रम में आज सरायकेला में बीजेपी ने परिवर्तन यात्रा निकाली. इस दौरान पूर्व सीएम और बीजेपी नेता चंपाई सोरेन ने कहा कि रैली में मौजूद भीड़ यह संकेत दे रही है कि परिवर्तन निश्चित होगा. आदिवासी और मूलवासियों को फिर से अमन-चैन से जीने का मौका मिलेगा. चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में संघर्ष करने के बाद पांच महीने तक सत्ता संभालने का मौका मिला. केलेन्डर बनाकर आईने की तरह योजनाओं को स्वीकृत किया. चंपाई ने मंईयां सम्मान योजना पर बोला कि आज जिस योजना के नाम सरकार छाती ठोकती है उसे मैंने लाया था. चाहे बहाली हो या फ्री में बालू देना यह सारे मेरे काम थे. संताल परगना की धरती में 1855 में सिदो कान्हू ने तीर के नोक से संताल परगना बनाया और कास्तकारी अधिनियम बनाया.

### आदिवासियों का अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा

चंपाई ने झामुमो को घेरते हुए बोला कि आज आदिवासियों के अस्तित्व संकट में आ गया है. संताल परगना के लोगों ने ब्रिटिश सामराज्यवाद को स्वीकार नहीं किया लेकिन आज उसी धरती में बांग्लादेशी घुसकर जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और सामाजिक व्यवस्था को तोड़ रहे हैं. इस घुसपैठ को सिर्फ बीजेपी ही रोक सकती है इस लिए मैंने एक क्षेत्रीय पार्टी से निकल कर बीजेपी में शामिल हुआ.

### बीजेपी ही बांग्लादेशियों को भगा सकती है बाहर

चंपाई ने कहा कि बांग्लादेशियों को अगर कोई भगा सकता है तो वह बीजेपी ही है. कोई और राजनीतिक दल यह लड़ाई नहीं लड़ सकती है. आदिवासियों की अस्मिता को दूसरा कोई दल नहीं बचा सकता है.

### कांग्रेस ने आदिवासियों के बारे में नहीं सोचा

चंपाई सोरेन ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस ने देश में लंबे समय तक राज किया. लेकिन आदिवासियों और मूलवासियों के बारे में कभी नहीं सोचा. झारखंड को अलग राज्य बनाना बीजेपी की ही देन है. बीजेपी ने आदिवासी और मूलवासी के दर्द को समझा और देश में तीन नए राज्य बनाए.

### जल्द आंठवी अनुसूची में शामिल होगी हो भाषा

चंपाई ने हो भाषा का जिक्र करते हुए कहा कि ओलचीकी भाषा को आंठवी अनुसूची किया गया है. हो भाषा को भी जल्द ही आठवी अनुसूची में शामिल किया जाएगा. इसके लिए गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है. देश में वारंग शिति लिपि को शामिल करने का भी आश्वासन दिया है.

## झारखंड के चीफ जस्टिस बने एमएस रामचंद्र राव:राज्यपाल संतोष गंगवार ने दिलाई शपथ

**रांची:** हिमाचल प्रदेश के चीफ जस्टिस रहे एमएस रामचंद्र राव अब झारखंड के चीफ जस्टिस होंगे। केंद्र सरकार ने शनिवार को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में उनकी अधिसूचना जारी की है। आज राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। वे राज्य के 16वें चीफ जस्टिस होंगे। झारखंड में 19 दिसंबर 2023 से चीफ जस्टिस का पद रिक्त था। फिलहाल जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में काम कर रहे थे। शपथ ग्रहण के बाद अब एमएस रामचंद्र राव जिम्मेदारी संभालेंगे।



न्याय क्षेत्र से जुड़ा है परिवार

झारखंड के नए चीफ जस्टिस का नाम ममिदान्ना सत्या रत्ना रामचंद्र राव है। इनका पूरा परिवार न्याय क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। इनके पिता न्यायमूर्ति एम जगन्नाथ राव सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश थे। वहीं इनके दादा आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे हैं। न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव को साल 2012 में 29 जून को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में प्रोमोट किया गया था। इसके बाद वर्ष 2021 में 31 अगस्त को वे तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त हुए। झारखंड आने से पहले वह हिमाचल प्रदेश के चीफ जस्टिस की भूमिका निभा रहे थे। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव लॉ की पढ़ाई में गोल्ड मेडिलिस्ट रहे हैं। उन्होंने साल 1989 में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, उस्मानिया यूनिवर्सिटी, हैदराबाद से एलएलबी पास किया है। इस परीक्षा में सबसे अधिक अंक हासिल करने के लिए सीवीएसएस आचार्युलु गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था। लॉ करने से पहले उन्होंने उस्मानिया यूनिवर्सिटी से गणित में बीएससी (ऑनर्स) किया। इसमें उन्होने टॉप किया है। बतौर एडवोकेट साल 1989 में नामांकन हुआ। उन्होंने साल 1991 में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की।

## जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक का मामला पहुंचा हाईकोर्ट, सीबीआई जांच के लिए पीआईएल

**रांची:** इस वर्ष 28 जनवरी को हुई जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के दौरान हुए पेपर लीक की जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है. हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर मांग की गई है कि पेपर लीक मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच की जाए. क्योंकि पुलिस की एसआईटी की जांच अब तक सार्वजनिक नहीं हुई और न ही उस जांच में सभी तथ्य सामने आए हैं. अब तक इस जनहित याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है. दरअसल राज्य सरकार ने जनवरी महीने में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा ली थी, जिसमें पेपर लीक का मामला सामने आया था. जिसके बाद पुलिस ने इस मामले की जांच की थी. पेपर लीक मामले की जांच के लिए तीन डीएसपी समेत सात पुलिस अधिकारियों की एसआईटी गठित की थी. एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट भी कोर्ट में सौंप दी है. उल्लेखनीय है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 28 जनवरी को आयोजित कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल एग्जाम (एसएससी-सीजीएल) की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था. इसके बाद आयोग ने पहले थर्ड पेपर यानी सामान्य ज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी थी. अभ्यर्थियों के हंगामे के बाद आयोग को तीनों पत्रों की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी. एसएससी-सीजीएल की इस परीक्षा के जरिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 2025 पदों पर नियुक्ति की जानी थी. इसके लिए साढ़े छह लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था.

## मोदी बोले-कांग्रेस आई तो हरियाणा को बर्बाद कर देगी: कर्नाटक-हिमाचल में ये आपस में लड़ रहे; कश्मीर में आतंक-अलगाववाद को हवा देना चाहते हैं

**गोहाना (सोनीपत):** हरियाणा चुनाव को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सोनीपत के गोहाना में रैली की। मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार आई तो हरियाणा को बर्बाद कर देगी। कांग्रेस में सिर-फुटौव्वल मचा हुआ है। कर्नाटक में इनके सीएम और डिप्टी सीएम लड़ रहे हैं। यही हाल हिमाचल और तेलंगाना में है। यहां कांग्रेस को लाने का मतलब हरियाणा के विकास को दांव पर लगाना है। प्रधानमंत्री ने 10 साल पहले पहले सीएम भूपेंद्र हुड्डा की अगुआई वाली कांग्रेस सरकार के वक्त दलितों पर अन्याय का मुद्दा उठाया। इसके अलावा बिना नाम लिए सिरसा सांसद कुमारी सैलजा के साथ कांग्रेस में हो रहे व्यवहार पर भी सवाल खड़े किए। मोदी ने कहा कि कांग्रेस आतंक और अलगाववाद को हवा देना चाहती है। कांग्रेस को शांति पसंद नहीं, इसलिए जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को वापस लाना चाहती है। पीएम ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार को पालने-पोसने वाली बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार देश में सबसे भ्रष्ट है। कांग्रेस ने जहां कदम रखा, वहां करप्शन और भाई-भतीजावाद पक्का है। मोदी ने कहा कि हरियाणा के युवाओं और किसानों का भविष्य बीजेपी सरकार में ही सुरक्षित है। पिछले 10 साल में यहां की सरकार पर भ्रष्टाचार के कोई आरोप नहीं हैं। मोदी बोले कि किसानों के फायदे के लिए विदेश से आयात होने वाले तेल पर टैक्स लगा दिया है।



### पीएम की दूसरी रैली जाटलैंड में, यह हुड्डा का गढ़

पीएम की यह रैली हरियाणा के जाटलैंड में हुई। जिसे पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा का गढ़ माना जाता है। इस इलाके में हार-जीत का फैसला जाट वोटर करते हैं, इसी वजह से भाजपा ने पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए उनकी रैली रखवाई थी। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों पर 5 अक्टूबर को होने वाली वोटिंग को लेकर यह प्रधानमंत्री की दूसरी रैली थी। इससे पहले वे 14 सितंबर को कुरूक्षेत्र में आ चुके हैं। इसके बाद हिसार और पलवल में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली होनी है।

### मोदी बोले- लगातार तीसरी बार हरियाणा में कमल खिलाना है

हरियाणा भाजपा का संकल्प पक्की गारंटी होता है। भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। हरियाणा में भी हर वायदे तेजी से जमीन पर उतरकर रहेंगे। आपके घर तक पहुंचेंगे, इसलिए पांच अक्टूबर को हमारे इन सभी उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाना है। लगातार तीसरी बार हरियाणा में कमल खिलाना है।

### कांग्रेस ने कभी बेटियों की चिंता नहीं की

कांग्रेस ने 60 साल देश पर राज किया लेकिन उसे कभी देश की बेटियों की चिंता नहीं हुई। जब मैं आया तब मैंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया, जिससे हरियाणा को फायदा हुआ। पहले 1000 बेटों पर 866 बेटियां थी, लेकिन अब 1000 पर 914 बेटियां हैं। हरियाणा भाजपा नारी शक्ति को और सशक्त करने के लिए और अच्छा काम कर रही है।

### कांग्रेस ने कर्नाटक में दलितों के फंड में घोटाला किया

मुझे खुशी है, कि हरियाणा के लोग इतने समझदार हैं, जितने ये समझते हैं, उतना कोई नहीं समझता है। इसलिए हरियाणा में वही सरकार बनती है, जिसकी दिल्ली में सरकार होती है। इसकी हरियाणा के लोगों को बराबर समझ है। साथियों जैसी स्थिति कांग्रेस ने बनाई थी, जरा देखिए कर्नाटक में क्या हाल है। वहां के मुख्यमंत्री पर जमीन घोटाले के आरोप लगे हैं, जब इसकी जांच शुरू हुई तो वहां के मुख्यमंत्री हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट ने उन्हें डंडा मारा जांच के आदेश सही है, जांच होनी चाहिए।

## कल्पना की दहाड़, हेमंत को जेल भेजने वालों को सबक सिखाने का आ गया है समय

**लातेहार:** मंईयां सम्मान यात्रा बुधवार को लातेहार पहुंची. इस यात्रा के दौरान लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित कार्यक्रम में विधायक कल्पना सोरेन जम कर दहाड़ी. उन्होंने मइयां सम्मान योजना पर चर्चा करने के साथ-साथ लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को जेल भेजने वालों को सबक सिखाने का समय आ गया है. दरअसल मंईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम के तहत झारखंड की मंत्री बेबी देवी और दीपिका सिंह पांडे के साथ विधायक कल्पना सोरेन भ्रमण पर निकली हैं. इसी क्रम में लातेहार में आयोजित कार्यक्रम को कल्पना सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड की बेटियों, बहनों और माता को सम्मान देने का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने काम किया है. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड के विकास के लिए जो कार्य किया है वह अपने आप में मिसाल है. परंतु कुछ बहुरूपिए इस समय झारखंड का दौरा कर आप लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास में



जो लोग बाधक हैं, उन लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में भेज कर झारखंड के विकास को बाधित करने का कार्य किया था. अब समय आ गया है कि ऐसे लोगों को जनता सबक सिखाए.

मौके पर झारखंड की महिला बाल विकास मंत्री बेबी देवी, शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम और कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने भी कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड में ऐसा माहौल तैयार किया है. जहां बेटियों को जन्म से लेकर बुढ़ापे तक किसी न किसी रूप से सरकारी योजना का लाभ मिलेगा. मंत्रियों ने कहा कि यदि विरोधियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत जेल नहीं भेजा होता तो आज झारखंड में कई अन्य विकास योजनाएं धरातल पर उतर चुकी होती.

## बरकट्ठा विधायक ने किया विकास योजना का शिलान्यास



संवाददाता सहबाज़ खान

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरकंनगांगों में विधायक अमित कुमार यादव ने बुधवार को विकास योजना का शिलान्यास किया। विधायक ने बनने वाली सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। सड़क निर्माण कार्य मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत चार करोड़ 12 लाग रुपये की लागत से शिव लिंगम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कराया जाएगा। उक्त सड़क बरकंनगांगों से भाया श्मशानघाट बनपुरा होते हुए गैड़ा हाई स्कूल तक जोड़ेगी। मिस मौके पर विधायक अमित यादव ने कहा कि वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके बन जाने से बरकट्ठा जाने में दूरी कम होगी साथ ही आवागमन में सहुलियत होगी।उन्होंने संवेदक से सड़क का कार्य गुणवत्ता पूर्ण करने की नसीहत दी। कहा कि सड़क अच्छा से बने यह सुनिश्चित करें।प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों कि सड़कों को बनाकर एक दूसरे गांव को जोड़ा जा रहा है।मौके पर मुखिया बसंती देवी, उपमुखिया दुलारचंद पासवान, बेड़ोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रामेश्वर यादव, इंद्रदेव यादव, सरयू प्रसाद, तुलसी चौधरी, रतन पासवान, रामचंद्र सिंह, राजकुमार मंडल, गंगाधर रजक, ध्रुव नारायण मोदी, नंदलाल पासवान, गणेश ओझा,उमेश राम, बुंदीलाल यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## नुक्कड़-नाटक के माध्यम से कलाकारों ने सरकार के जन कल्याण योजनाओं कि दी जानकारी



ओरमांझी(मोहसीनआलम):उपायुक्त-सह -जिला दंडाधिकारी,रांची के जिला जन संपर्क विभाग के सौजन्य से जन सेवी संगठन प्रगति परिषद के कलाकारों द्वारा ओरमांझी बाजार टांड़,शास्त्री चौक,चुटुपालू और गांगुटोली,ओरमांझी में नुक्कड़ नाटकों एवं नृत्य- संगीत और गीतों के माध्यम से जन-जागरण अभियान-2024 चलाया गया।जिसमें राज्य व केंद्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा कल्याणकारी योजनाओं को सम्मिलित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से खाद्य सामग्री गारंटी योजना,मुख्य मंत्री मईया योजना,मुख्य मंत्री रोज़गार सृजन योजना,सावित्री बाई फूले योजना,मुख्य मंत्री फूलो-झानो योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया। कलाकारों में दिलेश्वर महतो,रोहिल कुमारी,सरिता देवी,देवेन्द्र साहु,कृष्ण कुमार नायक,चरकू विश्वकर्मा,राम किशुन बेदिया,स्वयं प्रकाश एवं सुनील नायक शामिल थे। इस संबंध में महासचिव शैलेन्द्र मिश्र ने बताया कि परिषद के इस कार्यक्रम का मकसद है कि जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को गीत- संगीत एवं नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को सरकार के नई-नई योजनाओं से लाभ उठाने के लिए जागरूक और प्रेरित करना है। ताकि समाज अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठा सके।

## इनर व्हील क्लब ने रेलवे विभाग के साथ स्वच्छता अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया



जमशेदपुर । इनर व्हील क्लब ने स्वच्छता अभियान और अंतरराष्ट्रीय विश्व शांति के लिए जमशेदपुर रेलवे विभाग के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण पहल की। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने विश्व शांति की शपथ ली और पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए रेलवे स्टेशन पर सुंदरीकरण का कार्य किया। विभिन्न प्रकार के पौधे गमलों में सजाकर उपहार के रूप में रेलवे विभाग को भेंट किए गए, जिससे स्टेशन का वातावरण अधिक हराभरा और आकर्षक बन सके। इस कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष सारिका सिंह, आईएसओ विद्या तिवारी, अर्चना सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित थे। रेलवे की ओर से स्टेशन निर्देशक श्री ए एल राव, स्टेशन निरीक्षक ओपी शर्मा, जीके मांझी, कमर्शियल इंस्पेक्टर शशि कुमार और वाणिज्य उपाधीक्षक पिंकी महतो ने भी इस अभियान में भाग लिया।

## सुकुरहुटू पंचायत भवन में राष्ट्रीय पोषण दिवस धूमधाम से मनाया गया




कांके(मोहसीनआलम):सुकुरहुटू उत्तरी पंचायत सचिवालय में बुधवार क़ो राष्ट्रीय पोषक दिवस धूमधाम से मनाया गया,प्रोग्राम क़ो करने में बंधन कोणनगर,बंधन बैंक का सराहनीय योगदान रहा, यह प्रोग्राम बंधन हेल्थ प्रोग्राम सुकुरहुटू शाखा और पिठोरिया शाखा दोनों ने मिलकर आयोजित किया था,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन रांची डॉक्टर प्रभात कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड उप प्रमुख अजय बैठा एमआईओसी अस्पताल कांके के प्रिल मिनजा,मुखिया राम लखन मुंडा शामिल हुए, जहां मुख्य अतिथि सिविल सर्जन रांची ने उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण दिवस बनाकर महिलाएं आज खुद को और दूसरों को पोषण के प्रति जागरुक कर रही हैं यह काफी सराहनीय कार्य है,वहीं उन्होंने कहा कि दिनों दिन लोग बीमार पड़ रहे हैं,जिसका मुख्य कारण सही तरीके से खानपान नहीं करना है, बीमारी से बचने के लिए शुद्ध और स्वच्छ खानपान करने की आवश्यकता हैं,जिस तरह इंजन को चलने के लिए पेट्रोल की जरूरत होती है,वैसे ही हमारे शरीर को कार्य करने के लिए आहार की जरूरत होती है. लेकिन शरीर स्वस्थ व निरोगी रहे, हर आयु में उसका विकास सतत रहे तथा शरीर के सभी तंत्र व प्रणालियां सही तरह से कार्य करें, इसके लिए बहुत जरूरी है शरीर को जरूरी मात्रा में पोषण मिलता रहे. शरीर के लिए पोषण की अहमियत के बारें में सभी जानते हैं लेकिन अलग-अलग कारणों से बहुत बड़ी संख्या में लोग विशेषकर बच्चे जरूरी मात्रा में पोषण ग्रहण नहीं कर पाते हैं और कुपोषण का शिकार हो जाते हैं.गांव समाज की महिलाएं भी खानपान में सही तरह से ध्यान नहीं देती हैं जिन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है,वहीं उन्होंने लोगों से अपील किया कि हरी साग सब्जी खाएं, बासी भोजन कभी ना करें,फास्ट फूड खाने से खुद को और अपने बाल बच्चों को बचाएं,इस अवसर पर मुख्य रूप से गौरीशंकर प्रनापती,डॉक्टर विजय कुमार तथा सहिया सेविक और सौमेन रॉय,पैरा ऑर्डिनेटर देवाशीष पात्रा तथा हेल्थ प्रोग्रामर डीटी स्टॉफ संचिता हालदार , पुतुल आचार्य पिनकी के नायक, तायबा खातून पाबिता बोरमान एंड अनीता देलकी सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

# चतरा जिले में खाद्य सामग्री में मिलावट करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध जिला प्रशासन सख्त 06 के ऊपर हुई कार्रवाई

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराःजिले में खाद्य सामग्री में मिलावट करने वाले दुकानदारों के उपर न्यायालय अपर समाहर्त्ता-सह-न्याय निर्णयन अधिकारी, चतरा के द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं के तहत 06 (छः) कारोबारीयों के उपर गिरी गाज जिसमें न्यायालय द्वारा खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-02/2023-24 में एफएसएस एक्ट 2006 की धारा 54 के तहत जयसवाल स्वीट्स, प्रो०- संजीत जयसवाल, मेन रोड़, चतरा के उपर 95000.00 (पंचानवें हजार) रूपये, खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-04/2023-24 में राज्य बनाम् मे० आनन्द होटल प्रो०- मोहन साव ब्रह्मपुर मोड़ गिद्धौर, के उपर 2,50,000.00 (दो लाख पच्चास हजार) रूपये, खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-06/2023-24 में श्री राम मिष्ठान प्रो० गौतम कुमार हण्टरगंज, चतरा के उपर 80,000.00 (अस्सी हजार) रूपये, खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-07/2023-24 में शिव मिष्ठान भण्डार प्रो० पियुष कुमार गुप्ता हण्टरगंज, चतरा के उपर 80,000.00 (अस्सी हजार) रूपये, खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-08/2023-24 में कावेरी स्वीट्स प्रो० राजीव कुमार पिता- नरसिंह प्रसाद सिंह गुदरी बाजार, चतरा के उपर 2,50,000.00 (दो लाख पच्चास हजार) रूपये तथा खाद्य संरक्षा एवं मानक वाद संख्या-10/2023-24 में गुनगुन स्वीट्स प्रो०- संजय प्रसाद टण्डवा, चतरा के उपर 2.50,000.00 (दो लाख पच्चास हजार) रूपये जुर्माना के रूप में अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। उपरोक्त सभी खाद्य विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि अर्थ दण्ड की राशि सात दिनों के अंदर चालान के माध्यम से संबंधित शीर्ष में जमा करते हुए अपर समाहर्त्ता-सह-न्याय निर्णयन अधिकारी, चतरा को सूचित करेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

बताते चले की खाद्य संरक्षा पदाधिकारी, राजेश कुमार शर्मा द्वारा बुधवार को विभिन्न दुकानों प्रतिष्ठानों की छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें दुकानों में बनने वाले खाद्य पदार्थ की जाँच हेतु संग्रहित किये गए नमूने को खाद्य प्रयोगशाला में जाँच हेतु भेजा गया था जिसमें उल्लेखित मिष्ठान भण्डार के खाद्य पदार्थों में मिलावट पाया गया। जौचोपरान्त न्यायालय अपर समाहर्त्ता-सह-न्याय निर्णयन अधिकारी, चतरा के द्वारा मिलावट करने वाले दुकानदारों के उपर अर्थ दण्ड की राशि जमा करने का आदेश दिया गया है।

ज्ञातव्य हो कि जिले में खाद्य सामग्री में मिलावट करने वाले दुकानदारों के उपर प्रशासन पूरी तरह से शख्त है, जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है, किसी भी सूरत में खाद्य सामग्री में मिलावट करने वाले दुकानों एवं मिष्ठानों खरीद बिक्री करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। खाद्य सामग्री में मिलावट के कारण मिलावटी सामग्री खाने से खाद्य विषाक्त में खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## तेतरी चंद्रवंशी फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित तेतरी चंद्रवंशी फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आरसीयू के चांसलर डॉ ईश्वर सागर चंद्रबंशी,कुलपति डॉ कल्याण कुमार,फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य उदयचंद्र अग्रहरी व एचओडी मुकेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कॉलेज कर्मियों व छात्र-छात्राओं को विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि यह दिन दुनिया भर के फार्मासिस्ट को समर्पित होता है। फार्मासिस्ट फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट बनाते हैं। प्रोडक्ट के तरीके विकसित करते हैं और क्वालिटी कंट्रोल जैसे कार्य करते हैं। दवा का रिसर्च भी करते हैं। उन्होंने कहा कि आपकी सोच और समझ ही आपको आगे लेकर जाता है। जन कल्याण के लिए आपको रिसर्च कर के देश सहित विश्व में अपना नाम रौशन करने की जरूरत है। कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने कहा कि यह दिवस मना कर हम उन सभी फार्मासिस्ट को यह संदेश देते हैं कि वह हमारे लिए कितने जरूरी है। प्राचार्य उदयचंद्र अग्रहरी ने कहा कि आज का दिन फार्मासिस्ट को समर्पित करने और उन्हें सम्मान देने का है। उनके योगदान को उजागर करने हेतु ही विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन अंकिता कुमारी व अविनाश कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर इदरीश हवारी,प्रो विधु भूषण,राहुल कुमार सिंह,आलोक कुमार,आदित्य कुमार,नित्यानंद कुमार,रामशिला कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।



## ग्राम प्रधानों के दो दिवसीय प्रशिक्षण में पहुँची पंचायती राज के निदेशक निशा उरांव

ओरमांझी(मोहसीनआलम):ओरमांझी प्रखंड कार्यालय सभागार में ग्राम प्रधानों का पंचायती राज विभाग की ओर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंचायती राज विभाग के डायरेक्टर निशा उरांव शामिल हुए,और सभी ग्राम प्रधानों को अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम प्रधानों/ ग्राम सभा की क्या शक्तियां है उसको कैसे सशक्त किया जाए उसे संदर्भ में विस्तार पूर्वक बताएं और मैडम ने यह भी कहा कि झारखंड में जल्द ही पेसा कानून लागू किया जाएगा जिसका नियमावली बन चुकी है विधि विभाग में अनुमति के लिए नियमवाली भेजी जा चुकी है जल्द ही स्वीकृत होने की संभावना है इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट झारखंड उच्च न्यायालय भी झारखंड सरकार को पेसा कानून लागू करने के लिए निर्देश दिए हैं तथा मैडम यह भी कहा की बहुत सा शक्तियां पावर ग्राम प्रधानों अर्थात ग्राम सभा को दी जा रही है इस प्रशिक्षण के दौरान ग्राम प्रधान महासंघ प्रदेश अध्यक्ष सह ग्राम प्रधान मास्टर ट्रेनर रमेश उरांव ने शामिल सभी ग्राम प्रधानों को बताएं कि अनुसूचित क्षेत्र में पेसा अधिनियम 1996 कानून के तहत ग्राम सभा की अध्यक्षता सिर्फ और सिर्फ परंपरागत ग्राम प्रधान करेगी और गैर अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा की अध्यक्षता निर्वाचित मुखिया करेंगे ऐसा नियम पूर्ण रूप से लागू है। परंतु अफसर शाही हावी है जिसके कारण ग्राम प्रधानों एवं मुखिया को बरगलाकर आपस में लड़वाया जाता है जिसके कारण सभी विकास कार्यों में बाधित हो रहा है इसको सुधार करने की आवश्यकता है। इस प्रशिक्षण के दौरान पंचायती राज विभाग के डायरेक्टर निशा उरांव ग्राम प्रधान के अध्यक्ष रमेश उरांव विभाग के पदाधिकारी सौरभ कुमार प्रशिक्षक अनिल कुमार भगत प्रोफेसर प्रेमनाथ मुंडा मनी मुंडा बालक पहान शंकर उरांव मनसा उरांव सुखराम पहान बालेश्वर उरांव रंजीत मुंडा इत्यादि ओरमांझी प्रखंड के राजस्व ग्राम के कई ग्राम प्रधान शामिल थे।



## मानगो उलीडीह में 11000 वोल्ट का तार गिरा , साइकिल सवार बालक बाल बाल बचा

जमशेदपुर । मानगो उलीडीह बिरसा रोड में आज बड़ी घटना घटते घटते बच गई । घनी आबादी वाला आदिवासी बहुल क्षेत्र बिरसा रोड से गुजरे 11000 वोल्ट की जर्जर हुई बिजली की तार टूट कर गिर गई । तार के गिरने के बाद भी काफी अधिक समय तक तार में बिजली की धारा प्रभावित रही । स्थानीय लोगों के प्रयास से बड़ी घटना घटने से बच गई । तार गिरने से सड़क में छोटी साइकिल चला रहा आठ वर्षीय बालक अनिकेत बाल बाल बच गया , लेकिन बिजली का धमाका इतना तेज था कि वह साइकिल से गिर गया उसकी साइकिल तार के चपेट में आ गई , लेकिन वह तार से दूर गिरा जिससे उसकी जान बच गई । तार गिरने की सूचना अनिकेत के पिता कन्हैया पटवा ने भाजपा नेता विकास सिंह को दिया । सूचना मिलते ही मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह को कन्हैया पटवा ने बताया कि तेज धमाका के साथ तार टूट कर नीचे गिर गया , जिससे भगदड़ की स्थिति मच गई । कन्हैया पटवा का आठ वर्षीय बेटा अनिकेत तार की चपेट में आने से बमुश्किल से बचा। मौके में पहुंचे विकास सिंह को स्थानीय लोगों ने बताया कि 11000 वोल्ट का तार पूरी तरह जर्जर हो चुका है । दर्जनों बार लिखित और मौखिक शिकायत सभी बिजली विभाग के कार्यालय में की गई है , लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई । केवल टूटे हुए भाग का मरम्मत कर विभाग के द्वारा खाना पूर्ति की जाती रही है जिसका दुष्परिणाम यह हुआ कि आज बिजली की हाई वोल्टेज वाली तार टूट कर गिर गई , जिससे लोगों के कई घरेलू उपकरण भी जल गए । मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने मामले की जानकारी बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता को देते हुए कहा कि विभाग के उदासीन रवैया के कारण क्षेत्र में भय की स्थिति बनी हुई है । लोग जान हथेली में लेकर सड़क से पार होते हैं सूचना मिलने पर विभाग के अधिकारी मौके में आकर मरम्मत कार्य में लग गए । विकास सिंह ने कहा कि बिरसा रोड घनी आबादी वाला आदिवासी बहुल क्षेत्र है । यहां कवर किया हुआ केवल तार अथवा 11000 वोल्ट के तार के नीचे जाली लगाने का कार्य विभाग को अभिलंब करना चाहिए । विकास सिंह ने कहा कि जहां बिल्डर के द्वारा बहू मंजली ईमारत का निर्माण किया जाता है ,वहां ईमारत बनने से पहले बिजली विभाग के द्वारा सारे तार को दुरुस्त कर नए ट्रांसफार्मर एवं केबल के साथ उन्हें सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है , लेकिन जहां रोज कमाने खाने वाले आदिवासी और कमजोर तबके के लोग रहते हैं वहां विभाग का रवैया उदासीन रहता है । विकास सिंह को विभाग के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि 15 दिनों के अंदर केबलिंग का कार्य करवा दिया जाएगा । तार गिरने की घटना से स्थानीय लोग अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि अगर विभाग के द्वारा सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जाएगा तो बर्दाश्त से बाहर होगा ।लोग उग्र प्रदर्शन करके अपने जान माल की रक्षा करेंगे । मौके में मुख्य रूप से विकास सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, कैलाश बिरुआ, समेश्वर मुर्मू, कन्हैया पटवा, राजू सिंह सरदार, सरजू बास्के , अजय लोहार, शंकर गोराई सहित मोहल्ले के लोग उपस्थित थे ।



## भारतीय जन महासभा ने चतुर्थ स्थापना दिवस ऑनलाइन मनाया

जमशेदपुर । आश्विन कृष्ण सप्तमी को चतुर्थ स्थापना दिवस भारतीय जन महासभा के देश-विदेश के अनेक लोगों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ ऑनलाइन मनाया।

संस्था के अध्यक्ष धर्म चंद्र पोद्दार ने स्वागत भाषण में उल्लेख किया कि देश हित में आवश्यक है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाये। उन्होंने कहा कि नवंबर 2024 में होने वाली तवांग तीर्थ यात्रा में भारतीय जन महासभा के लोग भी सम्मिलित हो रहे हैं। महासचिव ए. के. जिंदल ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि फरवरी 2025 में प्रयागराज महाकुंभ, सितंबर 2025 में कांचीपुरम में युवा धर्म संसद एवं अक्टूबर 2025 में संस्कृति संसद वाराणसी में महासभा के अनेक लोग सम्मिलित होंगे। समारोह की अध्यक्षता, संचालन व स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष धर्म चन्द्र पोद्दार, महासचिव का प्रतिवेदन ए. के. जिंदल एवं धन्यवाद ज्ञापन अनीता झालीवाल के द्वारा किया गया। ऑनलाइन मीटिंग में श्री पोद्दार के अलावे ए. के. जिंदल, दीप शेखर सिंहल, सुखेन मुखोपाध्याय, बिदेह नंदिनी चौधरी, अंतर्यामी पांडा, शिल्पा गुप्ता, ओमप्रकाश अग्रवाल, मुकेश मित्तल, मिश्री लाल विश्वकर्मा, राजकुमार, निशा वाणी, बिमल कुमार लच्छीरामका, अजीत सिंह, मोतीलाल शर्मा, पूनम ढलवानी, सुमित राज कात्यायन, विजय कुमार उपाध्याय, मधु सिन्हा, सुनील कुमार खेतान, शालिनी सोंथालिया, आरती श्रीवास्तव, अरुण कुमार साबू, अनीता झालीवाल, किरण कुमारी 'वर्तनी' आदि के नाम सम्मिलित है।



### हाथियों की झुंड ने खपरैल मिट्टी के मकान को किया क्षतिग्रस्त, फसल को पहुंचाई नुकसान

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरहर ज्वार पहाड़पुर के कुशन टोला में हाथियों की झुंड ने मकान व फसल को नुकसान पहुंचाई है। बुधवार की सुबह हाथी ने कुशन टोला निवासी छोटन मांझी पिता कैला मांझी के खपरैल मिट्टी के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। जबकि बाड़ी में लगी मकई की फसल को बर्बाद कर दिया।

## विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी नेवरी विकास में वर्ल्ड फार्मेसी डे मनाया गया

ओरमांझी(मोहसिन आलम):विकास फाउंडेशन द्वारा संचालित संस्थान विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी नेवरी विकास में बुधवार क़ो वर्ल्ड फार्मेसी डे धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विकास फाउंडेशन के सचिव राधा चरण सिंह उपस्थित थे I कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि एवं विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के सभी फैकल्टी द्वारा सम्मिलित रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी, नेवरी विकास, रांची छात्रों का निरंतर शिक्षण-प्रशिक्षण कराकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है I विश्व फार्मासिस्ट दिवस की शुरुआत वर्ष 2009 में इंटरनेशनल फार्मास्यूटिकल फेडरेशन द्वारा गई थी.फार्मासिस्ट का स्वास्थ्य व्यवस्था में अहम योगदान होता है. डॉक्टर जो दवाई प्रेस्क्राइब करते हैं, उन दवाइयों को कैसे खाना है यह हमें एक केमिस्ट या फार्मासिस्ट ही बता सकता है विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाने का मुख्य उद्देश दुनिया भर के फार्मासिस्ट को स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मान देना होता है. इसके साथ इस दिन को मनाने का मकसद फार्मेसी पेसे को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करना भी है।अवसर पर विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल श्री पंकज कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की छात्रों को अपने पेसे पर गर्व होना चाहिए की आप एक ऐसे प्रोफेशन को चुने हैं जिसमे आपको मानव सेवा करने का अवसर मिलता है और मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं हो सकता इस लिए आप निरंतर शिक्षण प्रशिक्षण कर अपना एवं अपने संस्थान का नाम रौशन करें I इस अवसर पर विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सफल छात्रों को पुरुस्कृत किया गया I इस अवसर पर विकास फाउंडेशन के सचिव राधा चरण सिंह, कोषाध्यक्ष डा एस०पी० सिंह,प्रिंसिपल पंकज कुमार ,एस०के०तिवारी,अलिया कुमारी, फैजान अंसारी,अनुराधा कुमारी, मोनिका कुमारी,अनूपा खलखो, श्रेया झा,जेबा प्रवीन,कौशल कान्त कुमार, इरशाद अंसारी,नाज़िश अंसारी एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.




## पांचा दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष रवि साहू क़ो बनाया गया

ओरमांझी(मोहसीन आलम):ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के पांचा दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार को ग्रामीणों की बैठक वीरेंद्र कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांव में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही दुर्गा पूजाऔर रावण दहन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूजा कमेटी का गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से क्षेत्र के युवा समाजसेवी रवि साहू क़ो अध्यक्ष मनोनीत किया गया,वहीं दुर्गा पूजा कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए प्रवीण कुमार साहू व शंकर चौरसिया को उपाध्यक्ष बनाया गया,इसके अलावा रामानंद महतो क़ो सचिव,और देवराज करमाली व सचिन करमाली को सह सचिव,विनोद कुमार साहू कोषाध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव व विक्की साहू को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है,संरक्षक के रूप में संतु साहू,अशेश्वर लाल गुप्ता,प्रकाश चौधरी,नवीन साहू,बालक महतो,दिलीप महतो मुख्य भूमिका में रहेंगे,इस अवसर पर नव नियुक्त दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रवि साहू ने बैठक में उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने जो हम पर विश्वास जताकर हमें अध्यक्ष बनाया है मैं पूरी ईमानदारी से दुर्गा पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दूंगा,मां दुर्गे हम सभी पर कृपा बनाए रखें, वहीं उन्होंने सभी मनोनीत सदस्यों क़ो कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने कि बात करते हुआ कहा कि सभी सक्रिय सदस्यों की मेहनत से ही कार्यक्रम सफल हो पाएगा, पूजा पंडाल में आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी, इसके अलावा रावण दहन के दिन वालंटियर बनाकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया जायेगा,ताकि शांति व्यवस्था भंग नहीं होने देंगे ,दुर्गा पूजा घूमने आने वाली महिलाओं एवं बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाएगा,वही पूजा समिति के अध्यक्ष रवि साहू ने क्षेत्र के लोगों से दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने में सहयोग करने की अपेक्षा की हैं,बैठक में मुख्य रूप से कृष्णनाथ साहू, राजधाम साहू आनंद महतो पवन साहू संजय महतो आशीष साहू सुभाष साहू, सेना प्रजापति, सरोज महतो सहित अनेकों ग्रामीण मौजूद थे।



झारखण्ड सरकार
श्रम,नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय,राँची

भर्ती कैम्प – 26 सितम्बर 2024
रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची द्वारा दिनांक 26.09.2024 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से 04:00 बजे तक अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची परिसर में भर्ती कैम्प – 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती कैम्प में भाग ले रहे नियोजकों एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl No. | Name & Address of the Employers | Post | No. of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Exp. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Team Lease Company (manpower hire for Airtel Company) Ranchi. | XFE Airtel Trainee | 100 | 10th, 12th, Graduation | 18-33 yrs | 12,000/--17000/- | - | PF and ESI benefits included. |
| 2. | AB India Services Adityapur. | Data Entry Operator | 25 | Inter / DCA in Computer | 18-45 Yrs | 8000/- | No | Home based job and Computer must |
| | | Computer Operator | 25 | Graduation/ DCA in Computer | 18-45 Yrs | 10000/- | No | Home based job and Computer must - |
| | | Telecaller | 10 | Inter | 18-45 Yrs | 6000/- | No | Mobile Recharge Expenses |
| | | VTL / CNC Operator | 10 | Fitter / Mechanical | 20-35 Yrs | 10000-15000/- | 6 month | - |
| | | Field Sales Engineer | 10 | ITI/ Diploma / B.Tech | 20-40 Yrs | 12000-20000/- | 1 yrs | T.A |
| | | Mobilizer | 10 | Matric | 18-45 Yrs | 10000/- | Fresher | - |
| | | Field Executive | 10 | Matric | 18-45 Yrs | 10000/- | Fresher | - |
| | | Project Trainer | 02 | MBA / B.Tech | 20-40 Yrs | 12000/- | Fresher | - |
| | | Helper | 30 | Non Matric | 18-45 Yrs | 10000/- | 6 month | Logging + Fooding free |
| | | Side Supervisor | 05 | Graduation | 23-45 Yrs | 12000/- | 6 month | Lodging Free |
| | | Tele Sales Executive | 10 | Inter | 20-35 Yrs | 10000/- | 6 month | Smart Phone must |
| | | Transcriber | 10 | Inter | 20-36 Yrs | 12000/- | 6 month | Computer must |
| | | Onboarding Shop Executive | 25 | Inter / Graduate / Matric | 20-35 Yrs | 15000/- | Fresher | |
| | | Sales Executive | 10 | Graduation | 18-45 Yrs | 12000/- | 6 month | Petrol + Mobile expense |
| | | Panchayat Coordinator | 25 | Inter | 20-45 Yrs | 15000/- | Fresher | Petrol + Mobile expense |
| | | Surveyor | 15 | Inter | 20-45 Yrs | 12000/- | Fresher | Petrol + Mobile expense |
| | | Fitter | 10 | ITI | 20-45 Yrs | 12000-15000/- | 1 Yrs | |
| | | Welder | 15 | ITI | 20-45 Yrs | 12000-15000/- | 1 Yrs | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https:// jharniyojan.jharkhand.gov.in / www.ncs.gov.in_ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय,राँची

PR 337032 Labour Employment and Traning(24-25).D

## सीबीआई कोर्ट ने डीके सिंह को दी दो साल की सजा, दो लाख का जुर्माना भी ठोका

रांचीः रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट ने आय से अधिक सम्पति के मामले में मेकॉन के अधिकारी डीके सिंह को दोषी करार देते हुए दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही अदालत ने दोषी डीके सिंह के ऊपर 2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर दोषी को छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. इस मामले में सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह ने बहस की. वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल सिंह कंठ ने बहस की. डीके सिंह के खिलाफ सीबीआई ने वर्ष 2008 में अपने पद का दुरूपयोग कर आय से अधिक सम्पति अर्जित करने का केस दर्ज किया था.

## नागपुरी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करना होगा- डॉ नरेश चंद्र कारजी

रांचीः प्रगतिशील नागपुरी समाज केंद्रीय समिति, छोटानागपुर के बैनर तले नागपुरी समाज के लोगों ने राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया. आंदोलन सचिव करमु मुंडा ने कहा कि नागपुरी भाषा को 8वीं अनुसूचित में शामिल करना होगा. आज नागपुरी भाषा रामगढ़, लातेहार,गुमला,लोहरदगा,सिमडेगा, खूंटी, रांची समेत अन्य जिलों में भी बोला जा रहा है. इसके बाद भी नागरिक भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है. अध्यक्ष नरेश चंद्र चंद्र कारजी ने कहा कि नागपुरी भाषा संपर्क भाषा है. सबसे ज्यादा बोला जाने वाला भाषा है. झारखंड खनिज संपदा से भरा हुआ है. इसके बाद भी यहां के लोग गरीब हो रहे हैं. झारखंड में खेती योग्य हजारों एकड़ जमीन है.ऐसे जमीन की सिंचाई के लिए नहर बनाया जाना चाहिए था. लोगों के खेतों में पानी पहुंचाया जाना था. झारखंड बने 24 साल हो रहा है. यहां के पूर्वजों ने सुंदर झारखंड का सपना देखा था. लेकिन आज यहां के लोग काम का तलाश में झारखंड से बाहर जा रहा हैं.पलायन रोकने के लिए कृषि जमीन को उद्योग का दर्जा देना होगा. कोषाध्यक्ष रतन कुमार महतो ने कहा कि आज झारखंड में महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ गया है. क्योंकि आज सोशल मीडिया, यूट्यूब, फेसबुक पर अनावश्यक चीजों को दिखाया जा रहा है. इससे छोटी उम्र के बच्चे देख रहे हैं और उनका भविष्य बिगड़ रहा है. ऐसे अनावश्यक चीजों को जल्द रोकना होगा. मौके पर विजय कुमार,जैसवी कुमारी,बुधनाथ भगत,रतन कुमार महतो,दशरथ बड़ाइक, हरदयाल साहु समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे.

## हत्या के चार आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

रांची : रांची सिविल कोर्ट ने हत्या के चार आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है. इनमें राजा उर्फ रंगा बिल्ला, मो. आकिब, मो. बेलाल और मो. जिलानी शामिल हैं. उक्त चारों आरोपियों पर 17 सितंबर 2019 में अरगोड़ा थाना क्षेत्र निवासी दानिश हक की चाकू से मारकर हत्या करने का आरोप था. दानिश की पत्नी शहनाज परवीन ने हत्या के बाद चारों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करवायी थी. लेकिन ट्रायल के दौरान सूचक और केस के आईओ गवाही देने कोर्ट नहीं पहुंचे. जिसका लाभ आरोपियों को मिला. मामले में पांच गवाही दर्ज की गयी. लेकिन वह हत्या की घटना को साबित नहीं कर सका.

## 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिपः हिमाचल की टीम को 6 गोलों से झारखंड ने किया परास्त




रांचीः 23 सितम्बर से 03 अक्तूबर तक चंडीगढ़ में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरूष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में बुधवार को हिमाचल और झारखंड के बीच मैच हुआ. इसमें हॉकी झारखंड ने 0 गोल के मुकाबले 06 गोल से इस मैच में शानदार जीत हासिल की. इस मैच में गोल करने वाले खिलाडियों में फगुवा होरो (2 गोल, 41 एवं 53 मिनट में), निकोलस टोप्पो (1 गोल, 42 मिनट में), गंगा टोपनो (1 गोल, 51वें मिनट में), रोहित प्रधान (1 गोल, 56वेंमिनट में) एवं गलाक्सन भेंगरा (1 गोल, 58वें मिनट में) शामिल रहे. मैच में हॉकी झारखंड के निकोलस टोपनो को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला.

## टाटानगर से लखनऊ के बीच त्योहार स्पेशल ट्रेन के परिचालन को विस्तार, रेलवे ने की घोषणा

रांचीः रेलवे ने आने वाले दिनों में त्योहार स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी पूरी कर ली है. पिछले कुछ दिनों के दौरान इसकी घोषणा भी की गयी है. वहीं, अब फिर से रेलवे ने नयी ट्रेनों के परिचालन को विस्तार दिया है. इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे ने आदेश जारी किया है. जिसके तहत ट्रेन संख्या 04223 टाटानगर लखनऊ स्पेशल 17 व 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रवाना होगी. जो दूसरे दिन सुबह चार बजकर 55 मिनट पर लखनऊ पहुंचेगी. ट्रेन संख्या 04224 लखनऊ टाटा डाउन ट्रेन 16 व 20 अक्टूबर को चलेगी. यह ट्रेन दोपहर तीन बजकर 10 मिनट पर लखनऊ से रवाना होकर दूसरे दिन सुबह आठ बजकर 50 मिनट पर टाटानगर आएगी. यह स्पेशल ट्रेन गोमो, गया, सहरसाराम, प. दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी, अमेठी व राय बरेली जैसे स्टेशनों पर रूकेगी. दक्षिण पूर्व रेलवे ने खड़गपुर रेल मंडल के गिधनी रेलवे स्टेशन में 12 से 18 अक्टूबर तक इस्पात एक्सप्रेस सहित आठ ट्रेनों का एक मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया है. रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गिधनी स्टेशन में श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र की 137वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा. इस दौरान ट्रेन नंबर 12813 व 12814 हावड़ा टाटानगर हावड़ा स्टील एक्सप्रेस. ट्रेन नंबर 12871 और 12872 हावड़ा टिटलागढ़ हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस. ट्रेन नंबर 22861 और 22862 हावड़ा कंटाबांजी हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस. ट्रेन नंबर 22891 और 22892 हावड़ा रांची हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस.

## विधि विधान से पिंडदान पर स्वर्ग के दरवाजे खुलतेः विष्णुपद मन्दिर परिसर में 19 बेदियों पर पिंडदान, दूध-चावल चढ़ाने के साथ अन्न किए जा रहे दान



रांची । गया जी धाम में बुधवार को अष्टमी तिथि को विष्णुपद मन्दिर परिसर में स्थित 19 पिंड बेदियों पर पिंडदान किए गएं। यह सिलसिला बीते रविवार से जारी है। अष्टमी तिथि को कण्व पद, मातंग पद, क्रोंच पद, अगस्त पद, इंद्र पद, कश्यप पद और गज कर्ण पद पर पिंडदान करने का विशेष विधान है। इन बेदियों के ऊपर दूध-चावल चढ़ाए जाते हैं। साथ ही अन्न दान किए जाते हैं। विष्णुपद प्रबन्धकारिणी समिति के सदस्य मणि लाल बारीक का कहना है कि इन पिंड वेदियों के ऊपर विधि विधान से पिंडदान करने से पूर्वजों के लिए स्वर्ग के दरवाजे खुल जाते हैं। भीषण उमस भरी गर्मी के बीच उपवास रखकर खुले बदन तीर्थ यात्री अपने पूर्वजों के निमित दिन भर पिंडदान करने में जुटे हैं। कई ऐसे भी बुजुर्ग हैं जिनका शरीर पूरी तरह से साथ नहीं दे रहा वे भी अपने पूर्वजों के निमित मनोयोग से तमाम कष्ट झेल कर पिंडदान लर रहे हैं। देश-विदेश से लाखों की संख्या में आए श्रद्धालु जन्म मरण से मुक्ति की कामना को लेकर विष्णु पद मंदिर परिसर स्थित विधि पर पिंडदान कर रहे हैं। पिंडदानी फल्गु तीर्थ देवघाट, विष्णु पद, अक्षय वट, सीताकुंड, गया कूप बेदी, गया सिर, गो प्रचार बेदी प्रेतशिला, रामशिला, भीम गया बेदी, ब्रह्म सरोवर व अन्य बेदी स्थलों पर पिंडदान श्राद्ध कर्म और तर्पण से जुड़े कर्मकांड कर रहे हैं। इस दौरान पूर्वजों की याद ताजा हो जा रही है। पिंडदानियों का कहना है कि पिंडदान करने के बाद गजब की संतुष्टि होती है।

# अभाविप ने जिला स्कूल से डीसी कार्यालय तक निकाला पैदल मार्च, सौंपा ज्ञापन



रांची : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने झारखंड सरकार की विफलताओं खिलाफ आज पैदल मार्च निकाला. अभाविप के सैकड़ों छात्र बुधवार को जिला स्कूल में एकजुट हुए. इसके बाद यहां से पैदल मार्च करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे. अभाविप के छात्रों ने उपायुक्त को सरकार की पांच साल की विफलताओं के नाम पर ज्ञापन सौंपा. अभाविप के विभाग संयोजक रोहित शेखर ने कहा कि आज झारखंड के सभी जिलों में राज्य सरकार की विफलता को लेकर रैली निकाली गयी है और डीसी को ज्ञापन सौंपा गया है. मौके पर प्रदेश कार्यालय मंत्री शुभम पुरोहित, प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क प्रमुख गुडु राय, जिला संयोजक पवन नाग, महामंत्री रितुराज समेत सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे.

### झारखंड के युवा रोजगार के लिए इधर-उधर भटक रहे

अभाविप के छात्रों ने कहा कि राज्य सरकार अपने पांच साल के कार्याकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सुरक्षा और समान अधिकार दिलाने में विफल रही. कहा कि राज्य के विभिन्न कॉलेजों में प्रोफेसर की नियुक्ति नहीं हो रही है. ऐसे में कॉलेजों में भगवान भरोसे पढ़ाई हो रही है. पिछले पांच सालों में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ गयी है. संथाल परगना में झारखंड की संस्कृति और सभ्यता बदल रही है. झारखंड के युवा रोजगार के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं. सारी समस्याओं पर राज्य सरकार को विचार करना चाहिए और कोई ठोस पहल करना चाहिए.

# खेलों के स्तर में सुधार को मिले कई सुझावः खेल जगत में मीडिया मैनेजमेंट की बताई जरूरत

रांची. श्री कृष्ण इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (स्किपा) में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। राज्य खेल मंत्रालय एवं स्टेट ड्राइव की ओर से आयोजित सेमिनार था। इसकी शुरुआत खेल निदेशक संदीप कुमार ने की। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पूर्व डीजी सुधांशु शेखर राय ने शिरकत किया और उन्होंने झारखंड में खेलों के स्तर की वृद्धि एवं बढ़ावा देने पर कई मूल्यवान सुझाव दिए। सेमिनार में स्टेट ड्राइव के सीईओ देबजीत तालापात्र, अध्यक्ष उत्तम कुमार तालापात्रा और एक नए खेल पिकल बॉल के एक्सपर्ट जुपिटर दलाई ने अपने-अपने वक्तव्य रखें। झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर देवव्रत सिंह ने खेल जगत में मीडिया मैनेजमेंट के विषय पर उत्कृष्ट विचार बताएं।प्रोफेशनलिज्म इन स्पोर्ट्स के परिप्रेक्ष्य में मोटिवेशन के विषय पर पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी एवं कोच चंचल दत्ता गुप्ता ने अपने प्रेजेंटेशन में उत्साहवर्धक टिप्स दिए। खेल विभाग की पूर्व निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने भी कार्यक्रम में अपना योगदान किया। सारे जिलों से आए हुए जिला खेल पदाधिकारी, उनके कोऑर्डिनेटर और उनके प्रशिक्षु इन सभी लोगों ने करीब 175 की संख्या में इस सेमिनार में भाग लिया तथा अपने-अपने जिलों में खेलों के स्तरों में वृद्धि के विषय में कई बातें सीखी। धन्यवाद ज्ञापन स्टेट ड्राइव के रिजिनल मैनेजर मयंक शर्मा ने किया।



# सांसद सरफराज अहमद बने झारखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष



रांची : राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद झारखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष चुने गये हैं. अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में सरफराज अहमद ने एक वोट से अपने निकटम प्रतिद्वंदी अबरार अहमद को शिकस्त दी. सरफराज को कुल पांच वोट मिले. जबकि अबरार को चार वोट मिले.

### साल 2019 में झामुमो के टिकट पर गांडेय सीट से जीता था चुनाव

बताते चलें कि डॉ सरफराज अहमद वर्ष 2019 में झामुमो के टिकट पर गांडेय सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे. बाद में उन्होंने इस सीट को छोड़ दिया. इसके बाद इस सीट पर उपचुनाव हुआ, जिसमें कल्पना सोरेन ने जीत हासिल की. डॉ सरफराज वर्ष 1980 और 2009 में भी कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं.

## हाई कोर्ट को रांची नगर निगम ने बताया, रांची में चल रहे 36 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट में से सिर्फ दो के पास है लाइसेंस, नगर निगम ने जारी किया है नोटिस

रांचीः झारखंड हाई कोर्ट को रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि राजधानी रांची में चल रहे हैं 36 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट में से सिर्फ दो के पास ही लाइसेंस है, 34 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट के पास लाइसेंस नहीं है. रांची नगर निगम ने बिना लाइसेंस वाले रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट को नोटिस जारी किया है. लाइसेंस नहीं लेने वालों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी. जरूरत पड़ेगी तो उन्हें सील भी किया जाएगा. हाई कोर्ट की खंडपीठ ने रांची नगर निगम को अवैध ढंग से चल रहे रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया. वहीं, कोर्ट ने मामले में रांची शहर में चल रहे बार रेस्टोरेंट पर निगरानी रखने और उनके खुलने और बंद होने पर समुचित कदम उठाने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने सरकार के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत बार एवं रेस्टोरेंट पर नियंत्रण लगाने एवं मादक पदार्थ यथा चरस, गांजा, अफीम की बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है.

# झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक रूट जारी

रांचीः धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में गुरुवार को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. जिसमें सीएम हेमंत सोरेन शामिल होंगे. इस समारोह में बड़ी संख्या में लाभुकों और अतिथियों के सम्मिलित होने की संभावना है. इस कार्यक्रम के मद्देनजर विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आने वाली बसों और अन्य वाहनों का रूट लाइन और पार्किंग की व्यवस्था की गई है. इसे लेकर ट्रैफिक एसपी के द्वारा आदेश जारी किया गया है.

### जानें वाहनों का रूट लाइन और पार्किंग की व्यवस्था

-वीवीआईपी वाहनों की पार्किंग पार्किंग 1 मंच के पीछे होगी.

-गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, रामगढ़, गुमला और रांची के बेड़ो, खलारी और ओरमांझी के तरफ से आने वाले वाहन काठीटांड़ से रिंग रोड चौक से बाएं होते हुए दलादली, नयासराय, रिंग रोड होते हुए बालालौंग मोड़ से बाएं धुर्वा डैम होते हुए. धुर्वा बस स्टैंड से बाएं सखुआ बागान में बस पार्क होगी.

-दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज से आने वाले वाहन नेवरी रिंग रोड चौक से बाएं होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा भाग गोलचक्कर पूर्वी भाग मैदान के पास पार्क होगी.

-हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, गिरीडीह, सिमडेगा और खूंटी से आने वाले वाहन नेवरी रिंग रोड चौक से बाएं होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना धौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर के पश्चिमी भाग में पार्क होगी.

-जमशेदपुर, चाईबासा और सरायेकला की ओर से आने वाले वाहन रामपुर रिंग रोड चौक से बाएं होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर पश्चिमी भाग मैदान जवाहर स्टेडियम के पास पार्क होगी.

-वीआईपी और मीडिया के छोटी वाहनों के लिए धुर्वा गोलचक्कर से नहरू स्टेडियम होते हुए मिया मार्केट के सामने से संत थॉमस स्कूल के सामने पार्क होगी.

## ऑल इंडिया पोस्टल- आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन ने दिया धरना

रांचीः 14 सूत्री मांगों को लेकर ऑल इंडिया पोस्टल-आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन ने बुधवार को रांची जीपीओ के समक्ष धरना दिया. एसोसिएशन अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं. धरना को संबोधित करते हुए राज्य सचिव एमजेड ख़ान ने कहा कि श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम पांच सितंबर से शुरू किया गया था. इसी दिन ईमेल के माध्यम से पीएम सहित वित्त,रेल,संचार,स्वास्थ्य मंत्री के साथ कैबिनेट सचिव को मांग पत्र भेजा गया था. इसके वाजजूद कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है.



### 13 नवंबर को होगा संसद मार्च

एमजेड खान ने बताया कि 13 नवंबर को दिल्ली में संसद मार्च किया जाएगा. इसमें झारखंड सहित देशभर के केंद्रीय पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे. धरना को केडी राय व्यथित, गौतम विश्वास ने भी संबोधित किया. इसके अलावा बी बाड़ा, हसीना तिग्गा,गणेश चंद्र डे,त्रिलोकी नाथ साहू,सुखदेव राम, जयराम प्रसाद, गौतम विश्वास सहित अन्य मौजूद थे.

### क्या है प्रमुख मांगें

- आठवें वेतन आयोग का गठन
- बकाया 18 माह का मंहगाई भत्ता
- एनपीएस को समाप्त करना
- सभी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए ओपीएस लागू करना
- सीनियर सिटीजन के लिए रेलवे सुविधा बहाल करना
- संसदीय स्टैंडिंग कमेटी की अनुशंसा के अनुरूप पेंशन की अवधि को 15 से 12 साल करना
- 5% की दर से 65,70 एवं 75 साल में अतिरिक्त पेंशन की मंजूरी देना
- चिकित्सा भत्ता 1000 से 3000 रुपए करना

# मलेशिया में फंसे मजदूरों की वतन वापसी को लेकर आगे आए सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी

रांचीः गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मलेशिया में फंसे झारखंड के 60 मजदूरों को भारत वापस लाने के लिए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है. विदेश मंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि झारखंड के 60 मजदूर मलेशिया में रोजगार करने गए हैं, लेकिन वहां मजदूरों को पिछले छह महीने से वेतन नहीं मिल रहा है. भोजन के भी लाले पड़े हैं. मजदूरों की स्थिति दयनीय हो गयी है.

### अनुबंध पर मजदूर गए थे मलेशिया

मजदूरों को लीड मास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन एसडीएन बीएचओ, कंपनी द्वारा अनुबंध पर काम करने के लिए मलेशिया ले जाया गया था. मजदूरों की स्थिति ऐसी हो गई है कि उनके पास ना तो हवाई यात्रा के पैसे हैं और ना हीं भोजन-पानी के साधन. वहां फंसे मजदूर बोकारो, हजारीबाग, धनबाद व गिरिडीह जिला के रहने वाले हैं. मजदूरों के परिजन भारत वापसी को लेकर चिंतित हैं. परिजनों ने अपनी चिंता जाहिर की है. सीपी चौधरी ने विदेश मंत्री को फंसे हुए मजदूरों का पूरी जानकारी दी है. साथ ही विदेश मंत्री को मोबाइल व व्हाट्सएप नंबर भी सौंपा है. फंसे मजदूरों में उमेश महतो, चिंतामण महतो, योगेंद्र यादव, सुरेश बेसरा, परवेज आलम, अर्जुन तुरी, महेश महतो, विनोद कुमार, सोहन मरांडी, दिलीप कुमार तुरी, वीरेंद्र महतो, दर्शनाथ तुरी, कुलदीप महतो, प्रेम महतो, महावीर महतो, दिनेश्वर महतो, चुन्नीलाल महतो, कुलदीप महतो, चेतलाल महतो, नेपाली कुमार सिंह, नंदलाल महतो,ईश्वर महतो, राहुल भरतीया, कृष्ण देव महतो, चिंतामणि महतो व मुकेश महतो आदि शामिल हैं.



## गोंदुलपारा खनन परियोजना में रैयतों को मिलेंगे करीब 25 लाख रुपये प्रति एकड़

रांची। गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत सेक्शन 19 लगाये जाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है, जो खनन शुरू होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इस कदम से झारखंड में एक और खदान खुलने का रास्ता साफ हो गया है. इसके तहत मुआवजे की राशि प्रति एकड़ 24,56,986 रुपये होगी. इसके अलावा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे. इस परियोजना से जिले और राज्य को लगभग 500 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का राजस्व मिलने से प्रशासन अनेक लाभप्रद और कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू कर सकेगा. परियोजना से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए चंदौल गांव में 161.99 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होना है. इसके लिए हजारीबाग समाहरणालय में रैयतों को मुआवजे के रूप में दी जाने वाली 478 करोड़ रुपए की राशि जमा कर दी गई है.

झारखंड में 199 कोयला खदानें सालाना 15.6 करोड़ टन कोयला उत्पादित करते हुए देश की प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं. देश में बढ़ रही निरंतर और किफायती बिजली की जरूरत के लिए कोयला खनन परियोजना का शुरू होना आवश्यक है. इसके साथ ही खनन आधारित अर्थतन्त्र वाले राज्य में एक और खनन परियोजना शुरू होने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी. गोंदुलपारा परियोजना की प्रक्रिया के तहत बड़कागांव के बलोदर में 91.35 एकड़, गोंदुलपारा 285.715 एकड़, गाली में 175.45 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है. इसके चलते स्थानीय लोगों को अनेक लाभ मिलेंगे. रैयतों को प्रति एकड़ भूमि के मुआवजा के रूप में 24,56,986 रुपये (गुणाक घटक-2, सांत्वना राशि 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) दिए जाएंगे. भूमि पर स्थित परिसम्पतियों का भी मुआवजा मिलगा. इसके लिए राज्य सरकार का संबंधित विभाग उन सम्पत्तियों का मूल्यांकन करेगा, जिसके बाद उस राशि का दुगुना मुआवजा के रूप में दिया जाएगा. विस्थापित परिवारों को तीन विकल्पों का लाभ मिलेगा, जिसके तहत वो कोई एक चुन सकते हैं. विकल्प एक के तहत 10 लाख रुपए प्रति परिवार मिलेगा, जिससे वे खुद कहीं और निवास करने जा सकते हैं. नियमानुसार, प्रति परिवार में पति, पत्नी और उनके अवयस्क बच्चे शामिल होंगे. इसके अलावा परिवार में अगर 18 साल से ऊपर विवाहित या अविवाहित व्यक्ति हैं, तो उन्हें एक परिवार के रूप में माना जाएगा. दूसरे विकल्प के तहत पुनर्वास कॉलोनी में बना बनाया नया मकान दिया जाएगा और तीसरे विकल्प के तहत पुनर्वास कॉलोनी में जमीन का एक प्लॉट दिया जाएगा और पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले सात लाख रुपए दिए जाएंगे.

## 46,031 सहियाओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

रांची : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सहिया साथी, प्रखंड प्रशिक्षक दल (बीटीटी) और राज्य प्रशिक्षक दल (एसटीटी) को अब बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि मिलेगी. इसके लिए राज्य सरकार ने 108.34 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है. इसका लाभ 46,031 सहिया, बीटीटी और एसटीटी को मिलेगा. राज्य सरकार सहिया की प्रोत्साहन राशि पर 103.11 करोड़ रुपये खर्च करेगी. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में सहिया की संख्या 39,964 है, जबकि शहरी इलाकों में इनकी संख्या 3,000 है. इन्हें प्रतिमाह दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जायेगी. सहिया साथी की प्रोत्साहन राशि पर राज्य सरकार 3.48 करोड़ रुपये खर्च करेगी.

## एएसआई रैंक में प्रोन्नति को लेकर बैठक हुई

रांची : सिपाही और हवलदार को एएसआई रैंक में प्रोन्नति मिलेगी. इसको लेकर एडीजी मुख्यालय आरके मलिक की अध्यक्षता में आज बोर्ड की बैठक होगी. इसमें झारखंड सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज और जैप डीआईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल भी शामिल होंगे. बता दें कि पुलिस मुख्यालय ने एएसआई रैंक में प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का सर्विस बुक तैयार रखने का निर्देश दिया था.

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा
06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Reference No. : RCD/KODERMA/1007/2024 दिनांक:-24.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, कोडरमा अन्तर्गत बागीटांड़– लोकाई पथ का साधारण मम्मति कार्य" वित्तीय वर्ष 2023–24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 75,00,000.00 (पचहत्तर लाख रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs. 1,50,000.00 (एक लाख पचास हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | परिमाण विपत्र की राशि | 10,000.00(दस हजार रूपये) मात्र। |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 (दो) माह। |
| 6. | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 27.09.2024, 10:30 बजे से। |
| 7. | निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 04.10.2024, 12.00 बजे तक। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि | 07.10.2024, 12.30 बजे तक। |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता । | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 10. | हेल्प लाइन नं0 | 0651-2446002 |

पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिये UCAN निबंधन आवश्यक है।

प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा
PR 336941 Road(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
ई–टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0 / सिमडेगा / 07 / 2024–25
दिनांक–24.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सिमडेगा–सेवई–किनकेल–कुरडेग–कुटुमाकच्छार छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ के कि.मी. 2,3,4,5,6,51,52,53,54,55,62 एवं 63 वें को छोड़कर कि.मी. 0.00 से 63.20 में साधारण मरम्मति कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राषि (रूपया में) | 155.00 लाख (एक करोड़ पचपन लाख) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह |
| 4. | बेबसाईड पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 04.10.2024 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से। |
| 5 | ऑनलाईन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 14.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। |
| 6. | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15.10.2024 को अपराह्न 12.30 बजे तक। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा–835223 |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 82358–16924 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

नोट :– 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
2. विशेष जानकारी के लिये http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।
5. पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 गैर–योगना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी"।

कार्यपालक अभियंता
PR 337041 (Simdega)24-25*D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा

# मंत्री के पोस्ट के बाद नीतीश की उम्र पर सियासत:सहनी का अटैक- अब हैप्पी रिटायरमेंट लें सीएम, डिप्टी सीएम का डिफेंस- बिहार को नीतीश की जरूरत



पटना. मंत्री अशोक चौधरी के एक पोस्ट के बाद अब बिहार में नीतीश कुमार की उम्र पर सियासत शुरू हो गई है। अशोक चौधरी के पोस्ट के बहाने कोई नीतीश कुमार को सियासत से रिटायर होने की सलाह दे रहा है तो कोई बिहार को नीतीश के सुशासन की जरूरत बता रहे हैं। वीआईपी सुप्रीमो से अशोक चौधरी के पोस्ट पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की उम्र होती है। इन दिनों उनके बयान को लोग पसंद नहीं कर रहे हैं। बहुत सारी चीज वो भूल जा रहे हैं। जो नहीं बोलना चाहिए वो बोल जाते हैं। उन्हें अब नई पीढ़ी को कमान सौंपनी चाहिए। हमारे जैसे लोगों को। हमारा साथ देना चाहिए। उन्हें हैपी एंडिंग करना चाहिए। रिटायरमेंट लेने चाहिए। वहीं, मुकेश सहनी को जवाब देते हुए डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि जो हड़बड़ी में हैं। वो बहाना ढूंढ रहे हैं। बीमारी, उम्र, अराजकता, अपराध और भ्रष्टाचार का। विजय सिन्हा ने यह भी कहा कि अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के साथ रहने वाले लोग कभी बिहार का हितैषी नहीं हो सकता है।

### नीतीश कुमार अटल की पाठशाला से पढ़कर आए हैं

सीएम जब तक हैं, तब तक ईमानदारी से जनता की सेवा कर रहे हैं। इस पर किसी को शंका नहीं है। नीतीश कुमार अटल बिहारी वाजपेई की पाठशाला में पढ़ कर आए हैं, सुशासन स्थापित करने का। मोदी और नीतीश की जोड़ी देश और बिहार बदलने का संकल्प साकार कर रही है। इस उम्र में भी नीतीश कुमार लगातार जिलों का दौरा करते हैं। विभागों की समीक्षा करते हैं। विकास के लिए सजग रहते हैं।

### माल देने वाले को टिकट बेच देते हैं सहनी

विजय सिन्हा ने कहा कि मुकेश सहनी प्रोफेशनल आदमी हैं। मुंबई से आए हैं। खुद को सन ऑफ मल्लाह कहते हैं। लेकिन एक भी मल्लाह को टिकट नहीं देते हैं। सारी सीट माल देने वाले के हवाले कर देते हैं। सोने की चम्मच के साथ जन्म लेने वाले से दोस्ती किए। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के साथ चार्टर्ड पर पिकनिक मनाते हैं। सीएम नीतीश कुमार ने कभी चार्टर्ड पर पिकनिक नहीं मनाया है।

### बिहार को नीतीश की जरूरत- उपेंद्र कुशवाहा

वहीं, मुकेश सहनी के बयान पर पलटवार करते हुए आरएलएम सुप्रीमो और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि इस तरह की बात जो करते हैं वह विकास के विरोधी लोग हैं। नीतीश कुमार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। अभी भी कोई नौजवान इतनी मेहनत करेगा उससे ज्यादा मेहनत कर रहे हैं। कुशवाहा ने कहा कि कोई व्यक्ति अगर उम्र का हवाला दे करके तंज कैसे तो यह बहुत ही आपत्तिजनक है। बहुत ही गलत है।

## सोशल मीडिया पर अफेयर, 4 महीने बाद फरार लड़की , यूपी से भागकर आई बिहार

जमुई. जमुई के झाझा थाना क्षेत्र के करहरा पंचायत के घुटिया गांव के एक घर से यूपी पुलिस ने चार महीने पहले यूपी से लापता हुई नाबालिग लड़की को बरामद की। सकुशल बरामदगी के बाद झाझा थाना में कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी करने के बाद लड़की को न्यायालय में हाजिर कर यूपी पुलिस अपने साथ ले गई। मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार यूपी के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के जनपथ फतेहपुर से एक नाबालिग युवती घर से गायब हो गई थी। युवती के पिता ने 21 मई को अपहरण मामले में झाझा थाना क्षेत्र के घुटिया गांव के विकास कुमार पर एफआईआर दर्ज कराया गया था। यूपी पुलिस सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने इस संबंध में बताया कि झाझा के घुटिया गांव का रहने वाला युवक विकास कुमार से नाबालिग लड़की को सोशल मीडिया से संपर्क हुआ था। फिर दोनों में दोस्ती हुई,जो प्यार में बदल गया। जिसके बाद 19 मई 2024 को लड़की बिना घरवालों को सूचना दिए प्रेमी विकास के साथ फरार हो गई थी। दोनों ट्रेन से यूपी से बिहार जमुई झाझा आए थे। लड़की के घर से लापता होने के दो दिन बाद पिता ने उसके खिलाफ 21 मई 2024 को एफआईआर दर्ज कराया। एफआईआर दर्ज होने के बाद यूपी पुलिस ने तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी। मोबाइल लोकेशन और टेक्निकल सर्विलांस के माध्यम से पता चला कि विकास कुमार बिहार के झाझा थाना क्षेत्र के घुटिया गांव का रहने वाला है। जिसके बाद एक टीम का गठन किया गया। यूपी पुलिस द्वारा झाझा पुलिस को जानकारी दी गई। झाझा आने के बाद पुलिस के सहयोग से टीम ने लड़के के घर पहुंच कर नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया।

## गर्भवती पत्नी को चाकू-पेचकस से गोदा, 70 टांके लगे:बक्सर में पति बोला- बहुत रोक-टोक करती है

बक्सर. बक्सर में पति ने गर्भवती पत्नी को कमरे में बंद कर चाकू, पेचकस और पिलास से वार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घर में सास-ससुर भी थे। महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकाला। महिला 52 हफ्ते की गर्भवती है। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन नाजुक हालत देखते हुए उससे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। महिला के परिजनों का कहना है कि उसे 70 टांके लगे हैं। आरोपी पति को पुलिस ने केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मैं बाहर जाता हूं तो परेशान करती है, काफी पूछताछ करती और खुद कहीं जाती है तो बताती भी नहीं है। पीड़िता बड़का राजपुर निवासी जवाहर चौधरी की बेटी प्रीति है। जिसके शादी पिछले साल पांडेय पट्टी निवासी राज नारायण चौधरी के बेटे रवि चौधरी से हुई थी। बहन रेखा देवी ने कहा कि शादी के बाद से पति रवि चौधरी के साथ-साथ उनके पिता राज नारायण चौधरी और चाचा जगनारायण चौधरी दहेज के लिए परेशान करते थे। प्रीति जब गर्भवती हुई तो कुछ दिन ससुराल में रहने के बाद वह सिमरी थाना क्षेत्र के नगरपुरा गांव स्थित अपनी मौसी के यहां चली गई थी। जहां से मंगलवार को उसका पति उसे वापस लेकर चला आया। पांडेय पट्टी निवासी और स्थानीय वार्ड पार्षद दिलीप कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी रात तकरीबन 11 हुई। महिला की आवाज सुनकर हमलोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि आरोपी ने महिला को चाकू, पेचकस और पिलास से मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया है। गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सक उसकी स्थिति गंभीर बता रहे हैं। ससुराल वाले अब आर्थिक मदद भी नहीं कर रहे हैं। घटना के बाद से फरार है। सदर अस्पताल के डॉक्टर डॉ. एससी मिश्रा ने बताया कि महिला के शरीर पर धारदार हथियार के वार के कई निशान हैं। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घर वालों ने बताया कि पति ने चाकू, पेचकस आदि से मार कर उसे जख्मी कर दिया है। गर्भ में पल रहे शिशु की जान पर भी खतरा बना हुआ है। फिलहाल उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया जा रहा है।

## मनेर में 144 कार्टून शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार:1 ट्रक, 3 बाइक समेत 2 मोबाइल भी जब्त

पटना. पटना के मनेर थाने की पुलिस शराब तस्करों के खिलाफ लगातार एक्टिव मोड में है। पुलिस ने 144 कार्टून विदेशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एक ट्रक, एक अन्य गाड़ी, तीन बाइक के साथ ही दो मोबाइल भी जब्त किया गया है।

जब्त की गई शराब की कीमत करीब 20 लाख है। इसकी जानकारी दानापुर एसडीपीओ 2 पंकज कुमार मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय के अनुसार बुधवार को सुबह 4 से 6 बजे के बीच विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा था। जांच के दौरान शेरपुर गांव से एक चौदह चक्का गाड़ी से भारी मात्रा में शराब पकड़ी गई है। इसके साथ ही मौके से एक चार चक्का वाहन, तीन बाइक, दो मोबाइल जब्त की गई है। वहीं, मौके पर मौजूद दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान दीघा थाना क्षेत्र के कुर्जी बालूपर निवासी सोनू कुमार और ऋषभ कुमार के रूप में हुई है। 144 कार्टून में 1,505 लीटर शराब है। शराब कहां से लाई गई थी, कहां भेजना था। इसको लेकर गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है। दोनों शराब तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

## शॉपिंग मॉल में लगी आग, 50 लाख का नुकसान

सीतामढ़ी. सीतामढ़ी के एक शॉपिंग मॉल में बुधवार की अहले सुबह आग लग गई है। घटना के बाद से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शॉपिंग मॉल में रखे गए लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। जानकारी के अनुसार 50 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घटना की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना शहर के डुमरा रोड टेलीफोन एक्सचेंज स्थित ट्रेड मार्ट शॉपिंग जंक्शन मॉल की है। मौके पर पहुंची अग्निशमन की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आगलगी पर काबू पाया है। आज सुबह करीब 5 बजे के बाद स्थानीय ने मॉल के संचालक मनीष कुमार मिश्रा को आग लगी की घटना के बारे में जानकारी दी गई है।

## लापता नाबालिग का मिला शव, गोली मार हत्या

भागलपुर. भागलपुर में दो दिन से लापता नाबालिग युवक की लाश गंगा किनारे सब्जी के खेत में लाश मिली है। आंख-मुंह पर गहरे जख्म और पीठ पर गोली के निशान हैं। मृतक कमलेश्वरी मंडल का बेटा मुकेश कुमार (14) है। परिजनों ने पड़ोस के चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जा रहा कि 12 दिन पहले मछली मारने को लेकर नाबालिग का विवाद हुआ था। इसी को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है। सोमवार की सुबह नाबालिग को किसी ने फोन कर घर से बुलाया था। फिर वो घर नहीं लौटा। मृतक के चाचा के अनुसार नाबालिग को शराब भी पिलाई गई। पुलिस ने शक के आधार पर 5 लोगों को हिरासत में लिया है, उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना सबौर थाना क्षेत्र का है।

## शिवदीप लांडे से मिलकर रो पड़े बुजुर्ग, बोले-मत जाइए : लांडे ने कहा- इन आंसुओं को जाया नहीं जाने दूंगा, चिंता मत कीजिए..बिहार में ही रहूंगा



पटना. बिहार के सुपरकॉप के नाम से मशहूर शिवदीप लांडे से मिलकर एक बुजुर्ग रो पड़े। बोले, 'आपके आने से दिल में बहुत आस जगी थी, मेरा सौभाग्य था कि आप यहां आए थे।' लांडे बुजुर्ग का हाथ पकड़ते हुए कहते हैं कि, आप चिंता मत कीजिए, मैं बिहार में ही रहूंगा। ये वीडियो शिवदीप लांडे ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि, 'इन आंसुओं को यूं ही जाया नहीं जाने दूंगा, ये मेरे लिए भावुक पल है, मेरी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई' आईपीएस लांडे ने हाल ही में इस्तीफा दिया है। इस्तीफे के बाद उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि, मैं बिहार में ही रहूंगा। ये भी कहा कि, राजनीति में नहीं जाऊंगा। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि बुजुर्ग उनके इस्तीफे की खबर सुनने के बाद सरकारी आवास पर मिलने पहुंचा है। शिवदीप लांडे अपने कमरे से निकलकर इंतजार कर रहे बुजुर्ग से मिलने आते हैं।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ 1 अक्टूबर से आंदोलन करेगी राजद : जगदानंद सिंह ने डेढ़ महीने का दिया अल्टीमेटम, बोले- मीटर उखाड़ेंगे




पटना. राजद एक अक्टूबर से स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने ऐलान किया है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 1 अक्टूबर से राजद स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि हम सरकार को डेढ़ महीने का अल्टीमेटम देते हैं। इसके बाद स्मार्ट बिजली मीटर लगाने वाले कर्मचारी, पदाधिकारी को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा और स्मार्ट बिजली मीटर को राजद उखाड़ फेंकेगी।

### गरीब और आम उपभोक्ता इससे परेशान हैं

जगदानंद सिंह कहा कि स्मार्ट बिजली मीटर के नाम पर पूरे बिहार में लूट मची हुई है। गरीब और आम उपभोक्ता इससे परेशान हैं। अन्य प्रदेशों के मुकाबले बिहार मे तेजी से स्मार्ट मीटर की शिकायत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अकेले बिहार मे इतने स्मार्ट मीटर लगे हैं, जितने पूरे देश मे नहीं लगे हैं। राज्य में 32 लाख स्मार्ट मीटर लगे हैं, जो पूरे देश के अनुपात मे काफी अधिक है। एक करोड़ 72 लाख स्मार्ट मीटर बिहार मे लगाने का लक्ष्य है। जगदानंद सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर का उद्देश्य था कि एक ही जगह से रीडिंग लेना, लेकिन तीस से चालीस प्रतिशत अधिक रीडिंग आ रही है। राजद 1 अक्टूबर से हर प्रखंडों मे स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान चलाएगा। हम लोगों ने दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है।

### गरीब परिवार के घरों की बिजली काटी जा रही है

जगदानंद सिंह ने कहा कि प्राइवेट कंपनियों ने भारी भरकम रकम सरकार को और नौकरशाह को दी है, जिसमें अडानी एनर्जी सॉलयूशन प्राइवेट लि. और नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी भी शामिल हैं। इसके तहत 58 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का एग्रीमेंट नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लि. से किया है। अब जो पुराने मीटर की तुलना में स्मार्ट मीटर से बढ़ा हुआ बिल उपभोक्ता के पास आ रहा है, उन कंपनियों ने जो रिश्वत सरकार और प्रशासन को दी है इसके माध्यम से उपभोक्ताओं से वसूली कर रही है और राज्य सरकार उनकी सहायता कर रही है। अब तो हालत यह है कि गरीब परिवार के घरों की बिजली काटी जा रही है। गांवों की बिजली काटी जा रही है।

### बिहार में लगभग 2.76 करोड़ हाउस होल्ड हैं

2022 का रिसर्च गेट के माध्यम से पता चल रहा है कि लगभग 70 फीसदी ग्रामीण जनता के पास स्मार्ट फोन नहीं है। इसका मतलब है कि स्मार्ट मीटर इन सभी के लिए एक अभिशाप साबित हो रहा है। बिहार में लगभग 2.76 करोड़ हाउस होल्ड हैं। स्मार्ट मीटर की खराबी के कारण अगर इ सभी उपभोक्ताओं से 100 रुपए भी ज्यादा वसूला जाता है तो यह संख्या लगभग 276 करोड़ प्रत्येक महिने कंपनी के पास अलग से मुनाफा होगा।

## तेंदुए की खाल के साथ 2 नेपाली तस्कर गिरफ्तार



बेतिया. इंडो-नेपाल बॉर्डर स्थित पिलर संख्या 435 के पास से मंगलवार की देर रात एसएसबी 44वीं बटालियन और वन विभाग (फॉरेस्ट) के टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तेंदुए के खाल के साथ दो नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया है। बुधवार को समवाय प्रभारी बी.एस. जडेजा ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान नेपाल के बारा जिला के असमटोल थाना क्षेत्र अंतर्गत मचगांव निवासी विष्णु देव साहनी के 20 वर्षीय पुत्र नवल किशोर साहनी तथा जैतापुर निवासी छोटे तमांग के 40 वर्षीय पुत्र सेरिंग दोर्जे लामा के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के वाहय सीमा चौकी भिखनाठोरी के समवाय ने गुप्त सूचना पर सीमा स्तम्भ संख्या-435 के समीप लगभग 200 मीटर अंदर भारतीय क्षेत्र में SSB और वन विभाग (फॉरेस्ट) के टीम ने संयुक्त स्पेशल नाका लाया गया था। नाका के दौरान SSB के उप निरीक्षक रमेश चंद्र थावल ने अपनी टीम के साथ नेपाल से भारत की तरफ आ रहे दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को रोका, तो वह भागने की कोशिश करने लगे। हालांकि टीम ने चारों तरफ से घेरकर दोनों को धरदबोचा।

## ट्रेन में टीटीई ने पैसेंजर को सीपीआर देकर बचाई जान

समस्तीपुर. बिहार के दरभंगा से वाराणसी जा रहे ट्रेन पैसेंजर को पवन एक्सप्रेस ट्रेन में हार्ट अटैक आया। उनके साथ यात्रा कर रहे भाई ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देकर मदद मांगी। ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात टीटीई ने मौके पर पहुंचकर पैसेंजर को सीपीआर दिया जिससे उनकी जान बच गई। रेलवे ने टीटीई के लिए इनाम का ऐलान किया है। घटना सोमवार रात की है जिसकी जानकारी बुधवार को सामने आई। दरभंगा से पवन एक्सप्रेस (11062) के फर्स्ट क्लास कोच A-1 में अपने भाई के साथ सवार हुए बीपी कर्ण (65) को ट्रेन में ही सीने में तेज दर्द उठा और वे गिर गए। साथ यात्रा कर रहे भाई ने तुरंत रेलवे के हेल्प लाइन नंबर पर मदद मांगी। रेलवे से टीटीई सविंद कुमार को भी अलर्ट मिला वे कोच में पहुंचे। इस बीच मरीज के भाई ने अपने फैमिली डॉक्टर को फोन लगा लिया था। भाई ने टीटीई सविंद कुमार की डॉक्टर से बात कराई। डॉक्टर ने पहले नब्ज चेक करने को कहा। नब्ज चल रही थी। इसके बाद डॉक्टर ने टीटीई से कहा कि वे मरीज को सीपीआर दें। कहा। डॉक्टर वीडियो कॉल पर टीटीई को गाइड करते गए और टीटीई सविंद सीपीआर देते रहे। सोनपुर -छपरा रेलखंड के बीच टीटीई ने करीब 15 मिनट तक सीपीआर दिया। जिसके बाद मरीज को होश आ गया। थोड़ी देर में ट्रेन छपरा पहुंच गई। रेलवे स्टेशन पर पहले से मेडिकल टीम मौजूद थी। तुरंत बुजुर्ग को अस्पताल भेजा गया। मरीज की हालत अब ठीक है।

## पटना में मोबाइल चोरी करने वाले 6 चोर गिरफ्तार

पटना. पटना रेल पुलिस ने मोबाइल चोरी कर बांग्लादेश भेजने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस गैंग के सदस्य रेल यात्रियों का मोबाइल और अन्य सामान की चोरी करते थे। रेल पुलिस ने इस गैंग के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। रेल पुलिस ने इन लोगों के पास से चोरी का मोबाइल समेत चोरी में इस्तेमाल औजार भी बरामद किया है। फिलहाल, इस गैंग का सरगना अभी भी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। रेल एसपी अमृतेन्दु शेखर ठाकुर ने बताया कि मंगलवार की शाम राजेंद्र नगर प्लेटफॉर्म पर जांच अभियान चल रहा था। इसी बीच प्लेटफार्म नंबर 1 पर दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देख कर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। इसमें एक शाहनवाज खान है, वह पटना का रहने वाला है। दूसरा मोहम्मद सुल्तान है, वह मोतीहारी का है। दोनों के पास से दो मोबाइल की बरामदगी हुई है। पूछताछ के दौरान बताया कि एक संगठित सक्रिय गैंग के सदस्य है। इनकी निशानदेही पर बगल के होटल से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक मौसम राजा है, जो नालंदा का रहने वाला है। दूसरा श्रवण कुमार गया का है। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि गैंग के दो सदस्य चोरी करने गए है। पुलिस ने घेराबंदी कर कुंदन मिश्रा और एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया है।

## दफादार चौकीदार संघ का धरना प्रदर्शन:लखीसराय में डीएम को सौंपा 8 सूत्री मांग पत्र, बहाली की मांग को लेकर पटना में जुटेंगे




लखीसराय. बिहार राज्य दफादार चौकीदार पंचायत जिला इकाई द्वारा बुधवार को सड़क पर प्रदर्शन करने के बाद जिला समाहरणालय परिसर में स्थित निर्धारित धरना स्थल पर राज्य उपाध्यक्ष राम विलास पासवान की अध्यक्षता में धरना दिया गया। राष्ट्रीय महासचिव डॉ संत सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन के उपरांत अपनी 8 सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र को सौंप कर समाधान की मांग की। धरना कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव अरुण कुमार राम कर रहे थे। धरना को संबोधित करते हुए डॉ संत सिंह ने दफादार चौकीदारों से पूर्व में सेवानिवृत और स्वैच्छिक सेवानिवृत होने वाले दफादार चौकीदारी के आश्रित को बहाली की मांग पर पटना में निर्धारित 11 नवम्बर को राज्य स्तरीय प्रदर्शन में एकजुट होकर भाग लेने का आह्वान किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में राज्य उपाध्यक्ष ने मांग की कि जिला कटिहार की तरह चौकीदार को दफादार में दफादार को वरीय दफादार मे पदोन्नति किया जाए साथ ही साथ 34 वर्ष बाद भी जिन दफादार चौकीदार का एसपी और एमएसीपी का लाभ नहीं मिला है। उन्हें तुरंत प्रदान किया जाए। सेवांत लाभ का विपत्र सामान्य प्रशाखा में दो साल से लंबित रहने से बेटा बेटी का शादी विवाह रुक गया है। इसके लिए अविलम्ब पुलिस अधीक्षक को भेजा जाए। जिला महासचिव राम ने मांग की है कि सप्ताह में हरेक दफादार को बुलाकर पुलिस लाइन में पेड़ कटवाना,नाला साफ करा रहे हैं। इससे दफादार चौकीदारी मे काफी आक्रोश है। इस वेगारी एवं शोषण पर रोक लगे क्षेत्र से बाहर ड्यूटी नहीं ली जाए। इनकी 8 सूत्री मांग पत्र में वर्दी भत्ता का भुगतान करने, अंचलाधिकारी द्वारा तैयार विपत्र पर वेतन का भुगतान देने, सामान्य शाखा में संचिका का प्रभार दूसरे को देने आदि शामिल है। इस कार्यक्रम में संघ के विष्णुधारी पासवान विनोद कुमार विमल कुमार, बरुण पासवान भगवान पासवान बच्चु यादव, नन्द किशोर पासवान, कुंवर पासवान, छोटू पासवान, सुबोध पासवान घनश्याम तिवारी रंजन कुमार, महेश सिन्हा, योगी पासवान, पिन्टू कुमार पासवान, रामदास पासवान, रामविलास पासवान, संजय कुमार पासवान, कृष्णनंदन कुमार,भीम राम वीरेन्द्र पासवान, पवन कुमार आदि ने भी बढ़ चढ़कर सहभागिता दिया।

## वज्रपात से होटल-दुकान में लगी आग, 15 लाख का नुकसान:18 गैस सिलेंडर निकाल लोगों ने बड़े हादसे को टाला, आग बुझाने में लगे तीन घंटे

पूर्णिया. पूर्णिया में सोमवार रात आंधी-बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से होटल और दुकान में आग लग गई। करीब 15 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि वज्रपात से पहले होटल और दुकान बंदकर संचालक और स्टाफ घर जा चुके थे। होटल में 18 गैस सिलेंडर रखे थे, उसे पहले ही निकाल लिया गया। अगर ऐसा नहीं होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग बुझाने में कुछ दमकल कर्मी भी मामूली रूप से झुलस गए। चार दमकल की गाड़ियां स्थिति पर काबू पाने आईं थीं। 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। करीब 12 से 1 बजे के बीच कसबा ओवरब्रिज फोरलेन के पास घटना हुई। अगलगी की सूचना मिलते ही होटल और दुकान संचालक रात डेढ़ बजे मौके पर पहुंचे। हालांकि इससे पहले ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी थी। दर्जन भर दमकल कर्मियों की मदद से घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। पीड़ित होटल और दुकान संचालक की पहचान गणेश चौरसिया के रूप में हुई है। जो कसबा के रहने वाले हैं। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि रोजाना की तरह समय पर करीब 10 बजे होटल और दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोने की तैयारी में थे कि तभी रात के करीब 1 बजे स्थानीय दुकानदारों होटल में आग लगने की सूचना दी। आधे घंटे में करीब 1:30 बजे अपने होटल पहुंचे।

## 4 साल से बंद रीगा शुगर मिल होगी चालू:बिहार में बढ़ेगा चीनी का उत्पादन : गन्ना मंत्री



पटना. बिहार का रीगा शुगर मिल का चालू होने वाला है। 4 साल बाद यह मिल अपना उत्पादन शुरू करेगा। शिवहर और सीतामढ़ी के किसानों को किसी दूसरे जिले के मिल की ओर झांकना नहीं पड़ेगा। गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णानंद पासवान ने इसकी घोषणा की है। दरअसल, रीगा शुगर मिल को लेकर सरकार ने चार टेंडर जारी किए। तीन टेंडर जारी हुए और यूं ही रह गए। मील से उत्पादन नहीं हो सका। अब चौथे टेंडर में मिल चालू होने का रास्ता साफ हुआ है। मेसर्स निरानी शुगर को लेटर आफ इंटेंट जारी किया गया है। यह कंपनी देश की प्रमुख चीनी उत्पादन करने वाली कंपनी में से एक है। रीगा चीनी मिल खुले जाने का रास्ता मिलने पर गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णानंद पासवान कहते हैं कि हम लोगों की कोशिश कामयाब हुई। सुगर मिल को लेकर न्यायालय तक का रास्ता तय करना पड़ा। 19 फरवरी 2020 से रीगा चीनी मिल बंद थी। मामला NCLT में गया था। गन्ना उद्योग मंत्री बताते हैं कि रीगा चीनी मिल से सीतामढ़ी और शिवहर के किसानों को फायदा होगा। इन दोनों जिलों के गन्ना किसान फिलहाल विष्णु शुगर मिल और सीरवली शुगर मिल को अपनी फसल दे रहे थे।

### 2.5 लाख हेक्टेयर में खेती

बिहार में गन्ना की खेती 2.5 लाख हेक्टेयर में होती है। गोपालगंज, पश्चिम और पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर जैसे जिलों में बड़े पैमानों पर गन्ना की खेती होती है। बिहार में 128 दिन चीनी मिल में पेराई की जाती हैं। बिहार में 2006-07 में 4.5 लाख मैट्रिक चीनी उत्पादन था जो 2023-24 में बढ़कर 6.7 लाख टन हो गया है।

### चीनी उद्योग कर्मी का 30 साल से वेतन बकाया

बिहार में 5 हजार चीनी उद्योग से जुड़े कर्मियों का वेतन भुगतान नहीं हो सका है। 20 से 30 सालों से वेतन बकाया है। इस मामले पर गन्ना उद्योग मंत्री चंदन पासवान बताते हैं कि बिहार राज्य चीनी उत्पादन निगम को भंग होने के बाद कर्मचारी सड़क पर आ गए। उनका अब तक वेतन भुगतान भी नहीं हुआ। वेतन भुगतान को लेकर विभाग में नौ बार विज्ञापन निकला। विज्ञापन के बाद 10 हजार कर्मियों ने वेतन भुगतान को लेकर दावा पेश किया। वह आगे कहते हैं कि 1 हजार से 5 हजार रुपए बकाया वेतन भुगतान के लिए कोई सामने नहीं आ रहा। वह आगे बताते हैं कि उनकी कोशिश है कि ऐसे कर्मियों के घर तक जाएंगे और वेतन भुगतान करवाएंगे। इधर, गन्ना उद्योग की माने तो 10 हजार कर्मियों के वेतन भुगतान के लिए 222 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। जिलाधिकारी के पास 60 से 70 करोड़ रुपए एडवांस रखे गए हैं। कर्मियों के बकाया वेतन भुगतान के लिए बिहार सरकार ने एग्जिट सेटलमेंट प्लान लाया था।

# एयरटेल पेमेंट बैंक लूट मामले में शामिल 2 अपराधी गिरफ्तार

मोतिहारी. एयरटेल पेमेंट बैंक में हुए लूट कांड का मोतिहारी में पुलिस ने आखिरकार खुलासा कर लिया है। लूट की साजिश रचने वाला कोटेक महिंद्रा का कलेक्शन एजेंट और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। हालांकि लूट की घटना को अंजाम देने वाला अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। लूट के राशि का 20 प्रतिशत हिस्सा उनको मिलने वाला था।

सदर एएसपी शिखर चौधरी ने बताया कि 17 सितंबर की देर शाम नगर थाना क्षेत्र के बलुआ टाल स्थित एयरटेल पेमेंट बैंक में दो अपराधियों ने हथियार के दम पर एक लाख 15 रुपये लूट कर फ़रार हो गया था। जब दुकानदारों ने उनका पीछा किया तो हवा में फायरिंग करते हुए वहां से फरार हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने मेरे नेतृत्व में एस आई टी का गठन कर दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने का निर्देश दिया। इतना ही दोनों कि गिरफ़्तारी में हो रहे देरी को देखते हुए दोनों अपराधियों के विरुद्ध दस दस हज़ार रुपया के इनाम का घोषणा किया था, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों अपराधियों को लूट के 10,000 रुपयों के साथ गिरफ्तार किया है। इस दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने खुलासा करते हुए बताया कि अनुज कोटेक महिंद्रा बैंक में कलेक्शन का काम करता था।अंशु कुमार उसका साथी है, जब अनुज कोटेक में काम करता था उसी दौरान उसकी मुलाकात अब्दुल गन्नी से हुई, जिसके बाद अनुज ने पूरी लूट की घटना का योजना बनाया और आदमी हायर किया। इस दौरान लूट का 20 प्रतिशत इसे मिलता इस पर डील फाइनल हुई, उसके बाद लूट कि घटना को अंजाम दिया गया। जब इसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 10 हजार रुपए भी बरामद हुआ है। उसके अपने अन्य साथी के नाम का खुलासा किया है। एएसपी ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान में पता चला कि लूट की राशि का अनुज कुमार और अंशु कुमार अपने में बंटवारा कर घर में छुपा हुआ है, जिसके बाद सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान बताया कि प्रतीक सिंह के इशारे पर हमने इस घटना के दिन रेकी की थी और पैसे का बंटवारा कमीशन के तौर पर 20 प्रतिशत में तय हुआ था, जिसमें 10 हजार मिला है।बाकी कुछ दिन बाद देने की बात हुई थी। पुलिस प्रतीक सिंह और गनी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जल्दी उसकी गिरफ्तारी भी की जाएगी। दोनों की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार के इनाम का घोषणा ए एसपी शिखर चौधरी ने बताया कि प्रतीक और गन्नी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार के इनाम का घोषणा किया गया है। अगर चार दिनों के अंदर कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो घर की कुर्की की जाएगी।

## दिल्ली में ईदगाह के पास वक्फ की जमीन पर लगेगी लक्ष्मीबाई की मूर्ति

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन पर वक्फ बोर्ड के दावे को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। अब डीडीए इस जमीन पर रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाएगा। हाईकोर्ट के फैसले के बाद डीडीए के अधिकारियों ने प्रतिमा स्थापित करने के लिए खुदाई भी शुरू कर दी है। शाही ईदगाह के पास की इस जमीन पर फैसला आने के बाद डीडीए और एमसीडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मूर्ति लगाने का काम शुरू कर दिया है। सुरक्षा की दृष्टि से ईदगाह परिसर के चारों और बैरिकेडिंग लगाकर आने-जाने वालों के लिए रास्ते को बंद कर दिया है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने 13 हजार वर्ग मीटर के पार्क को डीडीए की संपत्ति घोषित करते हुए वक्फ बोर्ड के दावे को खारिज कर दिया है। इस मामले में वक्फ बोर्ड ने दावा किया था कि ये जमीन उनकी है, लेकिन कोर्ट ने डीडीए के पक्ष में फैसला सुनाया है. इससे रानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा लगाने का रास्ता साफ हो गया है। हाईकोर्ट के इस फैसले पर प्रतिमा स्थापना के समर्थक खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला महारानी लक्ष्मी बाई की विरासत को सम्मानित करने के लिए एक अहम कदम है। उधर माना जा रहा है कि हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ अब वक्फ बोर्ड सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है।

## 2024-25 में भारत की ग्रोथ रेट सात फीसदी रखी, इकानॉमी में आएगा उछाल

नई दिल्ली.(ईएमएस)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए भारत की ग्रोथ रेट का अनुमान सात फीसदी पर स्थिर रखा है। एडीबी ने कहा कि बेहतर एग्रीकल्चर प्रोडक्शन और गवर्नमेंट के बढ़ते खर्च से आने वाले महीनों में इकनॉमिक एक्टिविटी में उछाल देखने को मिलेगा। सितंबर में जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) रिपोर्ट में एडीबी ने कहा कि इस फाइनेंशियल ईयर में एक्सपोर्ट पहले के अनुमान से ज्यादा रहेगा, जिसमें सर्विस एक्सपोर्ट्स का बड़ा योगदान रहेगा। हालांकि, अगले फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में गुड्स एक्सपोर्ट ग्रोथ थोड़ी स्लो रह सकती है। एडीबी का अनुमान है कि फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में भारत की जीडीपी ग्रोथ सात फीसदी रहेगी, जबकि 2025-26 में यह 7.2 फीसदी तक बढ़ सकती है। यह आंकड़े एडीबी के अप्रैल 2024 के पूर्वानुमानों के मुताबिक हैं। इस दौरान, भारत की इकनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स मजबूत बने रहेंगे। एडीबी रिपोर्ट के मुताबिक, इस फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में सर्विस एक्सपोर्ट्स में वृद्धि देखने को मिलेगी, जबकि गुड्स एक्सपोर्ट थोड़ा धीमा रह सकता है। प्राइवेट कंजम्प्शन में भी सुधार की उम्मीद है, खासकर एग्रीकल्चर से प्रेरित रूरल डिमांड और पहले से ही मजबूत अर्बन डिमांड की वजह से।

## 'मेक इन इंडिया' 10वीं सालगिराहः आंदोलन को सफल बनाने वालों को पीएम ने दी बधाई

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मेक इन इंडिया' की 10वीं सालगिराह पर बुधवार को कहा कि इससे कई क्षेत्रों में निर्यात बढ़ा है, क्षमता का निर्माण हुआ है और अर्थव्यवस्था भी मजबूत हुई है। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज हम मेक इन इंडिया के दस साल का जश्न मना रहे हैं। मैं उन सभी को बधाई देता हूं जो पिछले दशक के दौरान इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए भरपूर कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया देश को विनिर्माण और नवाचार का पावरहाउस बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह ध्यान देने वाली बात है कि इन दस सालों में कई क्षेत्रों में निर्यात कैसे बढ़ा है, क्षमता निर्माण हुआ है और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार हरसंभव तरीके से मेक इन इंडिया को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुधारों में भारत की प्रगति भी जारी रहेगी। हम सब मिलकर आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेंगे। देश में निर्माण को बढ़ावा देने और संवर्धन के लिए पीएम मोदी ने 25 सितम्बर 2014 को मेक इन इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य भारत को महत्वपूर्ण निवेश एवं निर्माण, संरचना तथा अभिनव प्रयोगों के वैश्विक केंद्र के रुप में विकसित करना था।

## शास्त्रीय संगीत की दिग्गज, माधुरा जसराज का निधन

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रतिष्ठित गायक पंडित जसराज की पत्नी और महान फिल्म निर्माता डॉ. वी. शांताराम की बेटी, माधुरा जसराज का बुधवार को निधन हो गया। उनका निधन उनके निवास स्थान पर हुआ, और उनकी उम्र 86 साल थी। माधुरा के निधन की वजह उम्र से संबंधित बीमारियों को बताया जा रहा है। माधुरा के निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है, जहां उन्हें एक महान निर्माता और एक अद्भुत इंसान के रूप में याद किया जा रहा है। माधुरा के दो बच्चे, दुर्गा जसराज और शरंग देव हैं। दुर्गा ने अपने मां के निधन की पुष्टि कर कहा, मां की तबीयत काफी खराब चल रही थी। आज उन्होंने हम सभी को छोड़ दिया। यह एक बहुत ही दुखद समय है। उनके परिवार और करीबी दोस्तों ने भी इस दुखद समाचार पर शोक व्यक्त किया है। माधुरा का करियर उनके पति, पंडित जसराज के साथ गहरे जुड़ा हुआ था। उन्होंने कई डॉक्यूमेंट्री और नाटक का निर्देशन किया, जो शास्त्रीय संगीत और भारतीय संस्कृति को उजागर करते थे। माधुरा ने अपने पति की बायोग्राफी भी लिखी, जो संगीत प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय हुई। 2010 में, माधुरा ने अपनी पहली मराठी फिल्म आई तुझा आशीर्वाद का निर्देशन किया।

## इकोनॉमिक एक्सपर्ट्स का सुझाव, सीपीआई में सुधार के लिए घरेलू उपभोग पर किए जाने वाले खर्च पर नियमित सर्वे की जरूरत

देश में घरेलू उपभोग पर किए जाने वाले खर्च पर नियमित सर्वेक्षण आयोजित किए जाने चाहिए ताकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और अन्य व्यापक आर्थिक संकेतकों के आधार संशोधन के लिए ताजा जानकारी उपलब्ध हो सके। यह सुझाव अर्थशास्त्रियों और विभिन्न इकोनॉमिक एक्सपर्ट्स ने सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में दिया। यह सम्मेलन बुधवार को मुंबई में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें 50 से अधिक विभिन्न संगठनों के इकोनॉमिक एक्सपर्ट्स और अर्थशास्त्री शामिल हुए। इसमें मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन, आर्थिक मामलों के विभाग में सचिव अजय सेठ, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य नीलेश शाह और अर्थशास्त्री गणेश कुमार और इला पटनायक ने भाग लिया। सांख्यिकी मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा, "इस सम्मेलन से प्राप्त प्रमुख सुझावों में, घरेलू उपभोग पर किए जाने वाले खर्च पर नियमित सर्वेक्षण आयोजित किए जाने की सिफारिश की गई ताकि सीपीआई और अन्य व्यापक आर्थिक संकेतकों के आधार का संशोधन समय-समय पर हो सके।

# राहुल बोले- जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड के लिए सड़क पर उतरेंगेः राज्य का दर्जा छीनकर यूटी बना दिया, भारत के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ

**जम्मूः** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू में कहा कि अगर विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं दिया तो इंडिया ब्लॉक संसद के अंदर अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा और जरूरत पड़ी तो सड़क पर भी उतरेगा। राहुल यहां एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब 2019 में जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटा गया था, तो यहां के लोगों के साथ बहुत अन्याय हुआ है। भारत के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि हमने किसी राज्य का राज्य का दर्जा छीन लिया हो और उसे केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया हो। यह तीन हफ्तों में राहुल गांधी का तीसरा जम्मू-कश्मीर दौरा है। इसके पहले 4 सितंबर को उन्होंने बनिहाल और दूरू का दौरा किया था, वहीं 23 सितंबर को वे सुरनकोट और सेंट्रल-शाल्टेंग आए थे। आज जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तहत दूसरे चरण का मतदान हो रहा है।



### हम चाहते थे कि चुनाव से पहले राज्य का दर्जा बहाल किया जाए

बारामूला में राहुल ने कहा- हम चाहते थे कि चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। जम्मू-कश्मीर के सभी लोग यही चाहते थे कि राज्य का दर्जा बहाल होने के बाद चुनाव हों... लेकिन ऐसा नहीं हुआ, पहला कदम चुनाव है। लेकिन इसके बाद जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना होगा। इसके लिए इंडिया ब्लॉक संसद में प्रधानमंत्री मोदी पर दबाव डालेगा। अगर वे ऐसा नहीं करते, तो जैसे ही इंडिया ब्लॉक केंद्र में सरकार बनाएगा, हम आपका राज्य का दर्जा बहाल करेंगे।

### सुरनकोट में राहुल ने कहा था- नरेंद्र मोदी पहले जैसे नहीं रहे

दो दिन पहले राहुल ने सुरनकोट में कहा था- जो 56 इंच की छाती वाले नरेंद्र मोदी पहले थे, अब वे वैसे नहीं हैं। लोकसभा में उनके सामने खड़ा होता हूं। मुझे साफ दिखता है कि उनका आत्मविश्वास खत्म हो गया है। वे कानून लाते हैं, हम उनके सामने खड़े हो जाते हैं, वे कानून पास नहीं कर पाते हैं। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी के आत्मविश्वास में कमी आई है। आज उनसे जो भी विपक्ष कराना चाहता है, वह कराता है। भाजपा भाई-भाई को लड़वाती है।

### बीजेपी पर नफरत फैलाने का आरोप

बीजेपी के लोग जम्मू-कश्मीर में और बाकी स्टेट में 24 घंटा नफरत और हिंसा फैलाते हैं। ये और कुछ जानते नहीं है। ये सिर्फ नफरत फैलाना जानते हैं। इनकी राजनीति भी नफरत की राजनीति है। आप जानते हैं, नफरत को नफरत से नहीं काटा जा सकता है।

ये लोग बांटने का काम करते हैं। जहां भी जाते हैं, एक जात को दूसरी जात से, एक धर्म को दूसरे धर्म से ये बांटते हैं और लड़ाने की बात करते हैं। ये लोग गुर्जर भाई को भी लड़ाने की कोशिश करते हैं। ये इनका जो प्रोजेक्ट है, यह फेल होगा। हम सबको एक साथ लेकर सबके हक को देकर हम आगे बढ़ेंगे।

नफरत को सिर्फ मोहब्बत से काटा जाता है। इसलिए ये जो विचारधारा की लड़ाई है, एक तरफ नफरत फैलाने वाले लोग हैं, दूसरी तरफ मोहब्बत फैलाने वाले लोग हैं। हमारा मैसेज है कि नफरत से किसी को फायदा नहीं होता है। नफरत के बाजार में हर स्टेट में हमने मोहब्बत की दुकान खोली।

### पीएम के आत्मविश्वास पर

मोदी जी की साइकोलॉजी को हमने तोड़ दिया है। उनके चहरे पर साफ दिखता है कि जो पहले नरेंद्र मोदी थे अब वो नहीं रहे। चुनाव के दौरान उन्होंने कहा कि मैं तो बायोलोजिकल नहीं हूं, मतलब मेरा डायरेक्टली कनेक्शन ऊपर है, मैं डायरेक्ट बात करता हूं। इससे पता चलता है कि उनका आत्मविश्वास टूट गया है।

### जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड दिलाने की मांग

हिंदुस्तान में पहले यूनियन टेरिटरी को स्टेट में बदला गया है। बहुत बार हुआ है कि यूनियन टेरिटरी को स्टेट में बदला गया है। स्टेट के दो भाग भी किए हैं। मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ निकाला गया। झारखंड बिहार में से बनाया गया, लेकिन पहली बार किसी स्टेट को यूटी बनाया गया। आपका लोकतांत्रिक हक आपसे छीना गया है। यह हिस्ट्री में पहली बार हुआ है। हमारी मांग है कि एक बार फिर आपको स्टेट का हक दिया जाए। नोटबंदी, गलत जीएसटी लागू किया। छोटे बिजनेसमैन को इन्होंने खत्म किया। इससे हिंदुस्तान में कहीं भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है। यही हालात जम्मू-कश्मीर में है। आज बाहर के लोग यहां का फैसला लेते हैं। आपकी सरकार को चलाने में आपकी आवाज ही नहीं है। आपकी सरकार दिल्ली से चलती है।

# केजरीवाल का भागवत को लेटर, 5 सवाल पूछेः क्या बीजेपी का सरकारें गिराना सही, मोदी 75 की उम्र के बाद रिटायर होंगे

**नई दिल्लीः** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत को लेटर लिखकर पांच सवाल पूछे हैं। उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिटायरमेंट तक कई मुद्दों पर सवाल पूछे। केजरीवाल ने लिखा कि वे देश के मौजूदा हालात से बहुत चिंतित हैं और भाजपा सरकार की नीतियों को देश के लिए हानिकारक मानते हैं। अगर यह स्थिति जारी रही तो देश के लोकतंत्र को खतरा हो सकता है। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने ये लेटर आम नागरिक की हैसियत से लिखा है, न कि एक राजनीतिक पार्टी के नेता के तौर पर।



### केजरीवाल के मोहन भागवत से 5 सवाल...

**1. दूसरी पार्टियों के नेताओं को तोड़ने परः** देशभर में नेताओं को लालच या फिर ईडी-सीबीआई की धमकी देकर दूसरी पार्टियों से तोड़ा जा रहा है और सरकारें गिराई जा रही हैं। क्या इस तरीके से चुनी हुई सरकारों को गिराना सही है? क्या आरएसएस को यह मंजूर है?

**2. भ्रष्ट नेताओं का बीजेपी में शामिल होनाः** कुछ नेताओं को खुद प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने भ्रष्टाचारी कहा, लेकिन कुछ दिन बाद उन्हें बीजेपी में शामिल कर लिया गया। क्या आरएसएस ने ऐसी बीजेपी की कल्पना की थी? क्या आपको यह सब देखकर कष्ट नहीं होता?

**3. बीजेपी को सही दिशा देने परः** आरएसएस की जिम्मेदारी है कि यदि बीजेपी गलत राह पर जाए तो उसे सही राह पर लाया जाए। क्या आपने कभी पीएम मोदी को गलत कामों से रोकने की कोशिश की है?

**4. आरएसएस और बीजेपी के संबंध परः** जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव के दौरान कहा कि अब बीजेपी को आरएसएस की जरूरत नहीं है। इस बयान से आरएसएस कार्यकर्ता आहत हुए थे। आप इस पर क्या सोचते हैं?

**5. बीजेपी के 75 साल के रिटायरमेंट कानून परः** 75 साल की उम्र के बाद बीजेपी नेताओं को रिटायर करने का कानून बना था, जिसके तहत आडवाणी जी और मुरली मनोहर जोशी जी जैसे नेताओं को रिटायर किया गया। क्या अब इस कानून का पालन हो रहा है और क्या इसे पीएम मोदी पर भी लागू होना चाहिए?

केजरीवाल ने उम्मीद जताई कि मोहन भागवत इन सवालों के जवाब देंगे और देश को इन मुद्दों पर उनकी राय जानने का मौका मिलेगा। केजरीवाल ने भागवत से यही 5 सवाल 22 सितंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जनसभा के दौरान पूछे थे। आतिशी ने 21 सितंबर को दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उपराज्यपाल (विनय सक्सेना ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए।

वे दिल्ली की सबसे युवा (43 साल) सीएम हैं। इससे पहले केजरीवाल 45 साल की उम्र में सीएम बने थे। आतिशी बतौर महिला सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित के बाद दिल्ली की तीसरी महिला सीएम हैं।

आतिशी ने शिक्षा, पीडब्ल्यूडी और वित्त समेत 13 विभाग अपने पास रखे। वहीं, सौरभ भारद्वाज को हेल्थ समेत 8 प्रमुख विभाग का जिम्मा दिया गया। आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं।

# हाईकोर्ट बोला- बदलापुर की घटना को एनकाउंटर मानना मुश्किलः रिपोर्ट बताती है गोली सिर पर मारी

**मुंबई :** ठाणे के बदलापुर में नर्सरी की दो बच्चियों के साथ यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के एनकाउंटर पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को सवाल उठाए। कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा- हम कैसे मान लें कि 4 अफसर एक आरोपी को संभाल नहीं पाए। हथकड़ी भी लगी थी, अगर सेल्फ डिफेंस जैसी स्थिति थी तो आरोपी के पैर पर गोली मारते हैं, सिर में नहीं। बेंच ने कहा- अगर गोली चलाने वाला अफसर असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर है, तब वह यह नहीं कह सकता कि उसे रिएक्ट कैसे करना है, इसकी जानकारी नहीं थी। उसे पता होना चाहिए कि फायर कहां करना है। कोर्ट ने कहा- जैसे ही आरोपी ने ट्रिगर दबाया 4 लोग आसानी से उस पर काबू पा सकते थे। वो कोई बहुत मजबूत आदमी नहीं था। यह स्वीकार करना बहुत मुश्किल है। इसे एनकाउंटर नहीं कहा जा सकता है। अक्षय के पिता ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाकर एनकाउंटर की SIT से जांच की मांग की है। इस पर जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की बेंच ने सुनवाई की। अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी।

### सीएम शिंदे बोले- आरोपी की पत्नी उसे हैवान कहती है

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पुलिस ने अक्षय शिंदे पर सेल्फ डिफेंस में गोली चलाई। शिंदे ने कहा कि अगर वो भाग जाता तो विपक्ष पूछता कि पुलिस के हाथों में बंदूक नहीं, शो पीस थे क्या। कहते कि हमने उसे भागने क्यों दिया। शिंदे इंडिया टुडे के कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस एनकाउंटर पुलिसवाला घायल हुआ हमें पुलिस का सपोर्ट करना चाहिए। अक्षय शिंदे की 4 बीवियां थीं, एक भाग गई और उसने पुलिस में केस दर्ज कराया। उसने अक्षय पर अननैचुरल सेक्स का आरोप लगाया और कहा कि वो राक्षस है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बोले कि बदलापुर में जिन लड़कियों का रेप हुआ, वो आरोपी की बेटियों की उम्र की थीं।

### चीन से 75% विवाद खत्म होने पर जयशंकर की सफाई

# कहा- मेरा बयान सिर्फ सैनिकों के पीछे हटने पर था, बाकी मुद्दों पर चुनौती बरकरार

**भारत** के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन के साथ 75% विवाद हल होने वाले अपने बयान को लेकर बुधवार को सफाई दी। उन्होंने न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में कहा, 'मैंने यह बात सिर्फ सैनिकों के पीछे हटने के संदर्भ में कही थी। चीन के साथ दूसरे मुद्दों पर अभी भी चुनौती बनी हुई है।' उन्होंने कहा, 'चीन के साथ भारत का इतिहास मुश्किलों से भरा रहा है।' जयशंकर ने कहा, 'चीन के साथ LAC पर हमारा समझौता था, लेकिन उन्होंने साल 2020 में कोरोना महामारी के दौरान कई सैनिकों को तैनात कर समझौते का उल्लंघन किया। इसके बाद आशंका थी कि कोई हादसा होगा और ऐसा हुआ भी। झड़प हुई और दोनों तरफ के लोग हताहत हुए।' जयशंकर ने कहा कि चीन के इस फैसले से दोनों तरफ के रिश्ते प्रभावित हुए। अब हम टकराव वाले बिंदुओं पर पीछे हटने के ज्यादातर मामलों को



सुलझाने में सक्षम हैं, लेकिन गश्त से जुड़े कुछ मुद्दों को हल करने की जरूरत है। अब अगला कदम तनाव कम करना होगा।'

12 सितंबर को जयशंकर ने एक समिट में कहा था, 'भारत को चीन के साथ सीमा वार्ता में कामयाबी मिली है। लगभग 75% विवाद सुलझ गए हैं। सीमा पर दोनों देशों की सेनाओं का एक-दूसरे के आमने-सामने होना एक बड़ा मुद्दा है। अगर सीमा विवाद का समाधान हो जाता है, तो भारत-चीन संबंधों में सुधार संभव है।' जयशंकर ने कहा था कि 2020 में चीन और भारत के बीच गलवान में हुई झड़प ने दोनों देशों के रिश्तों को बुरी तरह प्रभावित किया। सीमा पर हिंसा होने के बाद कोई यह नहीं कह सकता कि बाकी रिश्ते इससे प्रभावित नहीं होंगे। इससे पहले भी विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन के साथ रिश्तों पर बात कर चुके हैं।

### चीन ने कहा था- लद्दाख हमारा हिस्सा

चीन ने कश्मीर में आर्टिकल 370 हटने के बाद दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की निंदा की थी। चीन ने कहा था कि इस फैसले का बीजिंग पर कोई फर्क नहीं पड़ता। भारत-चीन बॉर्डर का पश्चिमी हिस्सा हमेशा से चीन का रहा है। चीन ने आगे कहा था- हमने कभी भी भारत के एकतरफा और अवैध तौर पर स्थापित केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को मान्यता नहीं दी है। भारतीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ये सच्चाई नहीं बदल सकती कि सीमा का पश्चिमी हिस्सा चीन का है।

## एना सेबेस्टियन की मौत के बाद श्रम विभाग का कंपनी पर एक्शन

पुणे (ईएमएस)। महाराष्ट्र के पुणे में अर्न्स्ट एंड यंग (ईवॉय) कंपनी के पुणे ऑफिस में 26 साल की सीए एना सेबेस्टियन की मौत मामले में श्रम विभाग के अधिकारी जांच करने पहुंचे। जांच में सामने आया कि ईवॉय कंपनी 2007 से स्टेट परमिट के बिना काम कर रही है। महाराष्ट्र के एडिशनल श्रम कमिश्नर शैलेंद्र पोल ने कहा कि कंपनी के पास शॉप एंड एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत दिया जाने वाला सर्टिफिकेट नहीं था। यह कानून किसी भी कंपनी में कर्मचारी के अधिकतम 9 घंटे (हफ्ते में 48 घंटे) की ड्यूटी करने की इजाजत देता है। इस पर ईवॉय कंपनी को जवाब देने के लिए 7 दिन का वक्त दिया है। दरअसल, एना की 20 जुलाई को कार्डियक अरेस्ट से मौत हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, एना पर वर्कलोड के चलते कार्डियक अरेस्ट आया था। मौत से कुछ दिन पहले जब माता-पिता एना से मिलने पुणे आए तब एना ने सीने में दर्द की शिकायत की। डॉक्टर को दिखाने पर पता चला था कि ऑफिस वर्कलोड के चलते एना परेशान थी। एना के पेरेंट्स का कहना है कि उनकी बेटी डॉक्टर से मिलने के बाद ऑफिस लौट गई थी। रात में देर से घर आई और अगली सुबह फिर जल्दी चली गई। जिसके बाद 20 जुलाई को एना की मौत हो गई।

## कृषि कानूनों की वापसी वाले बयान पर कंगना की माफीः बोली- शब्द वापस लेती हूं

**हरियाणा :** बीजेपी सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनोट ने कृषि कानूनों को लेकर दिए बयान पर बुधवार को माफी मांग ली। कहा, 'यदि मेरे अपने बयान से किसी को निराशा हुई है तो मैं अपने शब्द वापस लेती हूं।' एक्ट्रेस का यह बयान भाजपा के किनारा कर लेने के बाद आया। सुबह बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने वीडियो जारी कर कहा था कि कंगना को 3 कृषि कानूनों पर बोलने का हक नहीं है। कंगना ने 23 सितंबर को हिमाचल में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था,' किसानों के जो लॉ हैं, जो रोक दिए गए, वे वापस लाने चाहिए। किसानों को खुद इसकी डिमांड करनी चाहिए।'

### राहुल बोले- सरकार की नीति कौन तय कर रहा

राहुल गांधी ने 25 सितंबर को सोशल मीडिया पर कहा, 'सरकार की नीति कौन तय कर रहा है। एक बीजेपी सांसद या प्रधानमंत्री मोदी। 700 से ज्यादा किसानों, खास कर हरियाणा और पंजाब के किसानों की शहादत ले कर भी बीजेपी वालों का मन नहीं भरा। इंडिया हमारे अन्नदाताओं के विरुद्ध बीजेपी का कोई भी षडयंत्र कामयाब नहीं होने देगा। अगर किसानों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई भी कदम उठाया जाएगा तो मोदी जी को फिर से माफी मांगनी पड़ेगी।' कंगना ने X पर वीडियो जारी कर कहा, 'बीते कुछ दिनों में मीडिया ने मुझसे फार्मर्स लॉ (कृषि कानून) पर कुछ सवाल किए। और मैंने यह सुझाव दिया कि किसानों को फार्मर्स लॉ लाने का प्रधानमंत्री जी से निवेदन करना चाहिए।

मेरी इस बात से बहुत सारे लोग निराश हैं, और डिसअपॉइंटेड हैं। जब फार्मर्स लॉ प्रपोज (प्रस्तावित) हुए थे तो काफी सारे लोगों ने इनका समर्थन किया था। लेकिन, बड़ी ही संवेदनशीलता से और सहानुभूति से हमारे प्रधानमंत्री जी ने वे लॉ वापस ले लिए थे। और हम सब कार्यकर्ताओं का कर्तव्य बनता है कि हम उनके शब्दों की गरिमा रखें।'

# सीजेआई बोले-देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते : कर्नाटक हाईकोर्ट के जज ने बेंगलुरु के मुस्लिम इलाके को पाकिस्तान कहा था; फिर माफी मांगी

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जजों को हिदायत दी कि वे किसी समुदाय पर कमेंट करते वक्त लापरवाही ना बरतें। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच कर्नाटक हाईकोर्ट के जज के विवादित कमेंट का मामला सुन रही थी। जिसमें जज ने बेंगलुरु के एक हिस्से को पाकिस्तान कह दिया था। सीजेआई ने कहा कि आप देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते हैं। यह देश की एकता के मौलिक सिद्धांत के खिलाफ है। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस वी श्रीशनंदा के इस कमेंट का वीडियो वायरल हो गया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस मामले की सुनवाई शुरू की। वीडियो के वायरल होने के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने बिना परमिशन के कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी थी। इस पर सीजेआई ने कहा, 'कोर्ट की प्रक्रिया में अधिकतम पारदर्शिता लाने के लिए उसे ज्यादा से ज्यादा प्रकाश में लाने



की जरूरत है। कोर्ट में जो कुछ भी होता है उसे दबाना नहीं चाहिए। सब कुछ बंद कर देना नहीं है। इसके बाद जस्टिस श्रीशनंदा ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांग ली। सीजेआई की बेंच ने माफी मंजूर करते हुए केस बंद कर दिया है।

### सुप्रीम कोर्ट के जजों की सलाह

- लापरवाह तरीके से किए गए कमेंट किसी व्यक्ति का पक्षपात पूर्ण नजरिया बताते हैं, खासतौर से तब जब वे किसी जेंडर या कम्युनिटी पर किए गए हों। सुनवाई के दौरान जज ऐसे कमेंट से बचें, जो किसी समुदाय के खिलाफ हों या उसे नुकसान पहुंचाने वाला हो।
- इस केस को हम बंद कर रहे हैं, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक एज के दौर में न्यायधीशों और वकीलों को उचित कमेंट करना चाहिए और अपने व्यवहार को इस दौर के मुताबिक ढालना चाहिए।

### कोर्ट में मौजूद लोगों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी- लाइव स्ट्रीमिंग पर सुप्रीम कोर्ट

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर आए एक मैसेज का जिक्र किया। एसजी ने इस मैसेज को बहुत कठोर बताया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया को कंट्रोल नहीं किया जा सकता है और यह बहुत खतरनाक है। इस पर सीजेआई ने कहा, "इसका उत्तर यह नहीं है कि दरवाजे बंद कर दिए जाएं, सबकुछ बंद कर दिया जाए। कोर्ट में जो कुछ हो रहा है, उसे दबाना नहीं चाहिए। बेंच ने कहा, "सोशल मीडिया की पहुंच व्यापक है, इसमें कोर्ट की कार्यवाही की रिपोर्टिंग भी शामिल है। ऐसे में अब ज्यादातर हाईकोर्ट्स ने लाइव स्ट्रीमिंग के लिए नए नियम अपना लिए हैं। कोविड के समय इसकी जरूरत थी। न्याय देने के लिए अदालतों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और लाइव स्ट्रीमिंग को अपनाया था, ये तब अदालतों के लिए न्याय दिलाने का अहम जरिया थी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्याय की आत्मा ही निष्पक्ष और न्यायसंगत होना है। हर जज को अपने झुकाव का ध्यान होना चाहिए। इसी जागरूकता के आधार पर हम ईमानदारी से निष्पक्ष और न्याय संगत फैसला दे सकते हैं। हम इस बात पर इसलिए जोर दे रहे हैं, क्योंकि हर किसी को यह समझना जरूरी है कि फैसला सुनाने के पीछे सिर्फ वही मूल्य होने चाहिए, जिनका जिक्र भारतीय संविधान में किया गया है।

## सरकारी बही खातों में पिछले 6 सालों में घटी बेरोजगारी

सरकार के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे का आंकड़ा प्रकाशित हुआ है। इस रिपोर्ट के अनुसार 28 राज्यों में गोवा में सबसे ज्यादा 8.5 फ़ीसदी बेरोजगारी है। वहीं मध्य प्रदेश में सबसे कम एक फ़ीसदी से भी कम बेरोजगारी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के ठीक 11 दिन पहले यह रिपोर्ट जारी की गई है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा बेरोजगारी होने की बात विपक्षियों द्वारा कही जा रही है, जो इस रिपोर्ट ने गलत साबित कर दी है। सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है, पंजाब में वर्ष 2023-24 में 5.5 फ़ीसदी, राजस्थान में 4.2 फ़ीसदी, हरियाणा में 3.4 फ़ीसदी, महाराष्ट्र में 3.3 फ़ीसदी, उत्तर प्रदेश में 3.0 फ़ीसदी, बिहार में 3.0 फ़ीसदी, छत्तीसगढ़ में 2.5 फ़ीसदी, दिल्ली में 2.1 फ़ीसदी, झारखंड में 1.3 फ़ीसदी, गुजरात में 1.1 फ़ीसदी और मध्यप्रदेश में मात्र 0.9 फ़ीसदी बेरोजगारी के आंकड़े सामने आए हैं। लेबर फोर्स की सर्वे रिपोर्ट में 3.2 फ़ीसदी की औसत बेरोजगारी देश में है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017-18 में यह बेरोजगारी दर 6.1 फीसदी थी। 2022-23 में 3.2 फ़ीसदी थी। वर्ष 2023-24 में भी 3.2 फ़ीसदी औसत बेरोजगारी की दर रही है। सरकार महंगाई एवं बेरोजगारी के मामले में विपक्ष के आरोपों को नकारती आ रही है। सरकार का मानना है, महंगाई और बेरोजगारी पहले की तुलना में कम हुई है। बेरोजगारी की हालत में लगातार सुधार हुआ है। विपक्षी दल जनता को गुमराह कर रहे हैं लेबर फोर्स सर्वे रिपोर्ट में सबसे ज्यादा बेरोजगारी राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य में घटी है। दिल्ली में भी 7.6 फ़ीसदी बेरोजगारी कम हुई है। इस सर्वे रिपोर्ट को तीन वर्गों में बांटा गया है। एक वर्ग स्वरोजगार दूसरा वर्ग नौकरी पैसा और तीसरा दिहाडी मजदूरों का है। स्वरोजगार के मामले में यूपी में सबसे ज्यादा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। नौकरी पैशा के क्षेत्र में दिल्ली का नंबर सबसे उपर है। दिहाडी मजदूरों की बात करें, तो बिहार का नंबर सबसे ऊपर है। बहरहाल सरकार की रिपोर्ट में जो जानकारी दी गई है। उससे ऐसा लगता है कि भारत में बेरोजगारी कोई समस्या नहीं है। पढ़े-लिखे युवा जिस तरीके से करोड़ों की तादाद में बेरोजगार रहते हुए यहां से वहां नौकरी के लिए भटक रहे हैं। मजदूरों का पलायान एक राज्य से दूसरे राज्यों में हो रहा है। चपरासी की नौकरी के लिए लाखों आवेदन प्रस्तुत हो जाते हैं। बहुत बड़ी युवा आबादी काम की तलाश में यहां से वहां भटक रही है। सरकार के जो आंकड़े आए हैं, सरकार को उनकी एजेंसियों द्वारा जो आंकड़े प्रस्तुत किए जा रहे हैं, उसमें स्पष्ट रूप से सरकार को जो बताया जा रहा है, उसमें और वास्तविकता में साफ अंतर नजर आ रहा है। विपक्षी दलों द्वारा जो बात कही जा रही है। जनता उसे मान रही है तो, इसका मतलब है कि सरकार के पास या तो सही जानकारी नहीं है या सरकार जानते हुए भी अनजान बनी रहना चाहती है। हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में अगले कुछ महीनो में चुनाव होने वाले हैं। बेरोजगारी जैसे मसले पर यदि सरकार अपनी एजेंसियों के भरोसे और विश्वास करती रही। इससे भारतीय जनता पार्टी को भारी नुकसान होना तय माना जा रहा है। सरकार अपनी विफलता को छुपाने के लिए जिस तरह से कृत्रिम आंकड़ों का सहारा ले रही है। उससे सरकार को नुकसान होना तय है। हाल ही में जो रिपोर्ट प्रकाशित की गई है, वह बेरोजगारों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी है। इस रिपोर्ट से सरकार के खिलाफ नाराजी और भी बढ़ेगी। नवीन रिपोर्ट से बेरोजगारों का गुस्सा बढ़ना तय है। यही कहा जा सकता सरकार जो कहती है, उसे सही मानना सभी की विवशता है। सरकार की कही हुई बातों को असत्य नहीं माना जा सकता है। सरकार वस्तिविकता को जिस तरह से अनदेखी कर रही है उसके परिणाम सरकार और भाजपा के लिये बेहतर नहीं होंगे।

## हमारी विनाश सामग्री हमारी ही जेब में?

जब से मोबाईल फ़ोन प्रचलन में आया है तब से देश में ऐसे सैकड़ों हादसों की ख़बरें आईं जिनसे पता चला कि मोबाइल फ़ोन में ब्लॉस्ट हो गया। कभी उनकी बैटरी ओवर हीट होकर फट गयी तो कभी चार्जिंग में लगे सेलफ़ोन में विस्फ़ोट गया। याद कीजिये किसी समय में विश्व की सबसे बड़ी मोबाईल निर्माता कम्पनी मानी जाने वाली नोकिया को अपने मोबाईल में होने वाले विस्फ़ोट की घटनाओं के चलते 2007 में अपने BL-5C मोबाइल फ़ोन मॉडल की 46 मिलियन बैटरियों को वापस मंगाना पड़ा था। मोबाईल फ़ोन फटने की इन घटनाओं में अनेक लोगों के बुरी तरह से घायल होने यहाँ तक कि दर्जनों लोगों की मौत होने तक की ख़बरें आई थीं। केरल में त्रिशूर ज़िले के तिरुविल्वमला में, राजस्थान के बांसवाड़ा ज़िले में उत्तर प्रदेश के बरेली मेरठ व फर्रुखाबाद में, आंधप्रदेश के प्रकाशम ज़िले तथा ओडिशा आदि स्थानों में ऐसे अनेक हादसे हुये जहाँ मोबाईल में हुये विस्फ़ोट के कारण लोगों को अपनी जानें तक गंवानी पड़ीं। इसी तरह पिछली रिकार्ड तोड़ गर्मी के दौरान बढ़ते तापमान के चलते अनेक एयर कन्डीशन के कम्प्रेसर फटने यहाँ तक कि इन विस्फ़ोटों के परिणामस्वरूप घरों में आग लगने तक की ख़बरें आईं। इसके बाद 2017 में कोरियन स्मार्टफोन कंपनी सैमसंग ने अपने जिस फ़्लैगशिप स्मार्टफ़ोन गैलेक्सी नोट 7 को लॉन्च किया था उसकी लांचिंग के केवल दो सप्ताह बाद ही इस मोबाईल में चार्जिंग के दौरान विस्फ़ोट की शिकायत के कारण कंपनी ने इसकी बिक्री पर रोक लगा दी थी। बाद में गैलेक्सी नोट 7एस खरीद चुके नए स्मार्टफोन को कम्पनी ने बिना शर्त बदलने का निर्देश दिया। उसके साथ ही कम्पनी द्वारा दुनियाभर से गैलेक्सी नोट 7 वापस मांगे लिये गये। उस समय भारत में सैमसंग गैलेक्सी नोट 7 का मूल्य 59,900 रुपये था।

परन्तु इन सब दहशत पूर्ण घटनाओं के बावजूद जनमानस में भय व अविश्वास का ऐसा वातावरण कभी नहीं बना जैसा पिछले दिनों इस्राइल द्वारा छल कपट द्वारा लेबनान के विभिन्न शहरों में एक साथ अंजाम दिये गये पेजर व वॉकी टॉकी में हुये धमाकों और इनके परिणाम स्वरूप होने वाली तबाही के बाद उत्पन्न हुआ है। इन धमाकों में दर्जनों लोगों के मरने व तीन हज़ार से अधिक लोगों के घायल होने की ख़बरें हैं। पहले तो यह ख़बर थी कि लेबनान में धमाके से फटने वाले पेजर को ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी गोल्ड अपोलो द्वारा बनाया गया था। जबकि गोल्ड अपोलो ने इस पेजर को बनाने से साफ़ इनकार कर रही है। गोल्ड अपोलो कंपनी, हंगरी की एक कंपनी को इसके निर्माण का ज़िम्मेदार बता रही है। गोल्ड अपोलो का दावा है कि लेबनान में एक साथ फटने वाले AR-924 पेजर का निर्माण बुडापेस्ट स्थित BAC कंसल्टिंग KFT ने किया था। जोकि एक सहयोग समझौते के तहत बीएसी लेबनान और सीरिया में पेजर की बिक्री के लिए गोल्ड अपोलो ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल कर सकती है। परन्तु इसके निर्माण के लिए बीएसी ही ज़िम्मेदार है गोल्ड अपोलो नहीं। परन्तु हंगरी के अधिकारियों ने भी गोल्ड अपोलो के बयान को ख़ारिज करते हुए कहा कि बुडापेस्ट में मौजूद कंपनी एक व्यापारिक मध्यस्थ है। वहां पर इसका कोई भी उत्पादन यूनिट नहीं है। फिर सवाल यह है कि आख़िर लेबनान में फटने वाले पेजर का निर्माण किसने किया ?

पूरे विश्व को हतप्रभ कर देने वाले इस पूरे घटनाक्रम को लेकर यदि न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट को सच माना जाये तो लेबनॉन में विस्फ़ोट होने वाले पेजर व वाकी टाकी के निर्माण से लेकर इसके विस्फ़ोट तक में इस्राईली ख़ुफ़िया एजेंसी मोसाद की ही भूमिका है। अज्ञात स्रोतों के हवाले से न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि इस्राईल ने पेजर के अंदर बम छिपाए और इसमें एक स्विच जोड़ा, जिसका प्रयोग बाद में उन्हें दूर से विस्फ़ोट करने के लिए किया गया। मोसाद की ही खड़ी की गयी फ़र्ज़ी कंपनी से ये हैंडसेट ख़रीदे भी गये थे। मोसाद ने ही ऐसा जाल बिछाया कि उसने लेबनान से पैसे लेकर उन्हें पेजर और वॉकी-टॉकी सेट बेचे और उन्हीं के द्वारा हिज़्बुल्लाह के कई लड़ाकों को मार भी दिया। यानी पूरी चतुराई के साथ मारने वाले बम रुपी उपकरण को बनाने का मूल्य भी वसूल किया और उनका विस्फ़ोट कर हत्याएं अंजाम देने का अपना लक्ष्य भी पूरा किया। और इससे भी बड़ी सफ़लता इस्राईल को तब मिली जब हिज़्बुल्लाह ने भयवश पेजर और वाकी टॉकी जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरण इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया। ग़ौर तलब है कि लोकेशन ट्रेस होने के भय से हिज़्बुल्लाह पहले ही मोबाईल के इस्तेमाल बंद कर चुका है। ऐसे में इलेक्ट्रानिक व साइबर तकनीक पर आधारित होते जा रहे दौर में अपनाई जा रही वर्तमान आधुनिक रणनीति में हिज़्बुल्लाह इस्राईली छल कपट का सामना कैसे कर सकेगा? इस घटना ने पूरे विश्व को यह भी सोचने को मजबूर कर दिया है कि क्या इलेक्ट्रानिक उपकरण पर आश्रित हो चुकी इस दुनिया का भविष्य भी अब मोसाद जैसी एजेंसियों के हाथों में जा चुका है? याद कीजिये इस्राईली साइबर-आर्म्स कंपनी एनएसओ ग्रुप द्वारा विकसित पैगसेस जैसा ख़तरनाक स्पाइवेयर जिसे आईओएस और एंड्रॉइड चलाने वाले मोबाइल फ़ोन पर गुप्त रूप से और दूर से इंस्टॉल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## इन आंकड़ों पै कौन न मर जाये अय खुदा

"गृह राज्य मंत्री ने राज्य सभा में बताया था कि "राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों से, अप्रैल-जून 2021 की अवधि के लिए विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर में शिक्षित युवाओं के लिए बेरोजगारी दर का अनुमान उपलब्ध नहीं था। जुलाई 2020-जून 2021 के दौरान एनएसएसओ द्वारा आयोजित पीएलएफएस, जम्मू और कश्मीर के लिए 15-29 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों के बीच सामान्य स्थिति के अनुसार बेरोजगारी दर का अनुमान 18.3 प्रतिशत था।"

राकेश अचल

इस देश में अब सब कुछ चौंकाने वाला हो रहा है। चुनाव पूर्व सर्वे हों या मतदान के बाद के सर्वे। सब चौंकाने वाले होते है। सर्वे गलत हों या सही, लेकिन कोई इसके लिए जिम्मेदार नहीं होता। सर्वे का काम लोगों को भरमाना और अपने प्रायोजक का नफा-नुक्सान देखना भर होता है ।सर्वेक्षणों के झूठ-सच पर निगाह रखने के लिए देश में कोई नियामक आयोग नहीं है। अब एक नया सर्वे आया है पीरियोडिक लेबर फ़ोर्स के इस सर्वे के मुताबिक हमारा प्यारा मध्यप्रदेश अकेला ऐसा प्रदेश हैं जहां बेरोजगारी न के बराबर है यानि मात्र 1 फीसदी। नेशनल सेंपल सर्वे ऑफिस द्वारा जुलाई 2023 से जून 2024 के लिए जारी पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) की सालाना रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट (एलएफपीआर) 2023-24 के दौरान सात साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई ह। ये सर्वे किसी गोदी मीडिया का नहीं है बल्कि सरकार का है इसलिए इसके ऊपर ऊँगली उठाने में भी संकोच होता है ,लेकिन इस सर्वे के नतीजे हकीकत और अफ़साने जैसे हैं ,इसलिए उँगलियाँ अपने आप उठाई जाती हैं। दरअसल इस सर्वे की रिपोर्ट जारी करने के समय को लेकर ही पहला सवाल उठाया जा सकता है कि ये सर्वे हरियाणा विधानसभा के चुनावों के ठीक ११ दिन पहले आया है। सर्वे का दावा है की देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में घटी है,अर्थात सबसे ज्यादा रोजगार हरियाणा ने दिए हैं। रिपोर्ट कहती हैकि 2023 -2024 में हरियाणा में बेरोजगारी दर ३ दशमलव 4 फीसदी है जो बीते साल 6 प्रतिशत से ज्यादा थी। जाहिर है की ये रिपोर्ट साबित करना चाहती है कि हरियाणा की डबल इंजिन की सरकार ने बीते साल में हरियाणा में सबसे जयादा रोजगार मुहैया कराये हैं। सर्वे रिपोर्ट पर आप यकीन करें या न करें ये अलग बात है लेकिन सरकार तो अपना काम कर रही है ,सर्वे के मुताबिक एक साल में इसमें 2.7 फीसदी की गिरावट आई है। हरियाणा से ज्यादा गोवा 9.7 फीसदी के बाद देश में सबसे ज्यादा थी। ये गिरावट देश के किसी भी अन्य राज्य के मुकाबले सबसे ज्यादा है।साल 2023-24 में गोवा में बेरोजगारी दर देश में सबसे ज्यादा 8.5 फीसदी है। केरल में ये 7.२ फीसदी है। वहीं, देश की औसत बेरोजगारी दर 3.2 फीसदी है।

सर्वे तो कहता है कि मध्य प्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहां बेरोजगारी दर 1 फीसदी से भी कम यानि (0.9%) फीसदी है।यानि मध्यप्रदेश युवाओं कि लिए रोजगार कि मामले में किसी स्वर्ग से कम नहीं है इस सूची में दूसरे नंबर पर गुजरात (1.1) फीसदी और तीसरे पर झारखंड (1.3) फीसदी है।यानि मध्य प्रदेश और गुजरात की डबल इंजिन की सरकारों ने तो रोजगार देने में कमाल ही कर दिया है। मुझे याद आता है कि मध्यप्रदेश विधानसभा में भी मप्र की सरकार ने भी कुछ-कुछ इसी तरह के आंकड़े दिए थे ।मध्य प्रदेश सरकार का दावा है कि 2023 की तुलना में मई 2024 तक 9,90,935 बेरोजगारों की संख्या कम हो गई है. सरकार दावा करती है कि पिछले साल 35 लाख 73 हजार बेरोजगार थे, जबकि इस साल मई 2024 की स्थिति में यह संख्या घटकर 25 लाख 82 हजार हो गई है. जबकि ताजा आर्थिक सर्वे में ये आंकड़ा 33 लाख से कुछ ज्यादा हैं। अब सवाल ये है कि जनता इन आंकड़ें पर यकीन करे या जमीनी हकीकत देखे ? आंकड़े कुछ और कहते हैं और जमीनी हकीकत कुछ और है। एलएफपीआर को जनसंख्या में काम करने वाले या काम की तलाश करने वाले या काम के लिए उपलब्ध लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है. पीएलएफएस की सालाना रिपोर्ट, जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को कवर करती है, ने दिखाया कि महिलाओं के लिए एलएफपीआर 2023-24 में बढ़कर 41.7 फीसदी हो गया, जो पिछले साल 37 फीसदी था. सरकारी आंकड़े धोखा देते हैं या हकीकत बयान करते हैं ये कहना कठिन काम है क्योंकि इन्हें झुठलाने के लिए जिन आंकड़ों की जरूरत है वे भी सरकार के ही पास होते हैं ,लेकिन जनता को पता है की आंकड़े कितने हवा -हवाई हैं और कितने असली ? देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों का लेबर पार्टिसिपेशन रेट राष्ट्रीय औसत से अधिक है।आप हैरान होंगे ये जानकर किसिक्किम का लेबर पार्टिसिपेशन रेट यानी राज्य की कुल आबादी में काम करने या काम खोजने वाले लोग सबसे अधिक 60.5 फीसदी हैं। यहां महिलाओं की हिस्सेदारी 55 फीसदी और पुरुषों की 65 फीसदी है। हालाँकि इस लिस्ट में डबल इंजिन की सरकार वाला बिहार 29 प्रतिशत के साथ सबसे नीचे है। इसके बाद यूपी (33.8) प्रतिशत और झारखंड (34.6) प्रतिशत का नंबर आता है। कुल आबादी में काम करने वालों की संख्या यानी वर्कर पॉपुलेशन रेश्यो देखें तो सिक्किम (58.2) प्रतिशत सबसे ऊपर है। छत्तीसगढ़ (51.3) प्रतिशत दूसरे पर है।लेबर पार्टिसिपेशन रेट के मामले में 11 प्रमुख राज्यों की सूची में छत्तीसगढ़ (52.8)प्रतिशत कि मान से शीर्ष पर है। इस रिपोर्ट कि आंकड़े क्या हरियाणा में हांफती भाजपा को कुछ लाभ पहुंचा पाएंगे ? मुझे लगता है कि शायद नहीं ,क्योंकि इन आंकड़ों को प्रचारित कर लाभ लेने का मौक़ा हाथ से निकल चुका है । हरियाणा में मुद्दा बेरोजगारी से जायदा भाजपा का कुशासन है। मजे की बात ये है कि इस सर्वे में जम्मू-कश्मीर कि आंकड़े नजर नहीं आते जबकि वहां एक लम्बे समय से राष्ट्रपति शासन है और वहां बेरोजगारी कम करने की जिम्मेदारी सीधे-सीधे केंद्र सरकार की है। मुझे याद आता है कि केंद्र सरका ने पिछले साल माना था कि जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

गृह मंत्रालय ने राज्यसभा को बताया था कि जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी दर 18.3 प्रतिशत है. यह जेके प्रशासन द्वारा शुरू किए गए कई प्रयासों और पहलों के बावजूद है। गृह राज्य मंत्री ने राज्य सभा में बताया था कि "राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों से, अप्रैल-जून 2021 की अवधि के लिए विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर में शिक्षित युवाओं के लिए बेरोजगारी दर का अनुमान उपलब्ध नहीं था। जुलाई 2020-जून 2021 के दौरान एनएसएसओ द्वारा आयोजित पीएलएफएस, जम्मू और कश्मीर के लिए 15-29 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों के बीच सामान्य स्थिति के अनुसार बेरोजगारी दर का अनुमान 18.3 प्रतिशत था।

## हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के अति उत्साह के मायने क्या?

"हालांकि हरियाणा में पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ घटित हुआ है। दुष्यंत चौटाला ने भाजपा से समर्थन वापस ले लिया था, नए नायाब सैनी को सीएम बनाना। अनिल विज का असंतुष्ट होना। विनेश फोगाट का कांग्रेस जॉइन करना...बीजेपी का लोकसभा चुनाव में अपने दम पर सरकार न बना पाना। आदि आदि.। कांग्रेस के लिए खुशखबरी लेकर आया है। जो सत्ताधारी भाजपा के लिहाज से सही नहीं कहा जा सकता। एक तो कांग्रेस को एक दशक बाद हरियाणा में चुनाव जीतने की खुशबू आ रही है, जिससे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में अति उत्साह भी देखा जा सकता है।"

दिलीप कुमार पाठक

हरियाणा में सभी 90 सीटों पर एक चरण में 5 अक्टूबर को मतदान होना है, जिसके नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे। 2019 के चुनाव के बाद बीजेपी और जेजेपी के गठबंधन ने सरकार बनाई थी। हरियाणा में पिछले एक दशक से बीजेपी की सरकार है, हालांकि इस बार बीजेपी के सामने इनकंबेंसी की भी बड़ी चुनौती है। वैसे भी अगर किसी दल की सरकार लगातार दो या उससे अधिक बार सत्ता में रहती है, तो वोटरों का रुझान उसकी तरफ थोड़ी कम होना स्वाभाविक है। वहीँ भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद थोड़ा बैकफुट पर दिखाई दे रही है।

बीजेपी और कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों में हरियाणा की पांच-पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेकिन, बीजेपी ने 44 तो इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने 42 और आम आदमी ने चार सीटों पर बढ़त बनाई थी। बीजेपी की बढ़त वाली 17 विधानसभा सीटों, कांग्रेस की बढ़त वाली 13 सीटों और आम आदमी पार्टी की बढ़त वाली तीन सीटों पर हार-जीत का अंतर 10 प्रतिशत से कम रहा था। अब विधानसभा चुनावों में इन सीटों पर कांटे की टक्कर होना तय माना जा रहा है। लेकिन इन सीटों पर मतदाता का झुकाव जिस पार्टी की तरफ होगा, उसकी पूरी जीत की संभावना रहेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 6 सीटों पर एकतरफा जीत हासिल की थी। इसके बाद 2019 के विधानसभा चुनावों में इन 6 सीटों के अंतर्गत आने वाली 54 विधानसभा सीटों पर बीजेपी जीती थी। अब बात करें 2024 के लोकसभा चुनाव की तो बीजेपी सिर्फ करनाल सीट पर ही अपना प्रदर्शन दोहरा पाई है, जबकि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर बीजेपी ने 6 और कांग्रेस ने तीन हलकों में लीड ली। कुछ ऐसा ही गुरुग्राम और फरीदाबाद सीट पर दिखाई दिया, यहां बीजेपी 6 और कांग्रेस ने 3 विधानसभा हलकों में लीड ली। इसके अलावा अंबाला सीट पर बीजेपी 4 और कांग्रेस 5, कुरुक्षेत्र में बीजेपी 5, इंडिया गठबंधन 4, सोनीपत में बीजेपी 5 और कांग्रेस 4, हिसार में बीजेपी 3 और कांग्रेस ने 6 विधानसभा हलको में लीड ली। 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के आंकड़े पर नजर डालें तो हार-जीत के अंतर में कमी आई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों को अगर विधानसभाअनुसार देखें तो 30 सीटों पर हार जीत का अंतर सिर्फ 13.3 प्रतिशत वोटों का रहा, जो पिछले लोकसभा चुनाव में घटकर 3.8 प्रतिशत रह गया। 2019 के विधानसभा चुनाव में हार-जीत का अतंर 5 हजार से भी कम वोटों का रहा था.

2024 लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद से भाजपा की बेचैनी बढ़ गई है। नायाब सिंह सैनी को सीएम बनाए जाने के बाद अनिल विज भी असंतुष्ट हैं, हालांकि अनिल विज इससे पहले भी कई बार खुद सीएम बनने की महत्वाकांक्षी सोच जाहिर कर चुके है। भारतीय जनता पार्टी ने अंबाला कैंट विधानसभा सीट से 71 वर्षीय अनिल विज को उम्मीदवार बनाया है। वो इस सीट से छह बार से विधायक रह चुके हैं। हालांकि, इस बार विधायक बनने की राह उनके लिए पहले जैसी आसान नहीं होगी। दरअसल, कांग्रेस ने कुमारी शैलजा के करीबी पूर्व पार्षद परविंदर सिंह परी को टिकट दिया है। आप ने राज कौर गिल को टिकट देकर आधी आबादी को साधने की कोशिश की है। वहीं, इनेलो-बसपा गठबंधन से ओंकार सिंह, जजपा-असपा गठबंधन से करधान मैदान में हैं। पूर्व कांग्रेस नेता चित्रा सरवारा ने इस विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार को रूप में ताल ठोका है। वह पछिली बार दूसरे स्थान पर थीं। अभी कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों का असर हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी देखने को मिलेगा। लोकसभा चुनाव में जिन 33 सीटों पर हार-जीत का अंतर काफी कम रहा था, वो सीटें ही अब विधानसभा चुनाव में निर्णायक साबित होने वाली हैं. 2014 - 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की एकतरफ़ा हार हुई थी, हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस की अपनी अंदरुनी चुनौतियां हैं, जिनसे निपटना आसान नहीं होगा। वैसे भी कांग्रेस पिछले कुछ सालों से कई राज्यों के चुनाव अंदरुनी गुटबाजी के कारण हार गई है। ऐसे ही हरियाणा में कहीं भूपेंद्र हुड्डा का ग्रुप है तो कहीं कुमारी शैलजा का ग्रुप है, तो कहीं रणदीप सिंह सुरजेवाला का ग्रुप दिखाई देता है। किसी भी राजनीतिक पार्टी के लिए अंदरूनी गुटबाजी चुनाव के दौरान शुभ नहीं होती। वैसे भी एमपी कांग्रेस की गुटबाजी, संगठन का घमंड जनता भूली नहीं है। कांग्रेस की खामी यही है कि हमेशा चुनाव के एन वक़्त पर कांग्रेस नेताओ की महत्वाकांक्षा आड़े आने लगती है। यही पक्ष कांग्रेस का सबसे कमजोर है। हरियाणा में कांग्रेस इतनी ज़्यादा अति उत्साहित है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने चार डिप्टी सीएम बनाने का दावा ठोंक दिया है। हरियाणा में बिना सीएम उम्मीदवार का ऐलान किए लड़ रही कांग्रेस में कई नेता डिप्टी सीएम बनने का दावा ठोंक रहे हैं। भूपेंद्र हुड्डा का कहना है कि चार अलग - अलग जाति के उपमुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। तो कई विधायक नौकरी देने का एलान कर रहे हैं। एक विधायक तो कह रहे हैं कि मैं बाहरी हूं मैं मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहता, लेकिन उपमुख्यमंत्री बनकर संतुष्ट हो जाऊँगा, मुख्यंत्री तो हुड्डा साहब ही ठीक हैं, ऐसे लगता है जैसे कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव जीत लिया है, हालांकि कांग्रेस आलाकमान का अभी कोई निर्णय नहीं आया है कि सीएम और डिप्टी सीएम कौन होगा !

हालांकि हरियाणा में पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ घटित हुआ है। दुष्यंत चौटाला ने भाजपा से समर्थन वापस ले लिया था, नए नायाब सैनी को सीएम बनाना। अनिल विज का असंतुष्ट होना। विनेश फोगाट का कांग्रेस जॉइन करना...बीजेपी का लोकसभा चुनाव में अपने दम पर सरकार न बना पाना। आदि आदि.। कांग्रेस के लिए खुशखबरी लेकर आया है। जो सत्ताधारी भाजपा के लिहाज से सही नहीं कहा जा सकता। एक तो कांग्रेस को एक दशक बाद हरियाणा में चुनाव जीतने की खुशबू आ रही है, जिससे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में अति उत्साह भी देखा जा सकता है। इसी अति उत्साह के साथ ही राहुल गांधी - प्रियंका गांधी भी दिख रहे हैं, जो अभी तक हरियाणा चुनाव में उतने सक्रिय नहीं हैं जितना सक्रिय होना चाहिए था।

## गरीबों के संरक्षक थे ईश्वर चंद्र विद्यासागर

योगेश कुमार गोयल/

बंगाल पुनर्जागरण के प्रमुख स्तंभ तथा नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को समाज सुधारक, दार्शनिक, शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी, लेखक इत्यादि अनेक रूपों के स्मरण किया जाता रहा है, जिनकी आज हम जयंती मना रहे हैं। ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म 26 सितम्बर 1820 को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में धार्मिक प्रवृत्ति के एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में हुआ था और उनका बचपन का नाम ईश्वर चंद्र बंदोपाध्याय था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि उन्हीं के अनथक प्रयासों तथा दृढ़संकल्प के चलते ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेज वर्ष 1856 में विधवा पुनर्विवाह कानून पारित करने को विवश हुए थे। उसी के बाद भारतीय समाज में विधवाओं को नए सिरे से जीवन की शुरूआत कर ससम्मान जीने का अधिकार मिला था। उनके अथक प्रयासों से ही कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर कई बालिका विद्यालयों की स्थापना हुई थी और उन्होंने कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी। 'अपना काम स्वयं करो' सिद्धांत के प्रवर्तक ईश्वर चंद्र विद्यासागर नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। अपने क्रियाकलापों से उन्होंने लोगों को हमेशा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की सीख दी। अपने समाज सुधार अभियान के तहत उन्होंने स्थानीय बांग्ला भाषा तथा लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूलों की एक श्रृंखला के साथ कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी। नारी शिक्षा के लिए गंभीर प्रयास करते हुए उन्होंने बैठुने स्कूल की स्थापना की तथा कुल 35 स्कूल खुलवाए, जिनके संचालन के लिए पूरे खर्च की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं अपने कंधों पर ली। स्कूलों के खर्च के लिए वह विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए बंगाली में लिखी गई किताबों की बिक्री से फंड जुटाते थे।

समाज सुधार कार्यों की बदौलत उन्हें जीवन पर्यन्त गरीबों और दलितों का संरक्षक माना जाता रहा। अपने इसी प्रकार के समाज की भलाई के लिए किए जाने वाले कार्यों के चलते ही उन्हें एक समाज सुधारक के रूप में जाना जाने लगा था। सदैव समाज की भलाई के लिए ही सोचने और समाज के लिए कुछ न कुछ नया करते रहने के कारण ही नैतिक मूल्यों के संरक्षक विद्यासागर को महान् समाज सुधारक के रूप में राजा राममोहन राय का उत्तराधिकारी भी माना जाता है। ब्रिटिश शासनकाल में ऐसे कॉलेज विरले ही होते थे, जिनका संचालन पूर्ण रूप से भारतीयों के ही हाथों में हो और जहां पढ़ाने वाले सभी शिक्षक भी भारतीय ही हों किन्तु ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने सन् 1872 में कोलकाता में विद्यासागर कॉलेज की स्थापना कर यह कारनामा भी कर दिखाया था।

ईश्वर चंद्र विद्यासागर वास्तव में एक ऐसी महान् शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि अंग्रेजों को विधवा पुनर्विवाह कानून पारित कराने को भी विवश किया। उन्हीं की बदौलत विधवाओं को समाज में सम्मान से जीने का अधिकार मिला। दरअसल उस समय हिन्दू समाज में विधवाओं की स्थिति बहुत चिंताजनक थी। इसीलिए उन्होंने विधवा पुनर्विवाह के लिए लोकमत तैयार किया और उनके इन अटूट प्रयासों की बदौलत ही 'विधवा पुनर्विवाह कानून' पारित हो सका। कानून पारित होने के तीन माह बाद ही उन्होंने एक विधवा कमलादेवी का विवाह प्रतिष्ठित घराने के एक युवक के साथ कराया, जो बंगाल का पहला विधवा विवाह था। 1856-60 के बीच उन्होंने 25 विधवाओं का पुनर्विवाह सम्पन्न कराया। इतना ही नहीं, अपने इकलौते बेटे नारायण की शादी एक विधवा से कराकर समस्त भारतीय समाज के समक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने अविस्मरणीय मिसाल भी पेश की थी। नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्होंने बहुपत्नी प्रथा तथा बाल विवाह के खिलाफ भी आवाज उठाई। 29 जुलाई 1891 को यह महान् हस्ती सदा-सदा के लिए अटल शून्य में विलीन हो गई।

# पर्यावरण को स्वस्थ बनाकर ही मनुष्य-स्वास्थ्य संभव

**दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है।**




हर साल दुनियाभर में 26 सितंबर को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है, पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना। हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण को बचाना कितना जरूरी है। जिस जगह हम रहते हैं, वहां पर्यावरण से जुड़ी हर चीज की देखभाल करना हर व्यक्ति का फर्ज होना चाहिए। हर बीमारी का उपचार प्रकृति एवं पर्यावरण में है। इस दिवस की 2024 की थीम है पर्यावरण स्वास्थ्य, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण।' प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, औद्योगीकरण, शहरीकरण, वैश्वीकरण और प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिये गंभीर खतरा है। मनुष्य को घेर रही तरह-तरह की बीमारियों का सबसे बड़ा कारण



प्रकृति के प्रति लापरवाही एवं उपेक्षा है। ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, नदियों में गंदगी फैलाना, पशुओं को हानि पहुंचाना आदि पर्यावरणीय स्वास्थ्य के नुकसान पहुंचाने के कई कारण हैं। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े संकट की ओर ले जा रही है। इन संकटों के बीच प्राकृतिक पर्यावरण, वायु, जल, भोजन, आवास और समुदायों की गुणवत्ता में सुधार को बढ़ावा देने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है।

26 सितंबर, 2011 को इंडोनेशिया में आयोजित शिखर सम्मेलन में इस दिन की स्थापना हुई थी। यह दिवस लोगों को पर्यावरण के कई पहलुओं के बारे में शिक्षित करने का एक साधन है जो किसी न किसी तरह से स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकते हैं जैसे कि हवा और पानी की गुणवत्ता, ठोस अपशिष्ट निपटान, और खतरनाक पदार्थों का प्रभाव। यह दिवस मनुष्य स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ावा देने और सभी निवासियों के जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरण की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त साधनों की खोज से जुड़ा है। हानिकारक पर्यावरणीय कारक श्वसन पथ के संक्रमण या जलजनित रोगों सहित विभिन्न गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिये मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को समाप्त करने, नवीकरणीय ऊर्जा, कुशल स्वास्थ्यवर्द्धक ऊर्जा उपयोग और वनीकरण पर आधारित हैं। शमन का अर्थ है लोगों के व्यवहार को बदलना और सूखे का सामना करने वाली फसलों को विकसित करना और सिंचाई प्रणालियों में सुधार जैसे कठोर और नरम उपायों के माध्यम से उपयुक्त जलवायु के लिए पर्यावरण में आवश्यक संशोधन करना।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस इस बात की याद दिलाता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्राकृतिक दुनिया का संरक्षण नहीं है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा है। इसलिए, जब लोग समुदायों में एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो पर्यावरण के कारण होने वाली आपदाओं के बावजूद उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए अच्छे उपायों को अपनाना आसान हो जाता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि इस दिन हम रुकें और इस बात पर विचार करें कि हम पर्यावरणीय स्वास्थ्य को कैसे बेहतर बना सकते हैं और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए और अधिक प्रयास कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए हमें पर्यावरणीय स्वास्थ्य को सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भविष्य के मार्ग के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। यह दिन विशेष रूप से आधुनिक वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और उन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो दुनिया को लोगों और पर्यावरण दोनों के लिए एक बेहतर स्थान बनाने में मदद कर सकते हैं। इस दिन को सेमिनार, कार्यशाला, मीटिंग आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों द्वारा चिह्नित किया जाता है। यह लोगों, संगठनों और सरकारों को एक साथ आने और समुदाय के बेहतर और अधिक टिकाऊ रूपों को बनाने के लिए रणनीतियों पर विचार करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह दिन पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को एक दूसरे से निकटता से जुड़ा हुआ मानता है।

यह उल्लेखनीय है कि प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियाँ कई बीमारियों का मूल कारण हैं, उदाहरण के लिए, श्वसन रोग, जलजनित रोग और पुरानी बीमारियाँ। विशेषतः वायु प्रदूषण जानलेवा होता जा रहा है, जीवन की औसत आयु को कम कर रहा है। दरअसल, हमारे नीति-नियंता प्रदूषण कम करने के लिये नागरिकों को जागरूक करने में भी विफल रहे हैं। हमारी सुख-सुविधा की ललक ने भी वायु प्रदूषण बढ़ाया है। अब चाहे गाहे-बगाहे होने वाली आतिशबाजी हो, प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाना हो, या फिर सार्वजनिक परिवहन सेवा से परहेज हो, तमाम कारण प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। कल्पना कीजिए बच्चों और दमा, एलर्जी व अन्य सांस के रोगों से जूझने वाले लोगों पर इस प्रदूषण का कितना घातक असर होगा? यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हालिया रिपोर्ट फिक्र बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है।

दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में अब प्रकृति- पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये सक्रिय हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलक रही है।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। ये स्थितियां मनुष्य एवं पर्यावरण स्वास्थ्य को चौपट कर रही है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को कहना पड़ा कि हमारी पृथ्वी एक तरह से जलवायु अराजकता की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि इंसानी सभ्यता के सामने अब सिर्फ 'सहयोग करने या खत्म हो जाने' का विकल्प बचा है। विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा। विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस को सार्थक सकेंगे।



बाल कथा

## मूर्ख बन्दर, बया का घोंसला

## निष्कर्षः मूर्ख को सलाह मत दो



जंगल में एक वृक्ष पर बहुत से पक्षी रहते थे। सबने बरसात का मौसम शुरू होने से पहले ही अपने-अपने घोंसलों की मरम्मत आदि करके उसमें दाना-पानी भर लिया था। जंगल के दूसरे जीवों ने भी वैसा ही इन्तजाम कर लिया था।

देखते ही देखते बरसात का मौसम आ गया और मूसलाधार वर्षा होने लगी। सभी पक्षी आराम से अपने घोंसलों में बैठे थे। अचानक न जाने कहां से एक बन्दर भीगता हुआ वहां आया और एक डाल पर पत्तों की आड़ में दुबक गया। वह ठंड से बुरी तरह कांप रहा था।

वृक्ष पर रहने वाले पक्षियों को उसे देखकर बड़ी दया आई। मगर वे कर ही क्या सकते थे। उनके घोंसले भी इतने बड़े नहीं थे जो वे उसे अपने घोंसलों में पनाह दे देते। जहां सभी पक्षियों को उस पर दया आ रही थी, वहीं बया नामक छोटी-सी चिड़िया को क्रोध आ रहा था।


वह सोच रही थी कि कैसे मूर्ख हैं ये बन्दर। ईश्वर ने हाथ पैर दिए हैं। अगर चाहें तो अपने घर बनाकर आराम से रह सकते हैं, मगर इन्हें तो सारा दिन हुड़दंग मचाने से ही फुरसत नहीं मिलती।

आखिर उससे नहीं रहा गया तो वह बोली-'बंदर भइया! हम पक्षियों को देखो। हमें भगवान ने हाथ नहीं दिए, मगर फिर भी हमने अपने-अपने घोंसले बना रखे हैं और सर्दी, धूप या बरसात से अपने बच्चों की रक्षा कर लेते हैं। तुम्हें तो भगवान ने हाथ भी दिए हैं और पांव भी... आप लोग सारा दिन शैतानियां तो करते रहते हैं, मगर अपने लिए धूप-बरसात से बचने के लिए घर नहीं बना सकते। कैसी अफसोस की बात है। धिक्कार है आपके जीवन को।'

बया की यह बात सुनते ही बन्दर को क्रोध आ गया। उस मूर्ख ने यह बात नहीं समझी कि बया को उसकी ऐसी हालत देखकर कष्ट हो रहा है, उसने समझा कि बया उसका मजाक उड़ा रही है। बस फिर क्या था। एक ही छलांग में वह बया के घोंसले वाली डाल पर पहुंच गया और क्रोध से थर-थर कांपते हुए बोला-'बया की बच्ची! तू अपने आपको बहुत सयानी समझ रही है। बड़ा घमंड है तुझे अपने घोंसले पर, तो ले...।'

कहकर उसने झपट्टा मारकर बया का घोंसला तोड़ दिया और जमीन पर फेंक दिया। घोंसले में बैठे बया के छोटे-छोटे बच्चे चीत्कार करने लगे। बया भी जोर-जोर से रोने लगी। कहीं बन्दर दूसरे पक्षियों के घोंसले भी न तोड़ डाले, यही सोचकर सभी पक्षी अपने-अपने घोसलों से निकल आए और हमला कर उन्होंने बन्दर को वहां से भगा दिया। इसीलिए कहा गया है कि मूर्ख को सलाह मत दो।

## नाई से कराई मालिश, गर्दन की नसों में लकवा



सलून में जाकर नाई से बार-बार गर्दन चटकवाना अजॉय कुमार सिंह के लिए इतना भारी पड़ा कि वह अब सांस भी नहीं ले पाते हैं। उनकी गर्दन की दोनों नसों में लकवा मार दिया है। लेटते ही उनकी सांस रुकने लगती है। उनकी इस परेशानी का कोई इलाज भी नहीं है। अब उन्हें जिंदगी भर नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन पर रहना होगा, तभी वह सांस ले पाएंगे।

डॉक्टरों का कहना है कि अपने देश में मालिश कराने का चलन बहुत ज्यादा है। कुछ लोग हर हफ्ते ऐसा करवाते हैं। शायद उन्हें पता नहीं होता है कि गर्दन चटकाना खतरनाक हो सकता है। मेदांता हॉस्पिटल के रेस्परेट्री ऐंड स्लीप मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ आनंद जयसवाल ने बताया कि हार्ट की परेशानी को लेकर यूपी के 54 साल के एक मरीज उनके पास पहुंचे थे। हार्ट के इलाज से मरीज को कोई फायदा नहीं हुआ। उन्हें 3 महीने से सांस की बीमारी थी। उनका निमोनिया का इलाज किया गया। फिर भी सांस की दिक्कतें कम नहीं हुईं। डॉक्टरों को लगा कि मांसपेशियां कमजोर हो गई हैं। हालांकि न्यूरो के इलाज में भी कुछ नहीं पाया गया।

उसके बाद मरीज का रेस्परेट्री ऐंड स्लीप विभाग में इलाज शुरू हुआ। डॉक्टर आनंद ने बताया कि जब मरीज लेटकर सांस ले रहे थे तो उनका पेट काफी अंदर जा रहा था। पेट और छाती के बीच झिल्ली कमजोर हो गई थी। डायाफ्रेम की मूवमेंट काफी कम थी। इसके बाद उनके डेली रूटीन के बारे में पूछा गया। पता चला कि वह हर 2 या 3 हफ्ते में नाई के पास जाकर मालिश और नेक क्रैक करवाते थे। टेस्ट में पता चला कि गर्दन की दोनों नसों में लकवा मार चुका है। डॉक्टर ने बताया कि सांस लेने वाली सारी नसें गर्दन की हड्डी के साथ गुजरती हैं। ऐसे में वह लेटते थे और सांस चोक हो जाती थी। दोनों नसें पेट की आंत से जुड़ी होती हैं। ऐसे मरीज को अगर पानी के टब में लेटा दिया जाए तो एकदम से सांस रुक जाएगी। इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है। कुछ साल के बाद अपने आप मांसपेशियां फिर से पैदा हो जाएंगी। वरना पूरी जिंदगी ऐसे ही रहना होगा। इसका सिर्फ एक ही इलाज है कि उन्हें अब पूरी जिंदगी नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन पर रहना होगा। यह मशीन उनकी सांस को पूरा करेगी। डॉक्टर ने कहा कि एक छोटी सी आदत की वजह से उन्हें यह लाइलाज बीमारी हो गई।

## बच्चों के साथ उनके जैसा बनकर गुजारें समय

बच्चों का साथ किसे अच्छा नहीं लगता पर अधिकतर हम उन्हें जिम्मेदारी के रूप में ही देखते हैं। जबकि इनका साथ मजे और सुकून के तौर पर भी देखा जाना चाहिए। बच्चों के साथ बच्चे बन कैसे आप तनावरहित महसूस कर सकती हैं, बच्चों के साथ समय गुजारना मानो निश्चल दोस्ती। वो दोस्ती, जो आप 'कैसी हैं, कैसी नहीं' का निर्णय नहीं देती है, बल्कि आपको बिल्कुल आप जैसा ही रहने देने की पूरी आजादी देती है। बच्चों के साथ को जिम्मेदारी के बजाय मजे और सीख के लहजे से देखने की आदत डालें। इसके लिए आपको मस्ती के भी वो रंग चुनने होंगे, जो बच्चों के पसंदीदा हों। जैसे उन्हें अगर कॉमेडी फिल्म नहीं देखनी है तो उन्हें डोरेमोन ही देखने दें। आप भी उसके साथ देखें। देखने में मजा भी आएगा और आप दोनों का रिश्ता भी मजबूत होगा। अगर आपको बिना तनाव वाली जिंदगी चाहिए तो घर के बच्चों में सुकून की तलाश शुरू कर दीजिए।



### दिमाग बातें करता है

ध्यान दीजिए, आपका दिमाग हमेशा कुछ न कुछ सोचता ही रहता है। कभी यहां, तो कभी वहां तक इसकी दौड़ जारी ही रहती है। ऐसे में अपने दिमाग से कहिए कि कुछ देर शांत हो जाए। और ये तब ही दौड़ लगाए, जब आप अपने बच्चे के साथ टीवी देखते हुए मजे कर रही हों। इससे होगा ये कि आप लगातार सोचने की स्थिति में होंगी ही नहीं और आखिर में वर्तमान को महसूस करने के सिवाय आपके पास कुछ नहीं होगा।

बच्चे कार्टून को कितना पसंद करते हैं, ये माता-पिता से बेहतर कौन जानता है। कैसे बच्चे कार्टून कैरेक्टर में खुद को महसूस करने लगते हैं। कैसे उन्हें पूरी दुनिया कार्टून जैसी आसान लगती है। बस आपको बिल्कुल ऐसा ही महसूस करना है। जैसा कि हम सब जानते हैं कि बच्चे खेल-खेल में अपनी सारी उलझनें भूल जाते हैं। कैसे शिकायतों का पिटारा लेकर बैठा बेटा जब खेल कर लौटता है, तो आप अमूमन उसे दूसरी ही दुनिया में पाती हैं। जरा सोचिए, क्या ऐसा मन का बदलाव आपके साथ भी हो सकता है? जवाब हां है, क्योंकि ये सब कुछ संभव है। इसके लिए आपको कोई भी इंडोर या आउटडोर खेल खेलने की आदत डालनी होगी। ऐसा रोज ऑफिस से लौटने के बाद हो सके तो अच्छा, वरना हफ्ते के आखिर में ऐसा जरूर करें।



## मेकअप हटाने में रखें सावधानियां

खूबसूरत दिखने के लिए आप मेकअप करती हैं पर क्या आप जानती हैं मेकअप लगाना जितना ज़रूरी है उतना ही ज़रूरी है मेकअप को सही प्रकार से हटाना भी। कई महिलाएं अपने चेहरे से मेकअप ना हटाकर स्किन (त्वचा) के साथ अन्याय करती हैं। इससे वक्त से पहले उनकी त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है, जो बाद में मेकअप की मदद से भी ग्लोइंग नहीं बनती। इसीलिए जब भी मेकअप लगाएं तो उसे हटाने के लिए भी पांच मिनट निकालें। अपनी स्किन को क्लीजिंग, टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग के साथ तैयार करें और बेहतरीन मेकअप बेस के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करें। त्वचा के दाग-धब्बों को कंसीलर के इस्तेमाल से छिपाएं फिर स्पॉन्ज से थोड़ा सा मैट क्ले फाउंडेशन लगाएं। गालों पर ब्लश लगाएं और फिर इसे ज्यादा उभार देने के लिए ब्रॉन्जिंग पाउडर का इस्तेमाल करें। ज्यादा नैचुरल लुक पाने और खूबसूरत दिखने के लिए आखिर में ब्लश बेक लगाएं। शानदार लुक के लिए समान ब्लश हाइलाइटिंग शेड से चीक बोन (गाल के उभरे हिस्से) को हाइलाइट करें। आंखों के मेकअप के लिए आईशैडो लगाने से पहले थोड़ा सा मैट आई बेस मेकअप कर लें। आंखों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए काले रंग का जेल पेन आईलाइनर इस्तेमाल करें। आखिर में आंखों पर फाइबर लैश एक्सटेंशन मस्कारा लगाएं। होंठ पर लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों से डेड स्किन हटाएं, इसके बाद लिप प्राइमर लगाएं।

# इजरायल के हवाई हमले में 25 लोगों की मौत



बेरूत (ईएमएस)। इजरायल ने लेबनान पर हवाई हमले किए है, जिसमें 25 लोगों की मौत हुई और 6 घायल हो गए। लेबनान के सैन्य और चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि इजरायली ने दक्षिणी लेबनान में घरों को निशाना बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, हवाई हमले में मरने वालों में 15 लेबनानी नागरिक थे, जबकि अन्य 10 सीरियाई थे। सुबह के समय नमैरियेह गांव के मध्य में स्थित कई घरों पर इजरायल ने चार मिसाइलें दागीं हैं।

हवाई हमले के बाद, लेबनान रेड क्रॉस और नागरिक सुरक्षा टीमों ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया है। वहीं घटना स्थल से बुलडोजरों और क्रेनों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। जिन का अधिकांश समय ध्वस्त मकानों का मलबा हटाने में लगा। इस दौरान मलबों से शवों को निकाला गया। जिनमें से अधिकांश क्षत-विक्षत अवस्था में थे।

सैन्य सूत्रों के मुताबिक, इजरायली युद्धक विमानों और ड्रोनों ने दक्षिणी लेबनान के गांवों और कस्बों पर 15 हमले किए तथा पूर्वी लेबनान के कस्बों और गांवों पर 11 हमले किए। हिजबुल्लाह के प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि जियोनिस्ट दुश्मन बेका क्षेत्र में बारकोड वाले पर्चे गिरा रहा है। हिजबुल्लाह ने कहा बारकोड को न खोलें और न ही साझा करें, इस तुरंत नष्ट कर दें क्योंकि यह खतरनाक है। यह आपकी सारी जानकारी निकाल सकता है और आपकी सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

उन्होंने कहा, हिजबुल्लाह को आराम नहीं करने देना चाहिए और पूरी ताकत से हमें काम करते रहना चाहिए। बता दें कि 8 अक्टूबर 2023 के बाद से हिजबुल्लाह और इजरायली सेना द्वारा लेबनान-इजरायल सीमा पर गोलीबारी की जा रही है। गाजा पट्टी में हमास और इजरायल के बीच युद्ध जारी रहने के कारण व्यापक संघर्ष की चिंता बढ़ गई है।

### मारा गया हिजबुललाह का मिसाइल मैन इब्राहीम कुबैसी, हवाई हमलों का था मास्टर माइंड

हवाई हमले में माहिर हिजबुल्लाह का मिसाइल मैन कहा जाने वाला इब्राहीम कुबैसी इजरायली हमले में मारा गया। कुबैसी ना सिर्फ हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर्स में से एक था बल्कि वो इस संगठन का मिसाइल मैन भी था। अबतक इजरायल की धरती पर जितने भी हवाई हमले हुए, उनको अंजाम देने का काम कुबैसी ने ही किया था। बेरूत के दक्षिणी उपनगर में एक इजरायली हवाई हमले में कुबैसी समेत कम से कम छह लोग मारे गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि किसे निशाना बनाया गया था या फिर इजरायल का टारगेट मारा गया या नहीं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक दिन पहले कहा था, जिस किसी के लिविंग रूम में मिसाइल है, उसके पास घर नहीं होगा। हिजबुल्लाह ने हमलों के कुछ घंटों बाद इब्राहिम कुबैसी की मौत की पुष्टि की। एक बयान जारी कर कहा गया कि कुबैसी यरूशलेम की ओर जाते समय शहीद हो गए, यह शब्द इजरायली हमलों में मारे गए गुर्गों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आईडीएफ ने कहा,पिछले कई सालों और युद्ध के दौरान वो इजरायली घरेलू मोर्चे पर हमलों के लिए जिम्मेदार थे। कुबैसी मिसाइलों के क्षेत्र में ज्ञान का एक केंद्रीय स्रोत थे और हिजबुल्लाह की सीनियर लीडरशिप का करीब था।यूं तो यह लड़ाई 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुई लेकिन पड़ोसी देश लेबनान में सक्रिय हिजबुल्लाह आतंकी संगठन ने फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में इजरायल पर हजारों रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन दागे। इजरायल के आयरन डोम सिस्टम के चलते वहां इन मिसाइलों के कारण ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि जब इजरायल की तरफ से लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर जवाबी एक्शन लिया गया तो वहां लाशों के ढेर लग गए।

### हिजबुल्लाह ने इजरायल पर 1 के बाद 1 दाग दिए 300 रॉकेट

उत्तरी इजरायल के हाइफ़ा के दक्षिण में एक तटीय शहर अटलिट में एक विस्फोटक ड्रोन गिरा। यह पहली बार है जब हिजबुल्लाह का रॉकेट हमला इस क्षेत्र तक पहुंचा है। इस क्षेत्र की ओर दो अतिरिक्त ड्रोन लॉन्च किए गए, लेकिन उन्हें रोक दिया गया। ड्रोन से कोई हताहत नहीं हुआ। आईडीएफ ने बताया कि अधिकांश रॉकेटों को इजरायल की हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा रोक दिया गया। इस तरह से हिजबुल्लाह ने इजरायल पर एक के बाद एक 300 रॉकेट दाग दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने एक बयान में हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उसके लड़ाकों ने अटलिट बेस में इजरायल की विशेष नौसैनिक टास्क यूनिट शायेत 13 के मुख्यालय के खिलाफ हमलावर ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ एक हवाई अभियान शुरू किया, जिसमें उसके अधिकारियों और सैनिकों की स्थिति को निशाना बनाया गया और लक्ष्यों पर सटीक हमला किया गया। उत्तरी इजरायल के ऊपरी गलील क्षेत्र में माउंट मेरोन के आसपास के क्षेत्र में रॉकेट या इंटरसेप्टर मिसाइलों के अवशेष जमीन पर गिरने से आग लग गई। इसके अलावा, ऊपरी गलील के रोश पिना में एक आवासीय घर पर भी हमला हुआ और उसे काफी नुकसान पहुंचा। प्रभावित क्षेत्रों में स्थित अस्पतालों ने लगभग 23 लोगों का इलाज करने की सूचना दी, लेकिन बाद में इजरायल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा के बयानों से संकेत मिलता है कि जिन लोगों का इलाज किया गया, वह शारीरिक चोटों से नहीं, बल्कि घबराहट से पीड़ित थे। सेना ने कहा, रात होते ही इजरायल ने लेबनान में हमलों की एक नई लहर शुरू कर दी। वायुसेना ने बेका क्षेत्र और दक्षिणी लेबनान के कई अन्य इलाकों में हिजबुल्लाह से जुड़े कई आतंकवादी ठिकानों पर कई व्यापक हमले किए। सेना के अनुसार, दिन के दौरान इजराइल युद्धक विमानों ने बड़े पैमाने पर हमले जारी रखे। हमलों में बुनियादी ढांचों को नष्ट कर दिया जहां हथियार थे। मंगलवार रात को अज्ञात लेबनानी सैन्य सूत्रों ने बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के टायर क्षेत्र के कस्बों पर दस हवाई हमले किए और लेबनान के दक्षिण में जेज्जिन क्षेत्र में हिज़बुल्लाह के ठिकानों पर भी हमला किया। इजरायली रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बढ़ते तानव के बीच आईडीएफ ने मंगलवार को लेबनान के अंदर लड़ाई का अनुकरण करते हुए एक अभ्यास किया। रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि हिजबुल्लाह की कमान श्रृंखला, कार्यकर्ताओं और हथियारों पर प्रहार की श्रृंखला कठिन थी।

## तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगान ने पाकिस्तान को झटका देते हुए कश्मीर मुद्दे से किया किनारा

जेनेवा,(ईएमएस)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में अपने भाषण के दौरान एर्दोगान ने गाजा युद्ध पर जोरदार हमले किए लेकिन कश्मीर का जिक्र तक नहीं किया। 2019 के बाद यह पहली बार है जब एर्दोगान ने यूएन में कश्मीर के मुद्दे पर बात नहीं की। इससे पहले उन्होंने हर साल कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में उठाया था। एर्दोगान का यह रुख तब सामने आया है जब पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर और वहां हो रहे चुनावों का मुद्दा उठाने की पूरी तैयारी की है। शरीफ न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं और वह अपना भाषण देंगे, जिसमें वे कश्मीर, इस्लामोफोबिया और फिलिस्तीन के मुद्दों पर बात करेंगे। पिछले साल भी पाकिस्तान के तत्कालीन पीएम ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर का मुद्दा उठाया था, यह कहते हुए कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच शांति के लिए अहम है। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म के बाद से पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाता रहा है, लेकिन उसे वैश्विक समर्थन नहीं मिल पाया है। अब, एर्दोगान का कश्मीर पर चुप रहना पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है। विश्लेषकों का मानना है कि तुर्की के इस बदले हुए रुख के पीछे तुर्की की ब्रिक्स सदस्यता की महत्वाकांक्षा हो सकती है। तुर्की ब्रिक्स का सदस्य बनना चाहता है और इसके लिए उसे भारत के समर्थन की जरूरत होगी।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने की संसद भंग, 14 नवंबर को चुनाव का ऐलान

कोलंबो,(ईएमएस)। श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बुधवार को देश की संसद को भंग कर दिया है। यह आदेश बुधवार को आधी रात से लागू होगा। उन्होंने 14 नवंबर को आम चुनाव कराने का एलान भी किया है। संसद का कार्यकाल अगस्त 2025 तक था। लेकिन इसे 11 महीने पहले ही भंग करने का फैसला लिया गया है, क्योंकि अनुरा दिसानायके ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान 45 दिनों के भीतर संसद भंग करने का वादा किया था। राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा कि अगली संसद 21 नवंबर को बुलाई जाएगी। बता दें श्रीलंका की संसद में 225 सीटें हैं। अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन नेशनल पीपुल्स पार्टी के सिर्फ तीन ही सांसद हैं। अनुरा को अपनी नीतियों को लागू करने के लिए संसद में बहुमत होना जरूरी है। इससे उन्होंने संसद को भंग करने का फैसला लिया। बता दें कि भारत की तरह ही श्रीलंका में भी संसदीय चुनाव हर पांच साल में होते हैं। आखिरी बार चुनाव 2020 में संपन्न हुए थे।

## दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ी हैं श्रीलंका की नई पीएम हरिनी अमरसूर्या

कोलंबो, (ईएमएस)। हरिनी अमरसूर्या को श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है। अमरसूर्या को न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य तथा निवेश मंत्रालयों का कार्यभार सौंपा गया है. उन्होंने पीएम दिनेश गुणवर्धने की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री का भारत से गहरा नाता रहा है। श्रीलंका के 16वें प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने वाली हरिनी अमरसूर्या की उम्र 54 साल है। अमरसूर्या ने अपनी पढ़ाई भारत के दिल्ली विश्वविद्यालय से की है। एडनबर्ग विश्वविद्यालय से सामाजिक मानविकी में पीएचडी की. वह श्रीलंका विश्वविद्यालय में व्याख्याता रही हैं। उनके दृष्टिकोण और विचारों ने उन्हें एक प्रेरणादायक नेता के रूप में स्थापित किया है। अब, प्रधानमंत्री के रूप में, उनके पास देश की राजनीतिक दिशा को नए सिरे से निर्धारित करने और विकास के मार्ग पर ले जाने की अद्भुत चुनौती है।

## कमला हैरिस को 38 अंकों की बढ़त; 66 फीसदी एशियाई-अमेरिकी मतदाता पक्ष में

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में ट्रप को झटके पर झटके लग रहे हैं वह चुनाव प्रचार में कमला हैरिस पीछे चल रहे हैं। एशियाई-अमेरिकी मतदाताओं में डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति की उम्मीदवार कमला हैरिस की लोकप्रियता काफी तेजी बढ़ रही है। एक सर्वे के मुताबिक हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप से 38 अंकों की बढ़त बना ली है। हैरिस के राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के बाद यह पहला सर्वेक्षण है। हैरिस ने राष्ट्रपति बाइडन के मुकाबले भी 23 अंकों की बढ़त बनाई है। एनओआरसी ने यह सर्वे शिकागो विश्वविद्यालय में किया। 66 फीसदी एशियाई-अमेरिकी मतदाता हैरिस के पक्ष में हैं। वहीं 28 फीसदी ने ट्रंप का समर्थन किया है। छह फीसदी मतदाता अभी तटस्थ हैं। इससे पहले अप्रैल और मई महीने में एशियाई-अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण आयोजित किया गया था। इसमें 46 फीसदी ने राष्ट्रपति बाइडन और 31 फीसदी ने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया था। सर्वे के मुताबिक 66 फीसदी एशियाई-अमेरिकी मतदाताओं की राय हैरिस को लेकर अनुकूल है। वहीं 35 फीसदी उनके खिलाफ सोच रखते हैं। हालांकि यह आंकड़ा 2024 एएवीएस से ज्यादा है।

## जुड़वां भाइयों की जुड़वां बहनों से शादी

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। अमेरिका के वर्जीनिया में एक जुड़वा परिवार रहता है। एक परिवार में दो जुड़वा बहने थी। उनकी शादी वहीं पर रहने वाले अन्य परिवार, जिसमें दो जुड़वा भाई थे। उनके साथ शादी हुई है। जुड़वा बहनों के नाम ब्रिटनी और ब्रियाना हैं। इन दोनों ने जिनसे प्यार किया, वह भी जुड़वा भाई थे। एक का नाम जोश और दूसरे का जेरमी है । 2018 में इन दोनों जोड़ों की शादी हुई। यह वर्जीनिया में एक साथ रह रहे हैं। मां के पेट में एक साथ रहे। पूरा बचपन और युवावस्था एक साथ बिताई। एक साथ प्यार किया, अब पारिवारिक जीवन भी एक साथ बिता रहे हैं।

## चीन जिस रास्ते पर चल रहा है वो जंग की तरफ जाता है

बीजिंग(ईएमएस)। भारत, अमेरिका और जापान ने साउथ चाइना सी में चीन की बढ़ती दादागिरी को नियंत्रित करने के लिए एक संयुक्त रणनीति तैयार की है। इस बीच, चीन ने युद्ध की तैयारी तेज कर दी है और ऐसे सामानों के निर्यात पर रोक लगा दी है, जो सैन्य और नागरिक दोनों के उपयोग में आते हैं। मतलब साफ है कि चीन जिस रास्ते पर चल रहा है वो जंग की तरफ जाता है। चीन की सरकार ने न्यूक्लयिर टेक्नोलॉजी, मिसाइलों के पुर्जो, बायोटेक और केमिकल्स के निर्यात पर तुरंत रोक लगाने का आदेश दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला सही समय पर लिया गया है, क्योंकि चीन समझता है कि उसे चारों ओर से घेरा जा रहा है और युद्ध की स्थिति कभी भी उत्पन्न हो सकती है। चीन इस चिंता से भी ग्रसित है कि हालिया धमाकों की तरह, उसके देश में भी ऐसी घटनाएं हो सकती हैं। चीनी एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेस के लू जियांग ने बताया कि चीन इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रहा है ताकि मौजूदा टेक्नोलॉजी से उत्पन्न खतरों का मूल्यांकन किया जा सके।दिसंबर 2020 में, चीन ने ऐसे सामानों पर निगरानी रखने के लिए कानून बनाया था। इस कानून के तहत निर्यात करने से पहले सामान की गहन छानबीन की जा रही है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा न हो। ीन ने ड्रोन, एयरोस्पेस उपकरणों, गैलियम और जर्मेनियम जैसे मेटल्स के निर्यात पर पहले ही पाबंदियां लगा दी हैं।विशेषज्ञों के अनुसार, चीन को समझ में आ रहा है कि वर्तमान हालात उसके पक्ष में नहीं हैं।

## पाकिस्तान में रूस समेत 11 देशों के राजदूतों के काफिले पर बम धमाका

इस्लामाबाद (ईएमएस)। खैबर पख्तूनख्वा के स्वात जिले से मालम जब्बा जा रहे विदेशी दूतों के काफिले की सुरक्षा कर रही पुलिस वैन को आतंकियों ने निशाना बनाया। आतंकवादियों ने रिमोट कंट्रोल बम से वैन को उड़ा दिया। धमाके में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। चार अन्य घायल है। घायलों को सैदु शरीफ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी राजदूत सुरक्षित हैं और उन्हें इस्लामाबाद भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक सभी राजदूतों ने मिंगोरा में चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद वे मालम जब्बा जा रहे थे। तभी शेराबाद में यह धमाका हुआ। काफिले में ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान, ईरान, इथियोपिया, पुर्तगाल, रूस समेत 11 देशों के राजदूत शामिल थे।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक जिला पुलिस अधिकारी जाहिदुल्ला खान के बताया कि यह हमला विदेशी राजनयिकों के एक समूह को निशाना बनाकर किया गया था। मृतक पुलिसकर्मी की पहचान बुरहान के रूप में हुई है। घायलों में एक सब-इंस्पेक्टर भी शामिल है।

## चुनावी साल में विदेशी छात्रों के मुददे को भुनाने में जुटी ट्रूडो सरकार

ओटावा (ईएमएस)। कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार ने फिर विदेशियों की बढ़ती संख्या के मामले को उठाया है। ट्रूडो सरकार में इमिग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने विदेशी छात्रों के देश में शरण मांगने के ट्रेंड को चिंताजनक बताया है। मिलर का ये बयान तब आया है, जब देश आम चुनावों की ओर बढ़ रहा है। चुनावों से पहले देश में घरों और रोजगार का संकट एक बड़ा मुद्दा बन रहा है। इसके बाद विदेशी, खासतौर से भारतीय छात्रों की संख्या पर ट्रूडो सरकार की ओर से लगातार बयान आ रहे हैं।

एक कार्यक्रम में मिलर ने छात्र वीजा पर कनाडा आने के बाद शरण मांगने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों की बढ़ती संख्या पर एक खतरनाक प्रवृत्ति बताया है। मिलर ने कहा कि छात्र वीजा का इस्तेमाल उनके देश में स्थायी तौर पर बसने के लिए किया जा रहा है और उनका मंत्रालय इस मामले की जांच कर रहा है। उन्होंने कनाडा के उच्च शिक्षा संस्थानों को इस तरह के एलिमेंट को रोकने के लिए अपनी जरूरी सुधार करने के लिए कहा है। रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा ने अगले तीन वर्षों में अंतरराष्ट्रीय छात्रों सहित अस्थायी निवासियों की संख्या 6.2 से घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इसी साल जनवरी में कनाडा सरकार ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या पर रोक के लिए दो साल की सीमा की घोषणा की थी। मिलर का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में छात्रों की संख्या 2024 में संख्या घटेगी।



पेरिस में परिधानों को पेश करती हुई एक मॉडल।

## अमेरिका का दोहरा चेहरा: अब यूनुस को गले लगाकर कहा- हम बांग्लादेश का पूरा समर्थन करेंगे

ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रही अमानवीयता के खिलाफ अमेरिका में जमकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। मांग की जा रही है कि अमेरिका इस मामले में हस्तक्षेप करे और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने का दबाव बनाए। इधर अमेरिका भारत को आश्वासन देता रहा है कि बांग्लादेश में हो रही अमानवीयता को अमेरिका बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके समाधान के लिए प्रयास करेगा। आज यही अमेरिका मोहम्मद यूनुस के साथ गलबहियां डालकर कह रहा है कि हम बांग्लादेश के साथ हैं। खबर है कि अब अमेरिका ने भी अंतरिम सरकार का समर्थन करने का फैसला लिया है। हाल ही में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की थी। खास बात है कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की साजिश के आरोप अमेरिका पर भी लग रहे हैं।



15 सितंबर को भी अमेरिका के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तब आर्थिक विस्तार और राजनीतिक संबंधों को लेकर भरोसा दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्य सलाहकार के दफ्तर से जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि बाइडेन ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को पूरा समर्थन देने की बात कही है। प्रेस नोट के मुताबिक, बाइडेन का कहना है कि अगर अपने देश के लिए छात्र इतना कुछ कुर्बान कर सकते हैं, तो उन्हें थोड़ी और मदद करनी चाहिए। यूनुस और बाइडेन ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर न्यूयॉर्क में मुलाकात की थी। 8 अगस्त को यूनुस ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के तौर पर शपथ ली थी। मुल्क में सरकारी नौकरियों में कोटा के खिलाफ जारी छात्रों का आंदोलन अगस्त की शुरुआत से ही हिंसक हो गया था। इसके पहले 5 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया था और मुल्क छोड़कर भारत आ गई थीं। तब से वह भारत में ही हैं। खबरें हैं कि बांग्लादेश उनके प्रत्यर्पण के लिए कोशिश कर सकता है। हसीना का कहना था कि अगर वह सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता से समझौता कर लेती और बंगाल की खाड़ी पर अमेरिका का प्रभाव पड़ने देतीं, तो वह प्रधानमंत्री बनी रह सकती थीं। हालांकि, बांग्लादेश की पूर्व पीएम के बेटे शाजिब वाजेद ने इस बात से इनकार किया था कि उनकी मां ने ऐसा कोई बयान दिया है।

## पाकिस्तानी भिखारियों से परेशान सऊदी अरब ने कहा तो वीजा नियम सख्त कर देंगे

इस्लामाबाद(ईएमएस)। सऊदी अरब पाकिस्तानी भिखारियों से परेशान है। रियाद ने पाकिस्तान से साफ कहा है कि अपनी सभी भिखारी वापस बुला लें। साथ ही इनकी संख्या और न बढ़े इसके लिए पुख्ता कदम उठाएं। सऊदी अरब ने पाकिस्तान को गंभीर चेतावनी दी है कि वह उमराह और हज वीजा के तहत यात्रा करने वाले भिखारियों पर तत्काल संज्ञान ले। रियाद ने इस्लामाबाद के धार्मिक मामलों के मंत्रालय से कहा है कि ऐसे लोगों को मिलने वाले वीजा पर रोक लगाए। सऊदी सरकार ने अपनी चेतावनी में कहा है कि बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिकों को सऊदी अरब में भीख मांगते हुए पकड़ा गया है, जिन्हें बाद में वापस भेज दिया गया।सूत्र ने बताया, सऊदी अरब ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति पर नियंत्रण नहीं किया गया तो इसका पाकिस्तानी उमराह और हज यात्रियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। मंत्रालय ने उमरा अधिनियम प्रस्तुत किया है, जिसका उद्देश्य उमरा यात्राओं की सुविधा प्रदान करने वाली ट्रैवल एजेंसियों को कानूनी दायरे में लाना है ताकि उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके। रियाद के अनुसार, ये पाकिस्तानी भिखारी उमराह और हज वीजा के तहत सऊदी अरब में दाखिल हुए थे और अपना समय मक्का और मदीना की सड़कों पर भीख मांगने में बिता रहे थे। पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय के सूत्रों ने पुष्टि की है कि सऊदी अरब ने उमराह वीजा पर आने वाले पाकिस्तानी भिखारियों की बढ़ती संख्या पर गंभीर चिंता जताई है। पिछले महीने कराची एयरपोर्ट पर 11 कथित भिखारियों को पकड़ा गया था और उन्हें सऊदी अरब जाने वाली फ्लाइट से उतार दिया गया था। इमिग्रेशन प्रक्रिया के दौरान एफआईए के अधिकारियों द्वारा रोके जाने और पूछताछ किए जाने के बाद उन्हें पकड़ा गया, जिसके बाद पता चला कि वे सभी सऊदी अरब में भीख मांगने के उद्देश्य से यात्रा कर रहे थे। इस स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए पाकिस्तान सरकार को सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि सऊदी अरब के साथ संबंधों में सुधार किया जा सके और पाकिस्तानी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

पाकिस्तानी भिखारियों का मुद्दा शहबाज शरीफ सरकार के लिए हाल के दिनों में शर्मिंदगी का विषय बना हुआ है। हाल ही में पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी और इस्लामाबाद में सऊदी राजदूत नवाफ बिन सईद अहमद अल-मलकी के बीच इस मुद्दे पर चर्चा हुई। नकवी ने आश्वासन दिया कि सऊदी अरब में भिखारियों को भेजने वाले माफिया के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## खुफिया एजेंसियों का अलर्ट: ट्रंप की हत्या कराकर अमेरिका में अराजकता फैलाना चाहता है ईरान

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट करते हुए कहा है कि ईरान अमेरिका के खिलाफ बड़ा षड़यंत्र रच रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की हत्या कराकर अराजकता फैलाना चाहता है। इसी प्लान के तहत ट्रंप पर दो बार जानलेवा हमले हुए हैं,गनीमत रही उनकी जान बच गई।

खुफिया एजेंसियों ने ट्रंप को बताया कि वास्तव में आपकी जान को खतरा है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियां ट्रंप की सुरक्षा के प्रति अलर्ट हो गई हैं। 5 नवंबर को अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव है। चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस से है।

डोनाल्ड ट्रंप पर दो बार जानलेवा हमला हो चुके हैं। सबसे पहला हमला 13 जुलाई को पेंसिलवेनिया के बटलर में हुआ था। यहां एक रैली के दौरान ट्रंप पर 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स ने फायरिंग की थी। एक गोली ट्रंप के कान को चीरते निकल गई थी। हालांकि बाद में सीक्रेट सर्विस ने आरोपी क्रुक्स को मार गिराया था। ट्रंप पर दूसरे हमले की कोशिश 15 सितंबर को हुई। फ्लोरिडा



के वेस्ट पाम बीच पर ट्रंप इंटरनेशल गोल्फ क्लब है। इसी क्लब के बाहर गोलीबारी की गई। ट्रंप गोलीबारी वाली जगह से कुछ सौ मीटर की दूरी पर मौजूद थे। इस मामले में 58 साल के रयान वेस्ले राउथ को बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया था।ट्रंप के अभियान संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के कार्यालय ने आगाह किया कि आपकी जान को खतरा है। ईरान इसकी साजिश रच रहा है। उसका मकसद इस हत्या से अमेरिका में अराजकता और अस्थिरता पैदा करने का है। अमेरिका की सभी एजेंसियां डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में जुटी हैं ताकि राष्ट्रपति चुनाव बिना हस्तक्षेप के संपन्न हो सके। स्टीवन चेउंग ने कहा कि ईरान में आतंकवादी शासन है और इस शासन को कमला हैरिस की कमजोरी पसंद है। तेहरान डोनाल्ड ट्रंप की ताकत से भयभीत है। मगर डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी लोगों के लिए लड़ेंगे। अमेरिका को दोबारा महान बनाने के रास्ते में किसी भी चीज को नहीं आने देंगे।

### कौन करवा रहा है हमले: पहले ट्रंप अब कमला हैरिस के दफ्तर पर बरसाई गोलियां

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर दो बार जानलेवा हमले हो चुके हैं। अब बीती रात ट्रंप की प्रतिद्वंदी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के दफ्तर पर फायरिंग की घटना हुई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर दोनो उम्मीदवारों को कौन टारगेट कर रहा है। हालांकि अमेरिकी खुफिया एजेंसी अलर्ट कर चुकी हैं कि ईरान अमेरिका में ट्रंप की हत्या कराकर अराजकता फैलाने का षडयंत्र रच रहा है। पुलिस के मुताबिक आधी रात के बाद किसी ने ऑफिस पर गोलियां बरसाई। पुलिस विभाग ने बताया कि डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के चुनावी अभियान के ऑफिस के पास गोलियों से हुए नुकसान का पता चला है। आपको बता दें कि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चुनावी रैली के दौरान दो बार जानलेवा हमले हो चुके हैं। यह घटना डोनाल्ड ट्रम्प पर दूसरी हत्या के प्रयास के कुछ समय बाद हुई है। ट्रंप हमला के आरोप में हवाई के रहने वाले 58 वर्षीय साल रयान राउथ को तब गिरफ़्तार किया गया। सीक्रेट सर्विस ने उन्हें फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में ट्रंप के नेशनल गोल्फ क्लब में एके-47, एक गोप्रो कैमरा और अन्य सामान के साथ छिपे हुए देखा। उस समय, पूर्व राष्ट्रपति उस स्थान पर गोल्फ खेल रहे थे। सीक्रेट सर्विस ने देखते ही गोली चला दी। लेकिन, राउथ कार से भाग गया। हालांकि, बाद में उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया।इससे कुछ दिन पहले, ट्रंप की पेंसिल्वेनिया रैली में एक जानलेवा अटैक हुआ था। हालांकि, वह हमले में बाल-बाल बच गए थे। स्नाइपर्स ने 20 साल हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रूक्स को मार गिराया था। उस हमले में ट्रंप और दो अन्य घायल हो गए।

जन सूचना अधिकारी सार्जेंट रयान कुक ने बताया, 'रात में ऑफिस के अंदर कोई नहीं था। लेकिन, इस घटना ने उस बिल्डिंग में काम करने वालों और आस-पास के लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा करती है।' वहीं, पुलिस के डिटेक्टिव्स घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। वहां, मौजूद सबूतों की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि कर्मचारियों और आम लोगों के लिए उस क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए कथित तौर पर अतिरिक्त उपाय किए जा रहे हैं। कमला हैरिस के लोकल ऑफिस के कर्मचारी जब घटना स्थल पर पहुंचे तो देखा कि सामने की खिड़कियों से गोलियां चलाई गई हैं। यह दूसरी बार है, जब हाल के दिनों में ऑफिस पर गोलियां चलीं हैं। पुलिस ने बताया कि 16 सितंबर को आधी रात के ठीक बाद, सामने की खिड़कियों पर बीबी गन या पेलेट गन से गोली चलाई गई।

# असली एवं नकली उर्वरकों की पहचान वैज्ञानिक तकनीक से करें

**खेती में प्रयोग में लाए जाने वाले कृषि निवेशों में सबसे मंहगी सामग्री रासायनिक उर्वरक है। उर्वरकों के शीर्ष उपयोग की अवधि हेतु खरीफ एवं रबी के पूर्व उर्वरक विर्निमाता फैक्ट्रियों तथा विक्रेताओं द्वारा असली को मिलावटी उर्वरक बनाने एवं बाजार में उतारने की कोशिश होती है। इसका सीधा प्रभाव किसानों पर पड़ता है। नकली एवं मिलावटी उर्वरकों की समस्या से निपटने के लिए यद्यपि सरकार प्रतिबद्ध है फिर भी यह आवश्यक है, कि खरीददारी करते समय किसान भाई उर्वरकों की शुद्धता मोटे तौर पर उसी तरह से परख लें।**





जैसे बीजों की शुद्धता बीज को दांतों से दबाने पर कट्ट और किच्च की आवाज से, कपड़े की गुणवत्ता उसे छूकर या मसलकर तथा दूध की शुद्धता की जांच उसे अंगुली से टपका कर कर लेते है। कृषकों के बीच प्रचलित उर्वरकों में से प्रायः डी ए पी, जिंक सल्फेट, यूरिया तथा एम ओ पी नकली या मिलावटी रूप से बाजार में उतारे जाते है।

उर्वरक की वैज्ञानिक तकनीक से पहचान के लिए शीघ्र किट का विकास केन्द्रीय उर्वरक गुण नियंत्रण एवं परीक्षण संस्थान फरीदाबाद द्वारा किया गया है जिसके द्वारा कृषक या व्यापारी और विद्यार्थी आसानी से परीक्षण कर सकते है।

## रासायनिक घोल तैयार करना

**शीघ्र परीक्षण हेतु रासायनिक घोल तैयार करने की तकनीक, जैसे-**

1. सान्द्र सोडियम हाइड्रोक्साइड (40 प्रतिशत)- 40 ग्राम को 100 मिलीलीटर आसुत जल में घोल कर रख लें।
2. तनु सोडियम हाइड्रोक्साइड (01 प्रतिशत )- 01 मिलीलीटर (40 प्रतिशत) सोडियम हाइड्रोक्साइड आसुत जल में 40 मिलीलीटर बना लें।
3. सिल्वर नाइट्रेट- 1 मिलीलीटर सिल्वर नाइट्रेट को 100 मिलीलीटर आसुत जल में घोलकर रंगीन शीशी में भर लें।
4. कोबाल्टी नाइट्रेट रीजेल्ट- 5 ग्राम कोबाल्टी नाइट्रेट को 50 मिलीलीटर आसुत जल में घोलें। इसमें 25 ग्राम सोडियम नाइट्राइट तथा 2.5 मिलीलीटर ग्लेशियल एसिटिक एसिड मिलाकर अच्छी तरह हिलाकर घोल में तथा आसुत जल से 100 मिलीलीटर कर लें।
5. फेरिक क्लोराइड- 7 ग्राम फेरिक क्लोराइड में 12 ग्राम अमोनियम एसिटेट मिलाकर 100 मिलीलीटर आसुत जल में घोलें।
6. फार्मलडिहाइड- 100 मिलीलीटर (37 से 40 प्रतिशत) फार्मलडिहाइड में 1 मिलीलीटर मेथाइल रेड घोल मिलाकर हिलाएं।
7. पोटेशियम फेरोसाइनाइड- 5 ग्राम को 100 मिलीलीटर आसुत जल में घोल लें।

उर्वरक में मिलावट- उर्वरक की मिलावट प्रायः दो प्रकार से होती है, जैसे-

1. सस्ते उर्वरक को महंगे उर्वरक में मिलाना या सस्ते उर्वरक को महंगे उर्वरक की बोरियों में भरना।
2. उर्वरक विहीन पदार्थो का असली उर्वरक में मिलावट करना या उन्हें उर्वरक की बोरियों में भरना।

## असली उर्वरक में मिलावट के स्रोत

**मुख्य उर्वरकों में निम्न प्रकार की मिलावट की संभावनाएं होती है, जैसे-**

1. युरिया- साधारण नमक
2. डी ए पी- सिंगल सुपर फास्फेट (दानेदार) या रॉक फास्फेट
3. सिंगल सुपर फास्फेट- बालू, राख, जिप्सम की गोलिया
4. कैल्शियम अमानियम नाईट्रेट- क्ले, जिप्सम
5. म्यूरेट ऑफ पोटाश- बालू, साधारण नमक
6. एन पी के- सिंगल सुपर फास्फेट (दानेदार), रॉक फास्फेट, जिप्सम, सस्ती एन पी के (गोली)
7. जिंक सल्फेट- मैगनीशियम सल्फेट
8. कॉपर सल्फेट- बालु, साधारण नमक
9. फेरस सफ्फेट- बालु, साधारण नमक

## असली एवं नकली की पहचान

**असली एवं नकली उर्वरक की पहचान हेतु परीक्षण, जैसे-**

## यूरिया-

**पहली तकनीक-** परखनली में 1 ग्राम यूरिया लें, उसमें 5 मिलिलीटर आसुत जल मिलाकर घोलें। फिर 5 से 6 बूंद सिल्वर नाईट्रेट घोल डालें। यदि सफेद अवक्षेप आता है, तो उर्वकर में मिलावट समझें। यदि अवक्षेप नही बनता तो यूरिया असली शुद्ध है।
**दुसरी तकनीक-**1 ग्राम यूरिया सूखी परखनली में लेकर गरम करें। यदि दाने पिघल जाते हैं, तो यूरिया शुद्ध है। किन्तु यदि कुछ बिना पिघला हुआ पर्दाथ बचता है, तो उसमें मिलावट है।

## डी ए पी-

**पहली तकनीक-** 1 ग्राम पिसे हुए उर्वरक को परखनली में लें और 5 मिलिलीटर आसुत जल मिलाएं। फिर उसमें 1 मिलिलीटर शोरे का तेजाब मिलाकर अच्छी तरह हिलाएं। यदि उर्वरक पूरी तरह घुल जाता है, तो डी ए पी होने सम्भावना है। किन्तु यदि बहुत या अघुलनशील पर्दाथ शेष रहे तो डी ए पी में मिलावट समझना चाहिए।
**दुसरी तकनीक** 1. एक ग्राम पीसे नमूने में चूना मिलाएं और सूंघे, अमोनिया की गन्ध आना नाइट्रोजन की उपस्थिति बताता है। किन्तु यदि गंधहीन हो तो उसमें नाइट्रोजन अनुपस्थित बताता है।
2. एक ग्राम पिसे नमूने का लेकर पानी में घोले फिर फिल्टर पेपर से छानकर उसमें 1 मिलिलीटर सिल्वर नाइट्रेट घोल मिलाएं। यदि पीला अवक्षेप आता है, तो वह फास्फेट की उपस्थिति बताता है।

## म्यूरेट ऑफ पोटाश-

**पहली तकनीक-** 1 ग्राम उर्वरक को परखनली में लेकर 10 मिलिलीटर पानी डालकर अच्छी तरह हिलाएं। अधिकांश उर्वकर घुल जाता है, कुछ अघुलनशील कण पानी में उपर तैरने लगते है यह असली शुद्ध उर्वरक की पहचान है। किन्तु यदि बहुत सा अघुलनशील पदार्थ तलहटी में जमा हो जाए तो उसे मिलावटी समझना चाहिए।
**दुसरी विधि-** उर्वरक को जलती हुई लौ में डालें यदि लौ का रंग पीला हो जाए तो मिलावट होने की संभावना है।

## एन पी के- यौगिक-

**पहली तकनीक-** 1 ग्राम उर्वरक को परखनली में लें एवं 5 मिलीलीटर आसुत जल तथा 1 मिलीलीटर सान्द्र सोडियम हाइड्राक्साइड का मिलाकर गर्म करें फिर लाल लिटमस पेपर को गीला करके परखनली के मुंह पर ले जायें। यदि पेपर का रंग नीला हो जाए तो यह नाइट्रोजन की उपस्थिति को बताता है। किन्तु यदि लिटमस पेपर के रंग में कोई परिवर्तन नहीं हो तो यह नाइट्रोजन की अनुपस्थिति को बताता और खाद नकली समझें।
**दूसरी तकनीक-** 1 ग्राम उर्वरक को 5 मिलीलीटर आसुत जल में घोलकर छान लें। छनित में 0.5 मिलीलीटर फेरिक क्लोराइड का घोल मिलाएं। पीलापन लिए हुए अवक्षेप बनता है जो कि 1 मिलीलीटर सान्द्र शोरे के तेजाब में घुल जाता है वह उर्वरक में फास्फेट होना दर्शाता है।
**तीसरी तकनीक-** 1 ग्राम उर्वरक को 5 मिलीलीटर आसुत जल में घोलकर छान ले। छनित में 2.0 मिलीलीटर फार्मलडिहाइड मिलाएं। अब घोल का रंग लाल हो जाएगा। तनु सोडियम हाइड्राक्साइड के घोल को तब तक मिलाएं जब तक वह पीला न हो जाए, अब इसमें 1 मिलीलीटर कोबाल्टी नाइट्रेट रीजेन्ट मिलाएं। पीला अवक्षेप बनना पोटाश को दर्शाता है।

## सिगल सुपर फास्फेट-

दानेदार या पाउडर 1 ग्राम उर्वरक को 5 मिलीलीटर आसुत जल में घोलकर छान लें। छनित में एक बूंद तनु 2 प्रतिशत अमोनियम हाइड्राक्साइड घोल तथा 1 मिलीलीटर सिल्वर नाइट्रेट घोल को मिलाएं। पीला अवक्षेप बनना फास्फेट की उपस्थिति दर्शाता हैं, किन्तु अवक्षेप न बनना फास्फेट की अनुपस्थिति को दर्शाता है और उर्वरक को नकली समझा जाए।

## जिंक सल्फेट-

एक ग्राम उर्वरक को 5 मिलीलीटर आसुत जल में घोलकर छान लें। छनित को परखनली में लेकर उसमें 8 से 10 बूंदे तन सोडियम हाइड्रोक्साइड मिलाएं। सफेद जैली जैसा अवक्षेप बनता है। अब सान्द्र सोडियम हाइड्रोक्साइड की 10 से 12 बूंदे मिलाएं अवक्षेप का घुल जाना उर्वरक का असली शुद्ध होना दर्शाता है और न घुलना उर्वरक में मिलावट को दर्शाता है।

## कॉपर सल्फेट-

एक ग्राम उर्वरक को 5 मिलीलीटर आसुत जल में घोल लें। नीला पारदर्शक घोल बनता है। उक्त घोल में 1.0 मिलीलीटर पोटाशियम फेरोसाइनाइड मिलाने से भूरे रंग का अवक्षेप बनना कॉपर सल्फेट होना दर्शाता है।

## फेरस सल्फेट-

एक ग्राम उर्वरक को 5 मिलीलीटर पानी में घोल लें तथा उसमें 1.0 मिलीलीटर पोटाशियम फेरोसाइनाइड मिलाने पर नीला अवक्षेप बनना फेरस सल्फेट को दर्शाता है।



# पत्ता गोभी की उन्नत खेती कैसे करें



देश के मैदानी और पहाड़ी दोनों क्षेत्रों में पत्ता गोभी (बंद गोभी) की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। पत्ता गोभी में स्टोरेज क्षमता अधिक होने के कारण इसको बाज़ार की आवश्यकतानुसार कुछ समय तक खेत में रोक भी सकते हैं, अर्थात देर से कटाई कर सकते हैं। कटी हुई पत्ता गोभी का उपयोग सब्जी, कढ़ी, सलाद, अचार, पकौड़ा बनाने में किया जाता है। पत्तागोभी में पाचन शक्ति को बढ़ाने की क्षमता होती है साथ ही मधुमेह रोगियों के लिये भी लाभदायक है। इसमें प्रचुर मात्रा में खनिज, जल तथा विटामिन पाये जाते है। पत्ता गोभी में 91.9 प्रतिशत नमी, 1.8 प्रतिशत प्रोटीन, 0.1 प्रतिशत वसा, 4.6 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 0.039 प्रतिशत कैल्शिम, 0.044 प्रतिशत फास्फोरस, 0.0 08 प्रतिशत लोहा, साथ ही साथ विटामिन ए, विटामिन बी- 1, बिटामिन बी- 2 और विटामिन- सी पाया जाता है। किसान बन्धु वैज्ञानिक तकनीक से इसकी खेती कर के इसकी अधिकतम पैदावार प्राप्त कर सकते है।

## उपयुक्त जलवायु

पौधों की अच्छी बढवार लिए ठंडी तथा आर्द्र जलवायु अच्छी होती है। अधिक ठंड और पाले के प्रकोप से गाठों को नुकसान होता है। वर्षा के समय तापमान अनुकूल से कम रहने पर गाठों का आकार छोटा हो जाता है और गांठ का स्वाद भी खराब हो जाता है। इसकी अच्छी पैदावार के लिए 15 से 20 डिग्री सेंटीग्रेट तापमान सर्वोत्तम होता है।

## उन्नतशील किस्में

पत्ता गोभी की किस्मों को इसके रंग, रूप एवं आकार के आधार पर तीन भागों में बाँटा गया है। पहली अगेती किस्में, दूसरी मध्यम किस्में और तीसरी, पिछेती किस्में जो इस प्रकार है, जैसे- **अगेती किस्में-** गोल्डेन एकर, प्राइड आफ इंडिया, पूसा मुक्ता आदि प्रमुख है।
**मध्यम किस्में-** अर्ली ड्रमहेड, पूसा मुक्त आदि प्रमुख है।
**पछेती किस्में-** पूसा ड्रमहेड, लेट ड्रमहेड- 3 गणेश गोल, हरी रानी गोल आदि प्रमुख है। किस्मों की विस्तृत जानकारी के लिए यहाँ पढ़ें- पत्ता गोभी की किस्में, जानिए विशेषताएं और पैदावार

## भूमि एवं तैयारी

पत्ता गोभी की खेती लगभग सभी प्रकार की मिट्टी में की जा सकती है। परन्तु अच्छी जल निकास वाली दोमट मिट्टी जिसमें जीवांश प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो, इसकी खेती के लिए सर्वोत्तम होती है।

## खाद एवं उर्वरक

पत्ता गोभी की अच्छी पैदावार के लिए खेत में पर्याप्त मात्रा में जीवांश का होना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए खेत में 20 से 25 टन गोबर की खड़ी खाद या कम्पोस्ट तथा 150 किलोग्राम नाइट्रोजन, 60 किलोग्राम फास्फोरस तथा 60 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से आवश्यकता होती है। नाइट्रोजन की एक तिहाई मात्रा, फॉसफोरस तथा पोटाश की पूरी मात्रा अंतिम जुताई के समय खेत में मिला देना चाहिए। शेष नाइट्रोजन की मात्रा को दो बराबर भागों में बाँट कर खड़ी फसल में 30 एवं 45 दिनों पर देनी चाहिए।

## बीज की मात्रा

पत्ता गोभी की अगेती किस्मों के लिए 500 ग्राम प्रति हेक्टेयर बीज की आवश्यकता होती है। पछेती खेती के लिए 300 से 400 ग्राम प्रति हेक्टेयर बीज की जरूरत होती है। पत्तागोभी की अगेती खेती में कुछ पौधों के मरने की संभावना रहती है। इसलिए अधिक बीज की आवश्यकता होती है।

## बुवाई का समय

पत्ता गोभी की अगेती खेती के लिए अगस्त के अंतिम सप्ताह सितम्बर मध्य तक नर्सरी में बीज की बुवाई कर देनी चाहिए। मध्यम एवं पछेती किस्मों लिए 15 सितम्बर से अक्टूबर अंत तक बीज की बुवाई कर देनी चाहिए। बीज की बुवाई यदि समय पर की जाती है तो इसका सीधा प्रभाव उपज पर देखने को मिलता है।

## नर्सरी लगाना

एक हेक्टेयर खेत में पौधा रोपन के लिए 75 से 100 वर्गमीटर की पौधाशाला में बीज की बुवाई करनी चाहिए। पौधाशाला किसी ऊँचे स्थान पर बनाएं जहाँ जल जमाव न हो। पौधशाला की मिट्टी भुरभुरी होनी चाहिए तथा पर्याप्त मात्रा में गोबर की सड़ी हुई खाद या वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करना चाहिए।



## पौधा रोपण

पौधा रोपण के पूर्व खेत को क्यारियों में बाँट लें। इससे निराई-गुड़ाई में सुविधा होगी। सिंचाई के लिए भी क्यारियाँ सुविधाजनक होती है। तैयार पौधा को 45 सेंटीमिटर कतार से कतार और 45 सेंटीमीटर पौधे से पोधे की दूरी पर सायं काल में पौधा की रोपाई कर सिंचाई कर देनी चाहिए।

## सिंचाई प्रबंधन

पत्ता गोभी के पौधों की अच्छी बढवार के लिए मिट्टी में पर्याप्त नमी का होना अत्यंत आवश्यक है। वर्षा ऋतु में यदि पर्याप्त नमी नही हो तो सिंचाई करते रहना चाहिए। सितम्बर के बाद 10 से 15 दिनों के अंतराल पर सिंचाई अवश्य करते रहना चाहिए।

## खरपतवार नियंत्रण

पत्ता गोभी में दो से तीन निकाई-गुड़ाई करने से खरपतवार का नियत्रंण हो जाता है, परन्तु व्यावसायिक स्तर पर खेती के लिए खरपतवारनाशी पेंडीमेथालिन 3 लीटर को 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर छिड़काव रोपने के पहले काफी लाभदायक होता है।

## निकाई-गुड़ाई

पौधों की जड़ों के समुचित विकास के लिए निकाई-गुड़ाई अत्यंत आवश्यक है। ऐसा करने से जड़ों के पास की मिट्टी ढीली होती है तथा हवा का आवागमन अच्छी तरह से होता है। जिसका प्रभाव उपज पर पड़ता है। वर्षा ऋतु में यदि जड़ों के पास से मिट्टी हट गयी हो तो चारों तरफ से हल्की मिट्टी चढ़ा देनी चाहिए।

## कीट एवं रोकथाम

**पत्ती भक्षक कीट-** इसमें आरा मक्खी, फली बीटल, पत्ती भक्षक लटें, हीरक तितली, गोभी की तितली, तम्बाकू की इल्ली मुख्य है। ये कीट पत्ता गोभी की पत्तियों को खाकर काफी नुकसान पहुंचाते है।
**रोकथाम-** इन कीटों की रोकथाम के लिए नीम बीज अर्क (4 प्रतिशत) या बी टी 1 ग्राम प्रति लीटर या स्पिनोसैड 45 एस सी 1.0 मिलीलीटर प्रति 4 लीटर या एमामेक्टिन बेंजोएट 5 एस सी 1.0 ग्राम प्रति 2.0 लीटर या क्लोरऐन्ट्रसनिलिप्रोल 18.5 एस सी 1.0 मिलीलीटर प्रति 10 लीटर या फेनवैलरेट 20 ई सी 1.5 मिलीलीटर प्रति 2 लीटर पानी का छिड़काव करें।
**मोयला-** ये कीट पत्ता गोभी की पत्तियों से रस चूसकर हानि पहुंचाते है। जिससे पौधे कमजोर हो जाते है और पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
**रोकथाम-** डाइमेथोएट 30 ई सी 2.0 मिलीलीटर प्रति लीटर या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस एल, 1.0 मिलीलीटर प्रति 3 लीटर पानी का छिड़काव करें।

# पहले टेस्ट में क्षमता के अनुसार नहीं खेले : हथुरुसिंघे

कानपुर (ईएमएस)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे को लगता है कि उनकी टीम ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं किया। कोच को हालांकि उम्मीद है कि अब उनकी टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में बेहतर प्रदर्शन करेगी। पहले टेस्ट में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांटो और अनुभवी शाकिब अल हसन ने पहली पारी में अच्छी शुरुआत पर वे बड़ी पारी नहीं खेल पाये। वहीं दूसरी पारी में बल्लेबाज जाकिर हसन और शादमान इस्लाम भी अच्छी शुरुआत के बाद रन नहीं बना पाये। हथुरुसिंघे ने कहा, 'हम इस प्रकार से आउट होने को लेकर थोड़े चिंतित हैं क्योंकि जब भी हम बात करते हैं तो यही कहते हैं कि अगर आपको अच्छी शुरुआत मिलती है तो उसे बड़े स्कोर में बदलो। हमारे कुछ खिलाड़ियों ने क्रीज पर पर्याप्त समय बिताया पर वह इसका लाभ नहीं उठा पाए। उन्होंने कहा, ' भारतीय टीम अलग-अलग चुनौतियां पेश कर रही है। हम ये अच्छी तरह जानते हैं। इसलिए दूसरे टेस्ट में हमें लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी होगी। बांग्लादेश की टीम में बाएं हाथ से खेलने वाले पांच खिलाड़ी हैं जिनमें शीर्ष चार स्थान में बल्लेबाजी करने वाले मोमिनुल हक भी शामिल हैं। ग्रीन पार्क की पिच से स्पिनर को मदद मिल सकती है जिससे दोनों टीम अपने एक तेज गेंदबाज को बाहर कर सकते हैं। लेकिन हथुरुसिंघे ने कहा कि उन्हें अभी नहीं पता कि किस विकेट पर मैच खेला जाएगा।

### शाकिब को बांग्लादेश लौटने पर बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा : शहरयार

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के क्रिकेट संचालन प्रभारी नफीस ने कहा है कि स्वदेश लौटने पर शाकिब अल हसन को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा। शाकिब पर अवामी लीग सरकार के साथ रहते हुए हत्या के आरोप लगे हैं। वह इसके बाद बांग्लादेश दौरे पर गये थे तभी उनपर मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में शाकिब के साथ कुल 147 लोगों के नाम हैं। शाकिब इसी साल जनवरी में संसद सदस्य बने थे। इसलिए उनपर दंगे भड़काने और हत्या कराने के आरोप लगे थे। छात्रों के नेतृत्व में देश में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद 5 अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफ देकर बांग्लादेश से बाहर चली गयी थीं। नफीस के अनुसार शाकिब को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें लगता है कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि इस क्रिकेटर स्टार को बांग्लादेश में नहीं खेलना चाहिए। नफीस ने कहा कि मुझे लगता है कि माननीय मुख्य सलाहकार, कानून सलाहकार और खेल सलाहकार ने शाकिब अल हसन के संबंध में बहुत स्पष्ट रूप से बात की है। बांग्लादेश सरकार की ओर से स्पष्ट संदेश है कि जो मामले दर्ज किए गए हैं उनमें किसी को भी गलत तरीके से परेशान नहीं किया जाएगा।

### कानपुर टेस्ट में बारिश की आशंका


भारत और बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से यहां होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में बारिश बाधा बन सकती है। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 1-0 से आगे है। ऐसे में मेजबान भारतीय टीम का लक्ष्य दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करना रहेगा। वहीं मेहमान टीम बांग्लादेश भी सीरीज बराबर करने पूरी ताकत लगा देगी। प्रशंसक भी इस मैच को बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं पर बारिश उनके सपनों पर पानी फेर सकती है। इसका कारण है कि मौसम विभाग 27 से 30 सितंबर तक भारी बारिश की आशंका जतायी है। अगर ऐसा होता है तो पहले तीन दिनों का खेल बारिश के कारण धुल जाएगा। अगर ऐसा होता है तो भारतीय टीम के कानपुर में जीत के साथ ही सीरीज में 2-0 की जीत की संभावना को झटका लगेगा। ऐसे में भारतीय टीम चाहेगी कि बारिश न हो। वहीं मौसम विभाग के अनुसार, टेस्ट मैच से पहले और उसके दौरान बारिश की संभावना काफी अधिक है। 26 सितंबर खेल की पूर्व संध्या पर, बारिश की 79 फीसदी संभावना है। 27 सितंबर को मैच के पहले दिन, पूरे दिन गरज के साथ बारिश की संभावना 92 फीसदी बढ़ जाती है। 28 सितंबर को बारिश की संभावना 80 फीसदी और 29 सितंबर को कम होकर 59 फीसदी रही है। वहीं अगले दो दिन कम बारिश का अनुमान है।

### भारत- बांग्लादेश के बीच 6 से शुरु होगी टी20 सीरीज

भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज समाप्त होने के बाद एक टी20 सीरीज खेली जाएगी। दोनों ही टीमों के बीच टी20 सीरीज 6 अक्टूबर को शुरू होगी और इसमें 3 टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। पहला टी20 6 अक्टूबर को, दूसरा 9 अक्टूबर को और तीसरा टी20 12 अक्टूबर को खेला जाएगा। इस सीरीज में भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। अंतिम बार दोनों टीमें टी20 विश्वकप 2024 में आमने-सामने आई थीं जहां भारतीय टीम को 50 रनों से जीत मिली थी। टी20 सीरीज की लाइव स्ट्रीमिंग होगी । इसके अलावा इसे ओटीटी पर भी देखा जा सकेगा। इस सीरीज के लिए अभी तक दोनों टीमों की घोषणा नहीं हुई है। भारत और बांग्लादेश के बीच अब तक कुल 14 टी20 में मैच हुए हैं. जिसमें से भारतीय टीम ने 13 जीते हैं जबकि बांग्लादेश 1 बार ही जीता है। बांग्लादेश की टीम किसी भी प्रारुप में भारतीय टीम से जीत नहीं पायी है।



मकाओ में महिलाओं के एकल क्वालीफायर में खेलती हुई थाईलैंड की पिटमैन ओपाटिनपथ।



बीजिंग में चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अभ्यास सत्र में भाग लेती हुई स्थानीय खिलाड़ी झेंग क्वींविन।

## ग्रीन पार्क में बदले-बदले से होंगे हालात

मुम्बई (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 27 सितंबर से कानुपर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम इस सीरीज में अभी 1-0 से आगे है और उसका लक्ष्य दूसरा मैच भी जीतकर 2-0 से सिरीज पर कब्जा करना रहेगा। वहीं मेहमान टीम बांग्लादेश दूसरे मैच को जीतकर वापसी करने उतरेगी हालांकि ये इतना भी आसान नहीं होगा। इसका कारण है कि कानपुर में हालात काफी बदले-बदले से होंगे। यहां की पिच चेन्नई की पिच से काफी अलग है, ऐसे में अंतिम ग्यारह भी अलग होना तय है। जहां चेन्नई टेस्ट की पिच लाल मिट्टी वाली थी वहीं कानपुर में काली मिट्टी का उपयोग हुआ है। मिट्टी अलग होने की वजह से पिच भी अलग तरीके की होगी। कानपुर में पिच फ्लैट रहेगी और उछाल कम होगा। वहीं समय के साथ ही विकेट सपाट होता जाएगा। पहले टेस्ट में स्पिनर छाये रहे थे। इस कारण दोनो ही टीमों ने दो-दो स्पिनर शामिल किये थे और वे सफल भी रहे थे पर कानपुर में विकेट समय के साथ धीमा होता जाएगा। ऐसे में यहां भी स्पिनरों को सहायता मिल सकती है जिससे टीम दो से अधिक स्पिनर शामिल कर सकती हैं। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में आर अश्विन और रवींद्र जडेजा को शामिल किया था पर यहां तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को भी शामिल किया जाएगा।

# कंगारुओं का एक साल से जारी जीत का सिलसिला रुका

**हैरी के शतक से इंग्लैंड ने तीसरे एकदिवसीय में ऑस्ट्रेलिया को हराया**

चेस्टर ली स्ट्रीट (ईएमएस)। कप्तान हैरी ब्रूक के शानदार शतक से इंग्लैंड ने 5 मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के तीसरे मुकाबले में विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया। इस हार के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम का पिछले एक साल से चला आ रहा जीत का सिलसिला रुक गया। ऑस्ट्रेलियाई टीम को लगातार 14 जीत के बाद पहली हार मिली है। हैरी ने इस मैच में आक्रामक बल्लेबाज करते हुए नाबाद 110 रन बनाये। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सीरीज में वापसी भी कर ली है हालांकि वह सीरीज में अभी भी 1-2 से पीछे है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले दोनो मैच जीते थे।

वहीं ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 304 रन बनाये। इसके बाद जीत के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने आक्रामक बल्लेबाजी की। इसका कारण था कि मैच में बारिश का साया मंडरा रहा था। हैरी ने शुरुआती विकेट गिरने के बाद भी तूफानी खेल जारी रखा। जिससे 38वें ओवर में जब बारिश आई तो इंग्लैंड की टीम डकवर्थ लुइस नियम के अनुसार लक्ष्य से 46 रन आगे पहुंच गयी। इस प्रकार उसने ये मैच 46 रनों से जीत लिया।

ऑस्ट्रेलिया की टीम को करीब एक साल बाद हार का सामना करना पड़ा है।

इंग्लैंड की जीत में हैरी ब्रूक के अलावा विल जैक्स की भी अहम भूमिका रही। जब ये दोनो बल्लेबाजी कर रहे थे तब टीम ने 11 रनों पर ही 2 विकेट खो दिये थे। ऐसे में इन दोनों बल्लेबाजों ने गेंदबाजों पर हमला बोल दिया। इसका अंदाजा इसी से लगता है कि हैरी और जैक्स ने 147 गेंद में 6 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 156 रन बना दिये। जैक्स ने 82 गेंद में 84 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद जैमी स्मिथ भी 7 रन ही बना पाये। हैरी 94 गेंद पर 110 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं लियाम लिविंग्सटन ने 20 गेंद पर 33 रन बनाये।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने एलेक्स कैरी 77और स्टीव स्मिथ 60 के अर्धशतकों की सहायता से 7 विकेट पर 304 रन बनाए। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल 30 और एरॉन हार्डी 44 ने भी अंत में अच्छी बल्लेबाजी की।

## मुरलीधरन के रिकार्ड के करीब पहुंचने के लिए अश्विन और लायन में है मुकाबला

कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन अभी टेस्ट क्रिकेट में 522 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले सात गेंदबाजों में शामिल है। अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में छह विकेट लिए। ऐसे में माना जा रहा है कि अश्विन ऐसे ही गेंदबाजी करते रहे तो वह श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन का 800 टेस्ट विकेट का रिकॉर्ड तोड़ सकते है हालांकि ये इतना आसान भी नहीं है। 800 विकेट तक पहुंचने के लिए अश्विन को अभी कम से कम 40-50 टेस्ट और खेलने होंगे पर 38 साल की उम्र में यह असंभव सा नजर आता है। इस कारण है कि टेस्ट मैचों की संख्या भी लगातार घट रही है। अश्विन ने अपने 13 साल के करियर में सिर्फ 101 टेस्ट खेले हैं, जो यह संकेत देता है कि 800 विकेट का रिकार्ड हासिल करना उनके लिए बेहद मुश्किल है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन ने 129 टेस्ट मैचों में 530 विकेट लिए है और उनके मुरली के करीब पहुंचने की अधिक संभावना है। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया भारत की तुलना में अधिक टेस्ट मैच खेलता है। फिर भी अभी के औसत और स्ट्राइक रेट को देखते हुए, लायन के लिए भी यह लक्ष्य असंभव सा है। अंत ऐसे में मुरलीधरन का 800 विकेट का रिकॉर्ड अभी बना रहेगा। सात गेंदबाजों में लायन और अश्विन के अलावा अन्य सभी ने संन्यास ले लिया है। ऐसे में अब अश्विन और लायन में ही मुकाबला है।

दोनों मौजूदा समय के सबसे सफल ऑफ स्पिनर माने जाते हैं। अश्विन ने अब तक 101 टेस्ट मैचों में 522 विकेट लिए हैं, जबकि लायन ने 129 टेस्ट मैचों में 530 विकेट चटकाए हैं। अश्विन का स्ट्राइक रेट 50.51 है, यानी वे हर 50 गेंद पर एक विकेट लेते हैं, जबकि लायन का स्ट्राइक रेट 61.81 है।

## सिंधु का लक्ष्य 2026 एशियाई खेलों में बेहतर प्रदर्शन करना



हैदराबाद (ईएमएस)। महिला बैडमिंटन स्टार शटलर पीवी सिंधु का लक्ष्य 2026 में होने वाले एशियाई खेलों में बेहतर प्रदर्शन करना है। इसके लिए वह कोच की तलाश भी कर रही हैं। वह इस सत्र की शुरुआत अर्कटिक ओपन से करेगी। इसके लिए अभ्यास करने ही वह हैदराबाद लौटी हैं। सिंधु का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा। सिंधु इस बार पेरिस ओलंपिक में कोई भी पदक नहीं जीत पायी पर वह इससे निराश नहीं है। सिंधु के नाम दो ओलंपिक पदक है। इस खिलाड़ी ने साल 2016 के रियो ओलंपिक में रजत और 2021 के टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में वह क्वार्टर फाइनल में ही बाहर हो गयीं थीं। सिंधु लॉस एंजेलिस ओलंपिक तक 33 साल की हो जाएंगी। ऐसे में उनका अगले ओलंपिक में खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है। अगर वह खेलती भी हैं तो भी उनके लिए पदक जीतना आसान नहीं रहेगा। इसी को देखते हुए वह एशियाई खेलों की तैयारी पर ध्यान दे रही हैं और उसी के लिए उन्हें कोच की जरुरत है। इसी कारण वह बेंगलुरु छोड़ हैदराबाद भी लौटी हैं। सिंधु के पिता पीवी रमन ने कहा कि उनकी बेटी अब कुछ समय तक अनूप श्रीधर के साथ ट्रेनिंग करेंगी। सिंधु ये ट्रेनिंग हैदराबाद के ही गाचीबावली स्टेडियम में लेंगी। वह बेंगलुरु से इसलिए लौटीं क्योंकि वहां कोई कैंप नहीं चल रहे हैं।

## ग्रीनपार्क में प्रशंसक विराट व रोहित से बड़ी पारियां चाहेंगे

मुम्बई (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में 27 सितंबर से होने वाले मुकाबले में सभी की नजरें भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाजी विराट कोहली पर लगी रहेंगी। रोहित और विराट पहले टेस्ट की दोनो ही पारियों में अधिक रन नहीं बना पाये थे। ऐसे में प्रशंसक अब इनसे बड़ी पारी चाहेंगे। इस मैच में रोहित और विराट को अपने अनुभव और नाम के अनुसार प्रदर्शन करना होगा। कानपुर में मौजूदा टीम इंडिया के अधिकतर खिलाड़ियों ने 1-1 टेस्ट मैच खेला है। विराट और रोहित के नाम यहां टेस्ट शतक भी है। ऐसे में टीम और प्रशंसकों को उनसे अधिक उम्मीदें रहेंगी। कानपुर में पिच काली मिट्टी की होगी। इस पिच का व्यवहार कब बदल जाए कुछ कहा नहीं जा सकता जबकि चेन्नई में लाल मिट्टी वाली पिच पर स्पिनर हावी रहे थे पर अब टीम कानपुर पहुंच गयी है। यहां हुए पिछले मुकाबलों को देखा जाए, तो अभी तक यहां अधिकतर हुए टेस्ट मुकाबलों में गेंद की उछाल कम आंकी गई है पर यहां तेज गेंदबाज भी हावी रहे हैं।

# ऋषभ की धमाकेदार वापसी देखकर डरे हुए हैं कमिंस

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई स्टार ऑलराउंडर पैट कमिंस पंत ने कहा है कि भारतीय टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टेस्ट क्रिकेट में धमाकेदार वापसी की है। ऐसे में वह इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। कमिंस ने कहा कि जिस प्रकार कार हादसे के बाद भी इस भारतीय बल्लेबाज ने खेल में आक्रामक वापसी की है उसको लेकर वह डरे हुए हैं।

ऋषभ ने बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में तेजी से शतक जमाया। उन्होंने दूसरी पारी में 109 रन बनाए।

भारत ने साल 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में टेस्ट सीरीज में हराकर इतिहास रचा था। इसके बाद टीम इंडिया ने 2020-21 में भी ये कारनामा जारी रखा था। तब ऋषभ ने दो मैचों में अहम पारियां खेल ऑस्ट्रेलिया की जीत को हार में बदल दिया था। वहीं इस बार भारतीय टीम ये सीरीज जीतकर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने की हैट्रिक लगाना चाहेगी।

कमिंस ने सीरीज की शुरुआत से पहले कहा कि, हर टीम के पास कुछ ऐसे खिलाड़ी होते हैं जो मैच छीन सकते हैं और ऋषभ ऐसा ही एक खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि, हर टीम के पास एक या दो ऐसे खिलाड़ी होते हैं जो मैच को चलाते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पास ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श जैसे आक्रामक खिलाड़ी हैं। उनके पास भी मैच में बदलाव लाने की क्षमता है।

ऋषभ रिवर्स लैप खेलता है , यह एक अविश्वसनीय शॉट है पर यह उसके खेल का हिस्सा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आजकल हम इसके थोड़े अधिक आदी हो गए हैं आजकल कुछ अनूठे और हास्यास्पद शॉट थोड़े अधिक आम हो गए हैं। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने कई सीरीजों पर बड़ा प्रभाव डाला है इसलिए हम उसपर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे।

# इस बार टी20 महिला विश्वकप क्रिकेट में जीतेगी भारतीय टीम : हरमनप्रीत कौर



मुंबई (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि इस बार हमारी टीम काफी अच्छी है और हम टी20 विश्वकप जीतेंगे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारी टीम इस बार विश्व चैम्पयन ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी हरा देगी। 20 विश्व कप अगले माह यूएई में खेला जाएगा। भारतीय टीम साल 2020 टी20 विश्वकप के फाइनल में पहुंची थी पर तब ऑस्ट्रेलिया के हाथों उसे हार का सामना करना पड़ा था। उस समय भारतीय टीम को 185 रनों का लक्ष्य मिला था जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम 99 रनों पर ही सिमट गयी थी पर हरमनप्रीत का मानना है कि उनकी टीम इस बार कोई गलती नहीं करेगी।

हरमनप्रीत ने यूएई रवाना होने से पहले कहा कि इस बार हमारी टीम अच्छी लय में जिससे हमें जीत का भरोसा है। साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम जानती है कि भारतीय टीम में उसे हराने की क्षमता है। मुझे लगता है कि यह वास्तव में सकारात्मक संकेत है। हम जानते हैं कि जब भी हम उनके खिलाफ खेलेंगे, हम उन्हें हरा सकते हैं किसी भी दिन, किसी भी समय। इतने सालों के बाद खिताब जीतना हमारे लिए एक बड़ा अवसर रहेगा। वे जानते हैं कि हमारी टीम मजबूत है और हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। इसलिए वे भी हमारे खिलाफ मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं। हरमनप्रीत ने कहा कि अगर मैं अपनी टीम के बारे में बात करूं तो हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं जो काफी समय से खेल रहे हैं और जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है और मैं कह सकता हूं कि हां, यही सर्वश्रेष्ठ टीम है। साल 2022 में टी20 विश्व कप के में भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी पर उस समय भी उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। हुआ। भारतीय टीम के मुख्य कोच अमोल मुजुमदार ने कहा कि इस बार टीम के सभी खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे शीर्ष छह बल्लेबाज सर्वश्रेष्ठ हैं। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

## फुटबॉल लीग : एम्बाप्पे के गोल से रियाल मैड्रिड जीता

मैड्रिड (ईएमएस)। स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे के शानदार गोल से रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। वहीं एम्बाप्पे ने पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। एम्बाप्पे ने खेल के 40वें मिनट में एक शानदार गोल किया। इस खिलाड़ी को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान से बाहर जाना पड़ा। एम्बाप्पे के अलावा लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल दागे। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में 39 मैच जीता। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल रहे। वहीं अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की सहायता से वापसी के अच्छे प्रयास किये पर अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बाद भी गोल नहीं कर पाये। एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में 9 मैचों में सात गोल हो गए हैं।

## आईपीएल 2025 सत्र के लिए केकेआर श्रेयस , रिंकू को कर सकती है रिटेन , स्टार्क बाहर होंगे

मुम्बई (ईएमएस)। आईपीएल 2025 सत्र के लिए सभी फ्रैंचाइजी अपनी-टीमों का लेकर विचार कर रही हैं। इसमें गत विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) भी शामिल है। माना जा रहा है कि केकेआर कप्तान श्रेयस अय्यर को टीम में बनाये रखेगी। अय्यर की कप्तानी में ही उसे 2024 सत्र में जीत मिली थी। वहीं अपने प्रमुख खिलाड़ी रिंकू सिंह को भी बनाये रखेगी। रिंकु के लिए वह अनुबंध राशि भी 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए कर सकती है।

इसके अलावा ऑलराउंडर सुनील नरेन को भी बरकरार रखा जाना तय है। नरेन के अलावा हिटर आंद्रे रसेल को भी रखा जाना तय है। इसके अलावा गत सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले फिल साल्ट का भी रखा जा सकता है। .वहीं पिछले सत्र के सबसे महंगे तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को बाहर किया जा सकता है। इसका कारण है कि आईपीएल में इस बार दिसंबर में मेगा नीलामी होगी जिसमें फ्रेंचाइजी को 18 से 20 खिलाड़ी खरीदने पड़ सकते हैं। इसके लिए केकेआर को अधिक रकम रखनी होगी ऐसे में स्टार्क को रिलीज किया जा सकता है। टीम हालांकि नीलामी में उन्हें दोबारा खरीद सकती है। वहीं केकेआर की ओर से कई साल से खेल रहे वेंकटेश अय्यर और वरुण चक्रवर्ती को टीम से बाहर किया जा सकता है। इसका कारण है कि फ्रेंचाइजी अधिकतम 5 या 6 खिलाड़ी ही बरकरार रख सकेगी।

## एमसीसी ने भारत-इंग्लैंड लॉर्ड्स टेस्ट के लिए टिकटों के दाम घोषित किये

लंदन (ईएमएस)। मेरिलबोर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अगले साल भारत के साथ होने वाली सीरीज के लिए टिकटों की कीमतें तय कर दी हैं। इसी के तहत ही लॉर्ड्स टेस्ट के पहले तीन दिनों के लिए न्यूनतम 90 यूरो (तकरीबन 8400 भारतीय रूपये टिकट रखा गया है जबकि प्रमुख स्टैंड्स के टिकटों की कीमत 120 यूरो से 175 यूरो (करीब 11,200 रूपये से 16,330 रूपये) रखी गयी है। इस प्रकार की राशि को लेकर लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि इस साल श्रीलंका के ख़िलाफ़ हुए लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान भी कुछ प्रमुख स्टैंड्स के टिकट 115 यूरो से 140 यूरो लगभग 10,730 रूपये से 13065 रूपये के टिकट मूल्य रखे गये थे जिसके कारण कई स्टैंड्स खाली थे। ऐसे में चौथे दिन का खेल देखने के लिए केवल 9000 टिकट ही बिक पाये थे। ये स्टेडियम की क्षमता के एक-तिहाई से भी कम था। वहीं तब एमसीसी को चाय के बाद के टिकट का दाम 15 यूरो (1400 रूपये) और 5 यूरो (470 रूपये) (अंडर-16 के लिए) करना पड़ा, लेकिन तब तक काफ़ी समय हो गया था। मैच के बाद इंग्लैंड के कप्तान ऑली पोप ने कहा था, यह टेस्ट मैच का अच्छा दिन था पर स्टेडियम भरा हुआ नहीं था जिससे हमें निराशा हुई। तब एमसीसी के मुख्य कार्यकारी और सचिव जी लेवेंडर ने कहा कि हम चौथे दिन के टिकट की कीमतों का एक बार फिर मूल्यांकन करेंगे। वहीं भारत के ख़िलाफ़ मैच के चौथे दिन के खेल के लिए 90 यूरो (8400 रूपये) से 150 यूरो (14000 रूपये) के टिकट को रखा जाएगा। एमसीसी कहना है कि इंग्लिश टेस्ट कैलेंडर में ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत दूसरी सबसे बड़ी मेहमान टीम है। इसके कारण टिकट के दाम अधिक रहेंगे।

## प्रो रेसलर रिक ने 75 साल की उम्र में लिया तलाक

न्यूयार्क (ईएमएस)। नामी प्रो रेसलर रिक फ्लेयर ने 75 साल की उम्र में तलाक लेकर अपने प्रशंसकों को हैरान कर दिया। रिक की पत्नी वेंडी बार्लो 64 साल की हैं और ये दोनो छह साल साथ रहने के बाद अलग हो रहे हैं। रिक की यह उनकी पांचवीं शादी थी, जो साल 2018 में हुई थी। फ्लेयर ने सोशल मीडिया में लिखा, वेंडी के साथ सफर अच्छा रहा। हर जोड़े की तरह हमने भी अपने उतार-चढ़ाव झेले हैं। अब हमने सम्मानपूर्वक अलग होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि साल 2017 में जब वह शारीरिक रूप से कठिन हालातों से गुजर रहे थे, तब वेंडी ने उनकी बहुत मदद की, और इसके लिए वह हमेशा आभारी रहेंगे। फ्लेयर ने साथ ही कहा, हम अभी समय में विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं, और व्यस्त होने के कारण एक दूसरे को समय देना कठिन है। मैं उन्हें उनके काम के लिए शुभकामनाएं देता हूं और मुझे पता है कि वह मेरे काम का समर्थन करती हैं।" रिक ने वेंडी से सितंबर 2018 में शादी की थी। दोनों ने पहले जनवरी 2022 में कुछ समय के लिए अलग होने की घोषणा की थी, लेकिन फिर से साथ आ गए थे। वेंडी, फ्लेयर की पांचवीं पत्नी हैं; उनकी पहली चार पत्नियां लेस्ली गुडमैन, एलिजाबेथ हैरेल, टिफनी वैनडेमार्क और जैकलीन बीम्स थीं। फ्लेयर के चार बच्चे हैं, जिनमें से दो गुडमैन से और दो हैरेल से हैं। फ्लेयर ने पिछले कुछ वर्षों में कुश्ती में वापसी की है। उनका आखिरी मैच 2022 में हुआ था, जिसमें वह अपने दामाद हैरेल के साथ एक टैग-टीम में थे।

## चार साल के करियर में अर्जुन ने करोड़ों रुपये कमाये

मुम्बई (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर अभी तक भारतीय टीम में तो जगह नहीं बना पाये हैं पर घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में खेलकर काफी संपत्ति बनाने में सफल रहे हैं। अर्जुन पहले मुंबई और अब गोवा की ओर से खेलते हैं। अर्जुन ने 2021 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस की ओर से भी खेला था। तब उन्हें मुम्बई ने नीलामी में 20 लाख रुपये में खरीदा था। वहीं 2022 की मेगा नीलामी में, उन्हें फिर से मुंबई इंडियंस ने 30 लाख रुपये में बनाये रखा। 2023 के आईपीएल सत्र में, अर्जुन ने कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेला। 2024 तक, अर्जुन की कुल संपत्ति लगभग 21 करोड़ रुपये पहुंच गयी है, ये उन्होंने आईपीएल और घरेलू क्रिकेट से कमाई है। अर्जुन ने अपने चार साल के आईपीएल करियर में अब तक 1 करोड़ रुपये कमाए हैं, जो मुख्य रूप से उनके अनुबंध और वेतन से मिले। अर्जुन हालांकि अभी तक वह उस स्तर का प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसकी उम्मीद उनसे की जा रही थी। इस कारण से उन्हें अब तक ब्रांड एंडोर्समेंट, प्रमोशन या विज्ञापन के अवसर नहीं मिले हैं। इसके बाद भी अर्जुन पूरे उत्साह से अपने करियर को आगे बढ़ाने में लगे हैं। उन्हें भी कारों का शौक है। ऐसे में उनके पास भी बीएमडब्ल्यू i8, पोर्श कैयेन और निसान जीटीआर जैसी लग्जरी कारें हैं। इनकी कीमत करोड़ों में है।

## पाक ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए घोषित की टीम, शाहीन की वापसी

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान ने अगले माह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित दी है। तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की इस टीम में वापसी हुई है। शाहीन को खराब प्रदर्शन के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। वहीं अब चयन समिति ने उन्हें एक बार फिर टीम में शामिल किया है। पाक और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मुल्तान में खेला जाएगा। इसके लिए बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली को खुर्रम शहजाद की जगह शामिल किया है। नोमान ने 15 टेस्ट मैचों में 47 विकेट लिए हैं। वहीं खुर्रम चोटिल होने के कारण बाहर है। वहीं कामरान गुलाम और मोहम्मद अली को बाहर कर दिया गया है। तेज गेंदबाज शाहीन की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में वापसी हुई है। वहीं पाक टेस्ट टीम के मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा है कि राष्ट्रीय टीम के लिए शामिल खिलाड़ियों को चैंपियंस वन-डे कप प्लेऑफ से हटा दिया जाए जिससे खिलाड़ियों को टेस्ट सीरीज से पहले आराम मिल सके। गिलेस्पी ने कहा, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम के कारण, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले हमारे खिलाड़ियों को कुछ आराम देना जरुरी है।

